बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-257, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रॉउन इवार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज 18

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख 17

चुनावी भाषण के दौरान नितिन गडकरी बेहोश

यवतमाल। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने ''एक्स'' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।

दूसरे चरण की 88 सीटों पर मतदान कल

- 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

इन राज्यों की इतनी सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

उप्र में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। सभी सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदान केंद्रों पर समुचित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे।

एक नजर

इन्वेस्ट ट्रेडिंग के नाम पर 95 लाख की ठगी

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ में ऑनलाइन इन्वेस्ट ट्रेडिंग में निवेश करने के नाम पर 95 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने शिकार बने व्यक्ति को उसके कॉलेज के दोस्त की पुरानी फोटो टेलीग्राम एप पर लगाकर धोखा दिया। गांव पक्का सहारन निवासी सुनील कुमार जाट ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर थाने में 94 लाख 70 हजार 300 रुपये की ठगी का मामला दर्ज हुआ है, जिसकी जांच उपाधीक्षक अरुण कुमार द्वारा की जा रही है।

पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। राजधानी में सक्रिय एक आदतन नशा तस्कर को देहरादून पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहली बार जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट गृह सचिव को भेजी तो उन्होंने आरोपी को पांच सप्ताह के लिए जेल में बंद करने के निर्देश दिए। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रायपुर थाने में एसओ कुंदन राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन नशा तस्करों के खिलाफ किया गया। सक्रिय नशा तस्करों को चिह्नित किया गया।

देश में शरिया कानून और तालिबानी बर्बरता चाहती है कांग्रेस : योगी

कांग्रेस पर जमकर बरसे योगी, इंडी गठबंधन की नियत पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नीयत पर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे थे। इससे पहले उन्होंने पार्टी कार्यालय में मीडिया सेंटर की शुरुआत भी की। योगी ने यहां कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात है।

मुख्यमंत्री के अनुसार कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य पार्टीजन मौजूद रहे।

मीडिया से रूबरू

- कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की
- मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में दिखाई दिए आधी आबादी के अपमान के इरादे

डीसीएम-ट्रक की टक्कर में 4 की मौत

- एक अन्य हादसे में कार पलटने से तीन की थमीं सांसें

कानपुर देहात : दो थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। कानपुर नगर के घाटमपुर कस्बा निवासी राहुल (18), सुलखान (55), रामबाबू (27) और बिधनू थाना क्षेत्र के छत्तापुरवा गांव निवासी अजय (42) अलग-अलग राज्यों में जाकर चप्पल की बिक्री करते थे। मंगलवार रात अपने गांव आ रहे थे। देर रात वह पुखरायां से एक डीसीएम में बैठे। मुगल रोड पर मूसानगर थाना क्षेत्र के अकबराबाद गांव के समीप डीसीएम तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। इससे सभी उसी में फंस गए। डीसीएम के अंदर फंसे मजदूरों व चालक को बाहर निकालकर पुखरायां सीएचसी भेजा। जहां सुलखान व अजय को मृत घोषित कर दिया। इलाज के दौरान रामबाबू की भी मौत गई।

इसी क्रम में गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला गांव निवासी राकेश की बारात जनपद हमीरपुर के कदौरा गई थी। रात में भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के पास चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर खड्डे में जा गिरी। जिसमे रघुनाथ (35) कुंवर लाल (75) व छोटेलाल (48) की मौके पर मौत हो गई अन्य घायलों का ईलाज चल रहा है।

दो बच्चों को यमुना में फेंक खुद भी कूदी मां

संवाददाता, कमासिन (बांदा)

- पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीनों के शव को निकाला
- पति से झगड़ने के बाद महिला ने उठाया आत्मघाती कदम

अमृत विचार : पति से झगड़कर एक महिला ने बुधवार की शाम पुल के ऊपर से पहले बेटी, फिर बेटे को यमुना नदी में फेंक दिया और फिर खुद पुल से नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों की लाशें बरामद कर ली हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

कमासिन थाना क्षेत्र के दादौं गांव निवासी राजेश निषाद अपनी पत्नी मंटू देवी (26) के साथ मंगलवार को फतेहपुर जनपद के किशनपुर क्षेत्र के एक भट्ठे से वापस घर आया था। राजेश टीबी का मरीज है। बुधवार सुबह वह दवा लेने के लिए सीएचसी गया था। दोपहर में दवा लेकर घर वापस पहुंचा। पत्नी मंटू ने कुछ देर बाद ही ईंट पथाई के लिए भट्ठा चलने की जिद पकड़ ली। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया।

राजेश ने पत्नी को समझाते हुए धूप कम होने पर चलने की बात कही, लेकिन पत्नी अपनी जिद पर अड़ी रही। इसके बाद राजेश खाना खाकर लेट गया। मंटू नाराज होकर बेटी काजल (5) और पुत्र दीपक (3) को साथ लेकर पैदल ही निकल गई। शाम को दादौं-किशनपुर घाट के पक्के पुल पर पहुंचकर पहले बेटी काजल और फिर पुत्र दीपक को यमुना नदी में फेंक दिया। इसके बाद खुद पुल से छलांग लगा दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने फौरन दांदौ पुलिस चौकी को सूचना दी। चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने फोर्स के साथ पहुंचे और मल्लाहों व गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को बरामद कर लिया।

घटना की खबर मिलते ही बबेरू सीओ राजवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह और फतेहपुर के किशनपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद मंटू देवी ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है।

तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी ने लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम के ठिकानों पर छापा मारा
- निवेशकों का 30 करोड़ हड़पने के आरोप में दर्ज है एफआईआर

अमृत विचार। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और नोएडा स्थित ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 में कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला यह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि सूत्रों के मुताबिक टीम ने कई दस्तावेजों को अपने हाथों में लिया है।

गौरतलब हो कि तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ दर्जनों निवेशकों ने करीब 30 करोड़ रुपये डकारने के मामले में एफआईआर दर्ज करा रखा है। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक ने भी तुलसियानी ग्रुप पर कर्ज हड़पने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा रखा है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंक से 4.63 करोड़ का कर्ज लिया था। बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और अन्य पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। बता दें कि फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी भी बतौर ब्रांड एंबेस्डर तुलसियानी ग्रुप से जुड़ी थी।

विधायक के कार्यालय भी पहुंची ईडी टीम

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा से हरैया विधायक अजय सिंह के गोमती नगर विस्तार स्थित कार्यालय में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची। इस प्रकरण पर अजय सिंह ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि टीम जांच कर ले उसके बाद जो भी वह प्रश्न करेगी हम जवाब देने को तैयार हैं। प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने मुझसे अभी तक कोई बात नहीं की है। हमारा कार्यालय बंद है, लेकिन कार्मिक वहां पर खड़े हैं। मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त हूं।

सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10.48 करोड़ का सामान जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है और 10.48 करोड़ रुपये मूल्य की बहुमूल्य धातु, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किए हैं। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दक्षिण मुंबई में उस जगह तलाशी अभियान चलाया गया, जहां सोना को पिघलाने का काम किया जाता है और यहां से दो अफ्रीकी नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि डीआरआई को सूचना मिली थी कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाये गए सोने से विदेशी मुद्रण हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में पिघलाया जा रहा है और फिर इसे स्थानीय बाजार में भेजा जा रहा है। इस जगह की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 9.31 किलोग्राम सोना और 16.66 किलोग्राम चांदी जब्त की।

कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

मुंबई, एजेंसी

- अनियमितताओं के चलते रिजर्व बैंक ने लिया निर्णय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया।

रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई को लेकर जारी बयान में कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से निपटान करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई की गयी है।

आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा लीक रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार दो वर्षों तक, नियामक दिशानिर्देशों के तहत बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या टिकाऊ नहीं पाया गया।

हृदयाघात से हाथरस के भाजपा सांसद का निधन

- अलीगढ़ में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

अलीगढ़। भाजपा नेता एवं हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर का हृदयाघात से निधन हो गया। अलीगढ़ में आवास पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से समर्थकों और परिजनों में शोक है। वह फिर भी भाजपा के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य कर रहे थे। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए थे। वह 66 वर्ष के थे। राजवीर सिंह दिलेर 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से 2.60 लाख मतों से जीते थे। तीन दिन पहले वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में मंच पर उपस्थित रहे थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशनलाल दिलेर भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे। वह लगातार पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहे थे।

बच्चे की मौत मामले का लिया स्वतः संज्ञान

विधि संवाददाता, लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मैनहोल में गिरकर आठ साल के बच्चे शाहरुख की मौत की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायालय ने मामले में स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज करते हुए नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम व उपाध्यक्ष, एलडीए को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि हम जानना चाहते हैं कि इस प्रकार के और कितने हादसे पहले हो चुके हैं तथा नगर निगम के अधिकारियों द्वारा क्या कोई लापरवाही की गई है। न्यायालय ने कहा है कि हम यह भी जानना चाहते हैं कि शहर में और ऐसे कितने मैनहोल खुले हुए हैं और यदि हैं तो नगर निगम के अधिकारियों की इस लापरवाही से लोगों की जिंदगियों को बचाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं।

मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का इंतकाल

लखनऊ। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार की सुबह लखनऊ के चौधरी गढैया स्थित आवास पर इंतकाल हो गया। वह 76 साल के थे और पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। शाम को अस्र की नमाज के बाद नदवतुल उलेमा में उनकी नमाज-ए-जनाजा हुई और उसके बाद ऐशबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। मौलाना जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के उपाध्यक्ष थे। वह दारुल उलूम देवबंद और नदवतुल उलेमा लखनऊ के कार्यकारिणी सदस्य थे।

क्या ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर को री-प्रोग्राम किया जा सकता है

मतों के वीवीपैट से मिलान के मुद्दे पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए सभी वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाए गए सवालों के जवाबों का संज्ञान लेने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने उन्हें अपराह्न दो बजे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बुलाया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग द्वारा ईवीएम के बारे में बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा हमें कुछ संशय है और स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है। उसने कहा, हम अपने निष्कर्षों में तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते, बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहते हैं।

ईसीआईएल व बीईएल ने वोटिंग मशीन, वीवीपैट के कल-पुर्जों के निर्माताओं के नाम बताने से इनकार किया

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने ईवीएम और वीवीपैट के विभिन्न कल-पुर्जों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के नाम और संपर्क विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक कार्यकर्ता ने इस संबंध में सवाल किया था और सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों ने आरटीआई कानून के तहत व्यावसायिक विश्वास का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। कार्यकर्ता वेंकटेश नायक ने इन कंपनियों के पास एक समान आवेदन दायर किया था। इस आवेदन में वेंकटेश ने ईवीएम और वीवीपैट के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं का विवरण मांगा था। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ईसीआईएल और बीईएल रक्षा मंत्रालय के तहत आते हैं। दोनों उपक्रम निर्वाचन आयोग के लिए ईवीएम और वीवीपैट का निर्माण करते हैं। नायक ने दोनों सार्वजनिक उपक्रमों से कल-पुर्जों के खरीद आदेश की एक प्रति भी मांगी थी। बीईएल ने अपने जवाब में आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(डी) का हवाला देते हुए कहा कि मांगी गई जानकारी वाणिज्यिक विश्वास से जुड़ी है, इसलिए इसे प्रदान नहीं किया जा सकता।

एक नजर

प्रधान न्यायाधीश ने ग्रहण किया कार्यभार

अयोध्या, अमृत विचार : पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राहुल कात्यायन ने बुधवार को दर्शन पूजन के बाद कार्यभार ग्रहण कर लिया। यह अदालत प्रधान न्यायाधीश रामायण शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त चल रही थी। इसके साथ ही अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अल्पना सक्सेना ने भी कार्यभार ग्रहण करके कार्य शुरू कर दिया है।

सांसद ने दर्जन भर गांव में लगाई चौपाल

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने बीकपुर विधानसभा के सोहावल पूर्वी मंडल में एक दर्जन स्थानों में चौपाल लगाई। मोइया कपूरपुर, सोखावां, मजनावां, उचितपुर, नवीगंज, परशुरामपुर, लखौरी, धन्नीपुर, मगलसी, चिर्रा, खिरौनी, सोहावल में आयोजित चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम स्थलों पर उनका स्वागत किया गया। उचितपुर में आयोजित चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा सभी वर्गों को समाहित कर सरकार से जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण किया गया।

दवाओं के ब्योरे के साथ अब अस्पताल की तस्वीर भी होगी अपलोड

निजी अस्पतालों पर सख्त हुआ स्वास्थ्य विभाग, मनमानी करने वालों पर करेगा कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले के निजी चिकित्सालयों को अब व्यवस्थाओं के ब्योरे के बोर्ड के साथ भवन की तस्वीर भी एनआईसी पोर्टल पर अपलोड करनी पड़ेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मनमानी करने वाले अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

कई बार निजी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव की शिकायतों पर शासन गंभीर हुआ। इसके बाद निजी चिकित्सालयों को पत्र जारी कर दिया गया। यूपी क्लीनिक स्टैब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) रूल्स 2016 की धारा 28 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए चिकित्सालय परिसर में अपनी चिकित्सा इकाई का रजिस्ट्रेशन नंबर, संचालक का नाम, बेड की संख्या, औषधि की पद्धति और चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं व चिकित्सा कर्मचारी का विवरण 15 वर्गफीट का एक डिस्प्ले बोर्ड पर देना है। जिसका बैकग्राउंड पीला और फॉरमेट हिंदी में होगा। अक्षर काले रंग के होने चाहिए। यह जानकारी जिले के एनआईसी पोर्टल पर भी अपलोड की जाएंगी। इसके साथ ही अब नए आदेश के तहत बोर्ड के साथ अस्पताल की बिल्डिंग भी पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक हो गया है।

बोर्ड पर इन बातों का करना होगा उल्लेख

- उपचार करने वाली संस्था का नाम व पता।
- अस्पताल के मालिक का नाम व मोबाइल नम्बर।
- पंजीकरण संख्या और वैधता।
- इंचार्ज का नाम और मोबाइल नम्बर।
- बेड की संख्या और चिकित्सा पद्धति।
- प्रयोगशाला और इमरजेंसी में प्रदान की जाने वाली सेवाएं।
- क्लीनिकल सेवाओं की श्रेणी।
- चिकित्सकों के नाम और उनकी पंजीकरण संख्या।
- नर्स, फार्मासिस्ट का नाम और पंजीकरण की संख्या।
- प्रस्तावित अन्य सेवाएं।

अस्पतालों के नवीनीकरण को लेकर भी बढ़ी सख्ती

स्वास्थ्य विभाग ने जिले में चल रहे निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, डायग्नोसिस व पैथोलॉजी सेंटर के लाइसेंस के नवीनीकरण को लेकर भी पत्र जारी कर दिया है। विभाग के अंतर्गत पंजीकृत नैदानिक स्थापनों की वैधता 30 अप्रैल तक ही है। वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकरण/नवीनीकरण के लिए 31 मई की डेडलाइन रखी गई है।

> स्वास्थ्य सुविधाओं के बोर्ड के साथ ही अस्पताल के भवन की तस्वीर भी अपलोड करना आवश्यक है। अभी संचालकों से अपील की जा रही है। पोर्टल पर तस्वीरें न डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. डीके शर्मा, नोडल अधिकारी, निजी चिकित्सालय।**

टेक्निशियन पांच वर्ष से तैनात, मशीन नदारद

▸▸ **हेल्थ एटीएम खराब, चार चिकित्सकों के भरोसे सोहावल सीएचसी**

सोहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भटकते मरीज। अमृत विचार

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा देखनी है तो सोहावल सीएचसी चले जाइये। यहां ओपीडी सिर्फ चार चिकित्सकों के भरोसे ही चल रही है। हेल्थ एटीएम काफी दिनों से खराब पड़ा है। सीएचसी पर एक्स-रे मशीन नहीं है, लेकिन उसका टेक्निशियन पांच वर्ष से तनख्वाह ले रहा है। वह अन्य सेवाओं में हाथ बंटाता है।

सोहावल सीएचसी में छह विशेषज्ञों समेत 12 चिकित्सकों की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत पांच चिकित्सक ही कार्यरत हैं। बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा कोई भी नहीं है। वह भी बैठकें व निरीक्षण आदि करते हैं। 250 से 300 मरीज रोजना ओपीडी में पहुंचते हैं। इनका इलाज डॉ. अनिल कुमार सिंह, उमेश तिवारी, आलोक कुमार, फातिमा खान के जिम्मे है। प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रेम चंद्र ने बताया कि गर्मी को देखते हुए कोल्ड चेन रूम तैयार कर दिया गया है। अभी तक हीट वेव का कोई मरीज सामने नहीं आया। डायरिया के मरीज बढ़े हैं। संसाधनों के लिए कई बार पत्र-व्यवहार किया जा चुका है। दवाओं की कोई कमी नहीं है।

भाजपा का 400 पार का नारा कोरी कल्पना : अरविंद सेन

अयोध्या कार्यालय

पत्रकारों से बातचीत करते भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन यादव

▸▸ **बोले - अनेक समस्याओं से जूझ रही है जनता, पिता के राजनीतिक आदर्शों का करेगें पालन**

अमृत विचार : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव प्रत्याशी स्वर्गीय मित्रसेन यादव के आईपीएस रहे पुत्र अरविंद सेन यादव ने भाजपा के अबकी बार 400 पार नारे को कोरी कल्पना बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने जा रहा है, सपने कोई भी देख सकता है।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता के राजनीतिक आदर्शों का पालन करने के लिए राजनीति में आएं हैं। बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गरीबों की समस्याओं के मुद्दे पर चुनाव में उतरे हैं। गरीब गरीब होता जा रहा है अमीर अमीर होता जा रहा है। आर्थिक, प्रशासनिक, सामाजिक सभी समस्याओं से आम जनता परेशान है। इन सभी समस्याओं को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में कम्युनिस्ट पार्टी की जो संघर्षों की गाथा है उसको उनके बीच में रखेंगे। कहा जनपद में कम्युनिस्ट पार्टी का एक इतिहास रहा है। पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव कम्युनिस्ट पार्टी से फैजाबाद लोकसभा से सांसद रह चुके हैं। भाजपा के 400 के पार के नारे पर अरविंद सेन यादव ने कहा यह उनकी कल्पना है उनकी सोच हो सकती है लेकिन ऐसा संभव होने नहीं जा रहा है। मतदाता आज की तारीख में शांत है, आज की तारीख में किसी की लहर नहीं है और ना ही मतदाता किसी से प्रभावित है इसलिए परिणाम भाजपा की अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी का जो इतिहास है जो संघर्ष किया है उसके तले चुनाव लड़ रहा हूं।

हाईवे पर हुई डकैती, बड़ी पैरवी के बाद कैंट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अयोध्या, कार्यालय। अमृत विचार : लखनऊ हाइवे पर हुई डकैती के मामले में कैंट पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित अनिल कुमार यादव निवासी ग्राम समशेरगंज थाना अटरिया सिधौली जनपद सीतापुर का कहना है कि वह एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं तथा 14 अप्रैल को अपनी बाइक अपाची यूपी 32 जीडब्लू 3253 से शाम लगभग 6 बजे बक्शी का तालाब, लखनऊ से कुशीनगर रवाना हुआ था। अयोध्या कैंट थाना क्षेत्र में कोटसराय ओवरब्रिज पर शाम 8.55 बजे एक बिना नंबर प्लेट वाली सफेद रंग की बोलोरो, जिसके शीशे पर आर्मी व पुलिस लिखा था, ने ओवरटेक कर उनको रोक लिया तथा एक व्यक्ति डण्डा लेकर नीचे उतरा तथा बाइक चोरी की होने की बात कही और बोलोरो से दो और उतरे तथा डंडे से पिटाई कर उसकी बाइक लूट गोरखपुर की तरफ भाग निकले। बोलोरो में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर इधर-उधर से फोन कराया तो आठ दिन बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और मेडिकल कराया। थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि तहकीकात कराई जा रही है।

▸▸ **आर्मी लिखी बोलेरो सवार लोगों ने मारपीट कर लूटी थी बाइक**

श्रद्धालु का बैग पार करने वाले बाप-बेटे मुठभेड़ में गिरफ्तार

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ **मोबाइल, एक हजार रुपये व तमंचा-कारतूस बरामद**

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने नयाघाट क्षेत्र में सरयू के स्नान घाट से एक श्रद्धालु बैग चोरी करने के मामले में बाप-बेटे को बुधवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया मोबाइल, एक हजार रुपये व तमंचा-कारतूस बरामद किया है।

कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि 18 अप्रैल को अयोध्या दर्शन-पूजन करने आए बलरामपुर के अमराहवा कल्याननगर विरहिमपुर निवासी द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी नयाघाट स्थित सरयू स्नान घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी बीच एक व्यक्ति बैग लेकर भागने लगा। उन्होंने हल्ला मचाया था और मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसको पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। उसके पास से चोरी किया हुआ पर्स व मोटरसाइकिल की चाभी मिली थी, लेकिन मोबाइल और रुपया नहीं मिल पाया था। प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ दर्ज चोरी की रिपोर्ट की विवेचना में जुटी अयोध्या कोतवाली पुलिस ने आचारी का सगरा से धरमपुर की ओर जा रहे एक बाइक सवार दो लोगों को फत्तेपुर के पास रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर फायर किया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर राम प्रसाद बरवार और उसके बेटे सत्यम निवासीगण मतवरिया थाना मोतीगंज जिला गोंडा को गिरफ्तार किया है। राम प्रसाद के पास से एक तमंचा-कारतूस और सत्यम के पास से ओप्पो का मोबाइल व एक हजार रुपया मिला है। दोनों ने 18 अप्रैल को स्नान घाट से श्रद्धालु का बैग लेकर भागने की वारदात कबूल की है।

सार-संक्षेप

मेधावी छात्रों के साथ पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू। अमृत विचार

मेधावी छात्रों को पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने किया सम्मानित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावी छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया। विकास खण्ड मया के तरुण तिवारी नागीपुर ने उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में प्रथम और उत्तर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। शशांक पाठक पुत्र शशिकांत पाठक बैहारी ने इंटरमीडियट की परीक्षा में विकासखंड मया में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों मेधावियों को सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि इस बार के परिणाम ग्रामीण प्रतिभा के हैं। यह भविष्य के लिए सुखद संदेश है। इस मौके रूपेश सिंह, प्रधानाचार्य आदर्श सिंह, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

संगठन की मजबूती ही भाजपा की ताकत :वीर सिंह

शक्ति केंद्र की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

मसौधा अयोध्या। अमृत विचार : संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जिसमें युवाओं का सहयोग त्याग तपस्या और संकल्प का अहम योगदान है। आज का युवा भाजपा की जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं। बूथ कमेटी का हर सदस्य लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरे मन से लगा हुआ है। यह बात पूर्व मंडल अध्यक्ष वीर सिंह काका ने कही। वह बुधवार शक्ति केंद्र कैल गांव में बूथ कमेटी के सदस्यों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। शक्ति केंद्र में आयोजित बूथ कमेटी के सदस्यों की बैठक में नंदीग्राम मंडल सहित भारत कुंड, भदरसा रानी बाजार सहित कई बूथ कमेटियों के सदस्य मौजूद रहे। सभी को लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरे मन से जुट जाने का आवाहन किया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी संदीप गुप्ता, आयोजक अनिल पांडे, नंदीग्राम मंडल अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, विनोद कुमार मौजूद रहे।

ड्राइविंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान आरटीओ ऋतु सिंह।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ऋतु सिंह ने ड्राइविंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट का निरीक्षण किया। यह इंस्टीट्यूट उदया चौराहे के पास स्थित है। उन्होंने मारुति सुजुकी से किए जा रहे आटोमेशन कार्य का खासतौर से निरीक्षण किया। साथ ही इससे होने वाले लाभ और कार्यप्रणाली को जाना। इसके पूर्ण होने पर ड्राइविंग परीक्षण इसी के द्वारा किया जाएगा। बताया कि इससे ड्राइविंग टेस्ट की गुणवत्ता बढ़ जाएगी।

ट्रेनी इंजीनियर के लिए आईईटी के 43 छात्रों का चयन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में बुधवार को प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। विवि के प्लेसमेंट एंड सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट के तहत 90 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र ने प्लेसमेंट ड्राइव में 43 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट ट्रेनी इंजीनियर के रूप में चयन किया। विवि की प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी द्वारा छात्रों को चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इस प्लेसमेंट में आईईटी के डायरेक्टर प्रो. राजीव गौड़, इंस्टीट्यूट के डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. दिनेश राव, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर इंजीनियर दिलीप कुमार, डॉ. चंदन, इंजीनियर दिनेश, इंजीनियर प्रियेश, इंजीनियर आरके सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

श्रद्धापूर्वक याद किए गए रंग महल के महंत बलराम शरण

अयोध्या, अमृत विचार : माता कौशल्या के ऐतिहासिक महल रंग महल के साकेतवासी आचार्य महंत बलराम शरण को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर अयोध्या के करीब दो हजार संतों-महंतों ने उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर उनके कृतित्व को याद किया। मंदिर के वर्तमान महंत राम शरण दास महाराज ने अतिथियों को परंपरागत स्वागत कर पीठ की परंपरा के विकास का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन मार्ग स्थित रंग महल का श्रीराम और रामायण काल से अभिन्न संबंध है। माता कौशल्या ने यह महल श्रीसीता सहित चारों महारानी को मुंह दिखाई में दिया था। मंदिर के वर्तमान भवन की स्थापना स्वामी सरयू शरण महाराज ने करीब 350 साल पहले की थी।आज भी उनके पद अयोध्या के मंदिरों की उत्सव की शान है।

पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो में विशंभर का चयन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पाराताजपुर निवासी विशंभर चौरसिया का पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो में चयन हुआ है। ग्रामीण परिवेश में एक साधारण परिवार में रहने वाले विशंभर की सफलता से क्षेत्र और परिवार में खुशी का माहौल है। विशंभर के पिता दृगपाल चौरसिया किसान है और माता गृहिणी हैं। पिता ने बताया कि एआरओ अमेठी से विशंभर का ज्वॉनिंग लेटर भेजा गया है। बेटे के अग्निवीर बनने पर परिवारी जनों के अलावा नाते रिश्तेदारों में खुशी देखी जा रही है।

अब अयोध्या एयरपोर्ट पर मिलेगी ओला कैब सर्विस

स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत करते एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद गर्ग।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए बुधवार से ओला कैब सर्विस की शुरुआत कराई गई। जिले में ओला पहली बार अपनी सेवाएं एयरपोर्ट से शुरू करने जा रहा है। इनके इलेक्ट्रिक व्हीकल यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगे।

अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास ताज इंडिया टुअर्स के ही वाहन थे। यात्री लगातार ओला व उबर की सेवाओं की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए कंपनी से संपर्क साधा गया था। एयरपोर्ट पर आने वाले हर यात्रियों को अब ओला कैब की भी सुविधा मिल सकेगी।

लगा रक्तदान शिविर

इंडिगो और चिरंजीवी हॉस्पिटल के तत्वावधान में एयरपोर्ट पर बुधवार को चिकित्सा शिविर व रक्तदान कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ डायरेक्टर विनोद गर्ग ने किया। उन्होंने बताया कि कैंप का फायदा न सिर्फ स्टाफ ने बल्कि बड़ी संख्या में यात्रियों ने भी उठाया। इस दौरान कर्मचारियों ने ब्लड भी डोनेट किया।

गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार: इनायत नगर थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे की तलाश में जुटी है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान किया है। लूट और हत्या करने का प्रयास समेत अन्य कई गंभीर धाराओं में आरोपी छोटू इन्दल राजभर निवासी चितबिसावा रतनपुर थाना महाराजगंज के खिलाफ दर्ज मामलों की विवेचना में यह बात प्रकाश में आई थी कि अपराध से आर्थिक लाभ हासिल करने के लिए इसने एक गिरोह बना रखा है, जिसके चलते गैंग चार्ट बना जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन हासिल करने के बाद इसके गिरोह के खिलाफ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस को मामले में गिरोह की तलाश थी। उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल की टीम ने छोटू इन्दल को रायबरेली नेशनल हाईवे स्थित पांच नम्बर बीएसएनल टावर तिराहे से गिरफ्तार किया है।

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भर सकेंगे ऑनलाइन नामांकन पत्र

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **जारी किया गया वेब लिंक, जमानत राशि भी ऑनलाइन देने की हुई व्यवस्था**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र ऑनलाइन भी भर सकेंगे। इसका प्रिंट उन्हें बताए गए स्थान पर जमा करना होगा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऑनलाइन नामांकन के लिए वेब लिंक https://suvidha.eci.gov.in/login उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार शपत्र पत्र भी इस लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भर सकते हैं।

प्रिंट आउट को नोटराइजेशन के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल कर सकते हैं। जमानत राशि को भी ऑनलाइन जमा

करने की व्यवस्था है। नामांकन पत्र सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद जमानत धनराशि जमा करने के लिए विकल्प पे लिंक दिखेगा। इस पर क्लिक करते हुए ऑनलाइन पेमेंट किया जा सकता है। बताया कि अभ्यर्थी पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत नगद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा कर सकते हैं।

सोशल मीडिया से प्रचार पर कंट्रोल रूम में कर सकते हैं शिकायत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया से प्रचार पर शिकायत कंट्रोल रूम में की जाएगी। सीटीओ ममता सिंह ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी से एसएमएस या वॉइस कॉल के माध्यम से अपना प्रचार किया जाता है तो इसकी सूचना कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 05278-297499 पर शिकायत की जाएगी। इसकी सूचना व्हाट्सएप्प नम्बर-7080510637, 9454416103, 9454416104, 9454416105, 9454416106, 9454416122 पर भी दी जा सकती है। इसके अलावा यदि कोई सामग्री आम जनता में बटवाता है, उस पर अभ्यर्थी का नाम छपा है या फिर प्रत्याशी से नि:शुल्क सामग्री बंटवाई जाती है तो उसकी सूचना प्रूफ के साथ व्हाट्सएप नंबर पर भेजी जा सकती है।

यह हाल है साहबगंज का

अयोध्या धाम को जाने वाले रास्ते साहबगंज गंदानाला पर यह तस्वीर सभी दावों को आईना दिखा रही है। गंदानाला पर नीचे जलनिकासी न होने से शिवमंदिर के चौतरफा जलभराव हो गया है। कई दिनों से लोग जलाभिषेक और पूजन-अर्चन नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरी फोटो सड़क के किनारे जलभराव की है। भीषण दुर्गंध से लोग नाक बंद कर गुजरने के लिए मजबूर हैं। ● अमृत विचार

सूफियों की दरगाह पर कोई भेदभाव नहीं होता : मौलाना मिस्हाब

अयोध्या कार्यालय

उर्स के दौरान आयोजित जलसे में नातों पाक पढ़ते शायर व मौजूद उलेमा।

अमृत विचार : अयोध्या के मोहल्ला स्वर्गद्वार अड़गड़ा स्थित गंगा जमुनी तहजीब व एकता की मिसाल मशहूर दरगाह हजरत सैय्यद शाह मोहम्मद इब्राहिम शाह रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय उर्स मनाया गया।

उर्स का प्रोग्राम दरगाह के प्रबंधक हाजी मोहम्मद जुनैद कादरी रजवी साहब व कमेटी की देख रेख में हुआ। उर्स के आखिरी दिन जलसा ए दस्तार हिफजुल कुरआन का प्रोग्राम हुआ। जिसकी सदारत हजरत मौलाना सुफी अब्दुल वहीद और निजामत दरगाह के खादिम हाफिज उवैस रजा कादरी ने फरमाई। मदरसा इब्राहिमया गुलशने औलिया के प्रिंसपल मौलाना कमर सुबहानी के जेरे कयादत प्रोग्राम का आगाज कारी फारूक रजा बलरामपुरी की तिलावते कुरआन से हुआ। अल जामिआ तुल इस्लामिया कस्बा रौनाही अयोध्या के प्रिंसपल हजरत मौलाना मुफ्ती गुलाम मूर्तजा ने अजमते कुरआन पर रौशनी डाली। इस मौके पर खुसीसी खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती जीशान रजा मिसबाही ने कहा कि औलिया अल्लाह ने सारी दुनिया को अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया। सूफियों के दरगाहों पर कोई भेद भाव नहीं है। बनारस से आये मौलाना सगीर रजा बनारसी, मौलाना गुलाम अली अलीमी, मौलाना जाहिद अली नूरी गोंडवी ने भी सम्बोधन दिया। कारी रईस अहमद खान ने दस्तार बंदी की रस्म अदा कराई। इस मौके पर शायर कारी ताहिर लखनवी, कारी शकील टांडवी, हाफिज गुलफाम रजा रायबरेली, हाफिज शादाब फ़ैजाबादी, कमर रजा फैजाबादी, अब्दुल वकील गोंडवी ने नातों मनकबत पढ़ी।

लक्ष्मण किला में मनाया गया राम का छठ उत्सव

अयोध्या, अमृत विचार : सरयू के तट पर विराजमान आचार्यपीठ श्री लक्ष्मण किला में भगवान श्रीराम का छठ उत्सव महंत मैथिली रमण शरण के संयोजन में मनाया गया। सखियों द्वारा बधाई गाकर भगवान को 56 भोग अर्पित किया गया।

गायन का यह दौर देर रात तक

आयोजन

चलता रहा और अयोध्या के संत- महंत आनंद में डूबे रहे। सखियों को गायकों ने नेग बांटे। लक्ष्मण किला के अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण ने सभी का स्वागत सत्कार किया। महंत अंजनी शरण मिथिला मणि मंडप, महंत जनकदुलारी शरण रामसखी मंदिर, महंत छोटू शरण सतगुरु कुटी, महंत अमित कुमार दास वेदांती कुटी, गायक राम विनोद शरण श्रृंगारी के अलावा प्रिया प्रीतम शरण, पुरुषोत्तम शरण और रमापति शरण सहित सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही।

सन राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्र – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्र– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at mtbt.sales@suninfra.org Mob: 9335946049

एक नजर

मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : इमरजेंसी और ट्रामा के स्टेट नोडल ऑफिसर प्रोफेसर एलडी मिश्रा ने बुधवार को दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी और ट्रामा में चल रहे कार्यों की सराहना की। हालांकि सूत्र बताते हैं कि उन्हें कुछ खामियां भी मिलीं, जिसके लिए ट्रामा प्रभारी को निर्देशित किया है। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि प्रो. एलडी मिश्रा ने फैकल्टी के एसआर और जेआर को ट्रामा मैनेजमेंट पर संबोधित भी किया।

छोटे बच्चों के स्कूल से छुट्टी का समय बदलने की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह और जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने जिला अधिकारी को पत्र देकर जिले के सभी सीबीएसई व यूपी बोर्ड के स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा छह तक के बच्चों के स्कूल का समय बदलने की मांग की। भेजे पत्र में कहा कि सुबह साढ़े छह बजे निकलने वाले बच्चे दोपहर में दो बजे छुट्टी होने पर कड़ी धूप में घर आते हैं ऐसे में उनकी तबीयत बिगड़ रही है। नर्सरी से कक्षा छह के बच्चों की छुट्टी 12 बजे तक कर दिया जाए या तो बच्चों को राहत मिलेगी।

गर्मी की मार से कम हो गए श्रद्धालु, 70 फीसदी घटा व्यापार, कारोबारी परेशान

श्रद्धालु कम आने से होटल सहित दूसरे व्यवसायों पर भी असर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : तेज धूप और भीषण गर्मी है। रामलला के दर्शनार्थियों की संख्या घट गई। इसका असर व्यवसाय पर पड़ा है। यह लगभग 70 फीसदी गिर गया। होटल और होम स्टे में रहना सस्ता हो गया है। राम लला का दर्शन करने आने वालों को अयोध्या मे हर समय छांव की तलाश रहती है।

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद से प्रतिदिन अयोध्या में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में थी। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक तीन माह में लगभग डेढ़ करोड़ राम भक्तों ने अयोध्या पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। औसतन डेढ़ से पौने दो लाख श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे। लेकिन अब तपती धूप में श्रद्धालुओं की संख्या घट गई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक इस समय श्रद्धालुओं की संख्या कम हुई है। प्रतिदिन 40 से 50 हजार श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर रहे हैं। ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम नवमी उत्सव तक विभिन्न प्रकार के आयोजन हुए, जिसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे थे। गर्मी बढ़ गई है। इसलिए लोग अभी अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं।

जन्मभूमि पथ के निकट अब सैकड़ों की संख्या में ही दिख रहे हैं श्रद्धालु।

मुश्किल हो जाएगा दुकानों का किराया निकलना

अयोध्या आने वाले श्रद्धालु रामलला की फ़ोटो, मूर्ति, कपड़े और प्रसाद के साथ खाद्य पदार्थ पर पैसा खर्च कर रहे थे। इसके चलते इनसे संबंधित दुकानों की संख्या बढ़ गई थी। हनुमानगढ़ी से लेकर राम मंदिर के मुख्य गेट तक 100 से अधिक नई दुकानें खुल गई थीं, लेकिन अब व्यापार प्रभावित हुआ है। अधिकतर व्यवसायी बाहरी हैं, जिन्होंने महंगी दुकान ली थी, लेकिन अब किराया निकाल पाना मुश्किल हो रहा है। कहते हैं कि रामनवमी के बाद से व्यापार लगभग 70 फीसदी गिर गया।

पहले लड्डू बचते नहीं थे, अब 15 किलो बिक रहे

हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद विक्रेता विकास गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के कारण प्रसाद बिक्री भी काफी कम हो गई। पहले की अपेक्षा लगभग 60 से 70 फीसदी असर पड़ा है। फरवरी और मार्च में लड्डू नहीं बच रहे थे, लेकिन अब दिन भर में मात्र 15 किलो प्रसाद की ही बिक्री हो पा रही है।

दुकानों में नहीं दिखते खरीदार

राम मंदिर गेट के बगल सुनील गुप्ता की दुकान है। बताते हैं कि यहां पर आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में रामलला की तस्वीर सहित प्रसाद खरीद रहे थे, लेकिन अब श्रद्धालुओं की संख्या कम हो गई है तो बिक्री भी काफी कम हो गई है। आसपास में कई लोग रेस्टोरेंट चला रहे हैं जहां पर खाने पीने की वस्तुएं मिलती हैं। सुबह से इन लोगों के पास भी बैठने की फुरसत नहीं होती थी, लेकिन अब सभी की दुकान खाली दिखती है।

गिर गया होम स्टे का किराया

होम स्टे चलाने वाले शत्रुहन गुप्ता ने बताया कि राम नवमी के बाद से काफी कमरे खाली रह जाते हैं। फरवरी और मार्च भरे रहते थे। अब यहां का खर्च निकालने में दिक्कत आ रही है। कमरों की साफ सफाई और बिजली के खर्च के लिए कुछ किराया आता रहे। इसके लिए कम रेट पर भी कमरों की बुकिंग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले दो से तीन हजार तक का किराया मिलता था, लेकिन अब एक हजार रुपये प्रतिदिन तक ही मिल रहा है।

अयोध्या एयरपोर्ट को पहली बार मिला 6.46 करोड़ का नोटिस

अयोध्या कार्यालय

एयरपोर्ट का मुख्य द्वार। अमृत विचार

अमृत विचार : अयोध्या का महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी अब कर के दायरे में आ गया है। शासन के निर्देश के बाद नगर निगम ने अयोध्या एयरपोर्ट को 6.46 करोड़ रुपये का नोटिस थमाया है। नोटिस के अंतर्गत एयरपोर्ट प्रशासन ने अगर एक माह के भीतर कोई आपत्ति नहीं जताई तो उनसे कर की अदायगी की जाएगी।

गत दिनों अयोध्या नगर निगम के विस्तार के बाद जीआईएस सर्वे हुआ था। उस दौरान नगर के रिहायशी व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की माप-जोख हुई थी। यह भी तय हुआ था कि सर्वे के मुताबिक ही लोगों को अपना कर जमा करना होगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 का अब एयरपोर्ट को नोटिस दिया गया है। सर्वे में सामने आया है कि एयरपोर्ट की कुल भूमि तीन करोड़ 57 लाख, 62 हजार 760 वर्ग फीट है। इसमें 45 हजार वर्ग फीट में निर्माण है बाकी तीन करोड़ 57 लाख, 17 हजार 760 वर्ग फीट खुला क्षेत्र है। निर्माण वाले एरिया का 75 पैसे वर्ग फीट व खुले क्षेत्र पर 15 पैसे वर्ग फीट के हिसाब से संपत्ति कर लगाया गया है। इसमें तीन करोड़, 23 लाख, 48 हजार 484 रुपये गृह व इतना ही जलकर शामिल है। कुल छह करोड़, 46 लाख, 96 हजार 968 रुपये का नोटिस जारी किया गया है।

▸▸ जीआईएस सर्वे के बाद संपत्ति कर का थमाया गया नोटिस

साक्ष्यों के साथ दर्ज होगी आपत्ति

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के डायरेक्टर जनरल विनोद कुमार को नोटिस दिया गया है। उन्हें यह अवगत कराया गया है कि अगर आपको इस नोटिस पर कोई आपत्ति है तो एक माह के भीतर साक्ष्यों के साथ नगर निगम के कर कार्यालय में दर्ज कराएं। उसके बाद एक बार फिर से निरीक्षण करा जांच की जाएगी। जांच में जो भी निकलेगा उस पर टैक्स जमा करना होगा।

सिपाही को भारी पड़ गया सोशल मीडिया वाला प्यार

अयोध्या कार्यालय

▸▸ शारीरिक संबंध बना मुकर गया था शादी से, दर्ज हुई एक और रिपोर्ट

अमृत विचार : सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर युवती से प्यार एक सिपाही को भारी पड़ गया है। जनपद पहुंची युवती ने सिपाही के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज कराई है। गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी व पिटाई के दौरान कान का पर्दा फट जाने की रिपोर्ट कैंट पुलिस ने दर्ज की है।

मेरठ जनपद के मेडिकल कालेज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती का कहना है कि वर्ष 2018 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर तैनात हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर निवासी गौतम भारती से हुई थी। आरक्षी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन शादी से आनाकानी करने लगा। अगस्त 2023 में उसने शिकायत डीजीपी और राज्य महिला आयोग से की तो जांच सीओ सिविल लाइन अरविन्द चौरसिया को मिली। उन्होंने कोर्ट मैरिज की शर्त पर सितंबर में शादी करवा दी, लेकिन वह आनाकानी करता रहा तो इस वर्ष जनवरी में मेडिकल थाने में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म और धमकी की रिपोर्ट दर्ज हुई। युवती का कहना है कि आरक्षी ने शादी का पंजीकरण कराने के लिए 12 मार्च को यहां बुलाया और सहादतगंज क्षेत्र स्थित अपने आवास पर रखा, लेकिन पंजीकरण कराने को लेकर आनाकानी करता रहा। दो मार्च को उसने अधिकारियों से शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि विवेचना कराई जा रही है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी क्षेत्र में ग्राम दतौली मोड़ के पास बाइक सवार की दुर्घटना में मौत हो गई। चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी पूराबाजार पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सुनील चौधरी ने युवक को मृतक घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष महराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि दुर्घटना 23 अप्रैल की रात लगभग 10:30 पर अज्ञात वाहन से हुई। मृतक बाइक सवार युवक की पहचान राहुल यादव (20) पुत्र हृदय राम यादव ग्राम जरही थाना महाराजगंज अयोध्या के रूप में हुई है। भाजपा नेता भगवान बक्श सिंह ने राहुल यादव के घर पहुंच कर शोक जताया।

संदिग्ध बैग की अफवाह पर हलकान हुई पुलिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के पौराणिक हनुमानगढ़ी मंदिर के पास बुधवार को एक संदिग्ध बैग की सूचना पर पुलिस को घंटों हलकान होना पड़ा। मामले की जानकारी पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड और बीडीडीएस टीम से ख़ुफ़िया एजेंसियों की मौजूदगी में सघन जांच और तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस ने इसे अफवाह बताया है।

दूसरी पहर चार बजे के बाद हल्ला उड़ा कि हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन मार्ग पर एक संदिग्ध बैग है, जिसमें तीव्र क्षमता का विस्फोटक है। चर्चा शुरू हुई तो माजरा जानने के लिए लोग एक-दूसरे को फोन करने लगे और मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो थाना प्रभारी रामजन्मभूमि व सीओ अयोध्या मौके पर पहुंच गए। एटीएस समेत सुरक्षा व ख़ुफ़िया एजेंसियों के लोग पड़ताल में जुट गए। श्रद्धालुओं की जांच व तलाशी शुरू करा दी गई। एक-एक के बैग और झोले की तलाशी कराई गई। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड और बम खोजी व निरोधी दस्ते को भी भेजा गया। इस दौरान दर्शन सामान्य ढंग से चलता रहा। दो घंटे से ज्यादा चली मशक्कत में मौके से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बम खोजी व निरोधी दस्ते के प्रभारी उपनिरीक्षक परशुराम चौधरी ने बताया कि टीम और डॉग स्क्वायड से हनुमानगढ़ी परिसर समेत आस-पास की सघन जांच और तलाशी कराई गई। जांच में सब सामान्य मिला।

अफवाह के बाद जांच और तलाशी में जुटा दस्ता। अमृत विचार

▸▸ हनुमानगढ़ी पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

श्रद्धालुओं का सामान लड्डू की दुकानों पर ही रखवाया जाएगा

थाना राम जन्मभूमि के प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने कहा अफवाह के चलते श्रद्धालुओं के सामानों की चेकिंग करवाई गई। सब कुछ सामान्य मिला। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसी स्थिति न उत्पन्न होने पाए, इसके लिए दर्शन के समय सामान भीतर ले जाने पर रोक की योजना बनाई जा रही है। श्रद्धालुओं का सामान परिसर के अगल-बगल स्थित लड्डू की दुकानों पर रखवाया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा।

ठेकेदार ने सभासद से की अभद्रता, दी धमकी

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में बर्चस्व को लेकर घमासान बढ़ता जा रहा है। ईओ और चेयरमैन प्रतिनिधि के समर्थकों में कुछ दिन पहले हुई झड़प और लगे विरोध के नारे ने गुटबाजी की नींव मजबूत कर दी है। जिन विकास योजनाओं का प्रस्ताव बना अमल में लाने में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को एक सभासद ने विरोध जताया तो ठेकेदार ने सभासद के साथ बदसलूकी कर धमकी दी है। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है।

आरोप है नगर पंचायत के एक ठेकेदार द्वारा रेलवे फाटक से स्वास्थ केंद्र जाने वाली सड़क के किनारे जल भराव रोकने के लिए नाली का निर्माण कराना शुरू किया। पीली ईंटो का प्रयोग कर मानक के विपरीत निर्माण किया। सभासद फरीद अहमद ने इसे लेकर चेयरमैन और ईओ से एतराज दर्ज कराते शिकायत की। यह ठेकेदार को नागवार गुजरा। मंगलवार को सभासद को कार्यालय में पाकर बदसलूकी करने का प्रयास कर देख लेने की धमकी दी है। इसे लेकर सभासद ने ठेकेदार बताए जा रहे अखंड प्रताप पर ईओ के संरक्षण का आरोप लगाया है। उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने बताया सभासद की शिकायत मिली है। जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई तय होगी।

संस्थान को नोटिस, जवाब न देने पर होगी एफआईआर

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : मसौधा के राणी सती मंदिर में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट बांटने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है।

'अमृत विचार' में प्रकाशित खबर का बुधवार को संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन की ओर से श्यामा देवी मानव संसाधन को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब न देने या जवाब से संतुष्ट न होने पर संस्थान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट की आपूर्ति कहां से हुई और अभी कितनी मौजूद है। इसकी जांच तहसीलदार को सौंपी गई हैं। इसके अलावा बिना अनुमति के कार्यक्रम किए जाने और राजनीतिक रूप से इस्तेमाल किए जाने पर भी एक अलग नोटिस दिया गया है।

बालिकाओं को मिशन शक्ति के प्रशिक्षण के समापन समारोह में मंगलवार को मोदी की फोटो वाली जिस पर अबकी बाद 400 पार स्लोगन दर्ज था, वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह को आमंत्रित किया गया था। इस खबर को 'अमृत विचार' ने अपने बुधवार के अंक में 'उड़ी आचार संहिता का धज्जी, बांट दी मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

मसौधा राणी सति मंदिर में मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट वितरित करने का मामला

उड़ी आचार संहिता की धज्जी, बांट दी मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट
अमृत विचार अयोध्या संस्करण में बुधवार को प्रकाशित खबर।

▸▸ जिला प्रशासन ने लिया 'अमृत विचार' की खबर का संज्ञान, टी-शर्ट कहां से आईं, तहसीलदार करेंगे जांच

भाजपा पर भी कार्रवाई की मांग

मामले को लेकर बुधवार को इंडिया गठबंधन से जुड़े नेताओं ने इसे सत्ता का दुरुपयोग बताया। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला सचिव लाल मोहम्मद ने आरोप लगाया टी-शर्ट स्वयं भाजपा सांसद बांट रहे थे। जो प्रत्याशी घोषित हैं। इन पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज होना चाहिए। कानून सभी दलों के लिए एक जैसा है।

> आज 'अमृत विचार' अखबार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए टी-शर्ट देने वाली संस्था श्यामा देवी को नोटिस दिया गया है। दो दिनों में जवाब सही न मिला तो संबंधित के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कराया जाएगा। तहसीलदार को जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। **-अशोक कुमार सैनी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, उपजिला अधिकारी सोहावल।**

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य डॉ. संजीव चतुर्वेदी।

सड़क सुरक्षा नियमों की दिलाई शपथ

पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पंडित हृदय राम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद अयोध्या विद्यालय प्रांगण में बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य डॉ.संजीव चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य ने कहां कि जितनी भी सड़कों पर दुर्घटनाएं होती हैं। उनमें से अधिकांश सड़क सुरक्षा नियमों के पालन न करने के कारण होती हैं। इसलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट को बांधे। बाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल का प्रयोग न करें।

रीडगंज चौराहे पर कार से भिड़कर बाइक सवार घायल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रीडगंज चौराहे पर बुधवार की दोपहर चौतरफा खोदाई के चलते सकरी हुई सड़क के कारण दुर्घटना हो गई। एक बाइक सवार कार से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके चलते बीस मिनट तक चौराहे पर जाम लगा रहा। आसपास के दुकानदारों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस बूथ पर तैनात कर्मी वीडियो और फोटो बनाने में मशगूल दिखे। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुराने सीतापुर आंख की अस्पताल की ओर से आ रहा एक बाइक सवार कार से भिड़ गया। आसपास के लोगों ने उसे फौरन घायल को उठाया और पास बने भवन में लाकर लेटाया। घायल का नाम प्रदीप श्रीवास्तव निवासी नाका बताया गया है। हादसे की वजह चौराहे का सकरा होना और कार के सामने अचानक ई-रिक्शा का आना बताया गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 11 मतदान कार्मिक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के अंतिम दिन 1701 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें 11 कार्मिक अनुपस्थित रहे। साकेत महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में बुधवार को प्रथम पाली में प्रभारी अधिकारी, मतदान कार्मिक व मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने मतदान कार्मिकों की गुणवत्ता परखी। साथ ही आवश्यक जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी उपेन्द्र प्रसाद पाल, परियोजना, निदेशक आरपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पहली पाली में कुल छह कार्मिक अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पांच कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के पहले दिन से अब तक अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। प्रशिक्षण में गैर मौजूद रहे कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के 108 कार्मिकों का प्रशिक्षण 26 अप्रैल को साकेत महाविद्यालय में दिया जाएगा।

कवायद | घड़ों में रहेगा शीतल जल ओआरएस घोल तैयार करेगे मास्टर, मिड-डे मील में होगा हल्का भोजन

1804 स्कूलों में हर 30 मिनट में गर्मी से होगी जंग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : परिषदीय समेत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गर्मी और हीट वेव से बचाने के लिए अब हर 30 मिनट पर जंग होगी। इसके लिए सभी 1792 परिषदीय और 12 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जारी निर्देश को जमीन पर उतारने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। खेल और बाहरी गतिविधियों को सुबह नौ बजे से पहले कराने और स्कूल समय तक बच्चों को कक्ष में ही रखने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं उल्टी, दस्त और बुखार आदि के लक्षण होने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। मिड-डे मील भी हल्का किए जाने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। प्रार्थना सभा भी छांव और कक्षाओं में होगी। बच्चों को हीट वेव, लू आदि को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता रखी जाएगी। इसके लिए स्कूलों में गठित मां समूह द्वारा पहले भोजन चखा जाएगा फिर बच्चों को परोसा जाएगा। हर स्कूल में गठित पांच महिलाओं वाले मां समूह की सदस्यों द्वारा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू बुजुर्ग में अध्ययनरत बच्चे। अमृत विचार

> महानिदेशक की ओर जारी आदेश के अनुपालन में सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। जिले में गर्मी के प्रकोप को लेकर अभी तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। **-संतोष कुमार राय, बीएसए**

क्या है जंग की योजना

गर्मी को लेकर जारी महानिदेशक द्वारा हर 30 मिनट पर बच्चों को स्वच्छ शीतल पेयजल, ओआरएस घोल और नींबू पानी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। निर्देश दिए गए हैं प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक और शिक्षा मित्र आपस में समन्वय कर हर 30 मिनट में बच्चों को पानी पिलाएं या पीने के लिए प्रेरित करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि बच्चों की पानी की बोतल घर लौटते वक्त खाली न हो उनमें पानी भरा रहे। शौचालय में पानी की बेहतर व्यवस्था हो। रसोई में साफ-सफाई रखी जाए और जिस पानी से मिड-डे मील बने वह स्वच्छ हो। यदि संभव हो तो पानी उबाल कर घड़ों में रखा जाए।

शार्ट सर्किट से 16 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में गेहूं के खेत में विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग से दो किसानों की 16 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के अछोरा गांव में शार्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई। खेत में आग लगने की सूचना होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण गुहार लगाते हुए पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। लेकिन हवा के चलते थोड़ी ही देर में आग ने भयानक रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड की टीम के विकास यादव, अखिलेश सिंह, उत्तम राजवंशी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसान रामचंद्र तिवारी के खेत में शार्ट सर्किट हुई। जिससे निकली चिंगारी से गेहूं की खड़ी 6 बीघा तथा कृषक दीपक की 10 बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप सिंह ने बताया कि इसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेज कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

सार-संक्षेप

एक सप्ताह में चोरी की 4 घटनाओं से दहशत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार : एक सप्ताह के अंदर चोरों द्वारा चार चोरी की घटनाओं का अंजाम दिए जाने से लोगों में भय व्याप्त है, लेकिन सम्मनपुर पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर पा रही है। एक सप्ताह में हुई चोरी की चार घटनाओं ने पुलिस गश्त की भी पोल खोल दी है। बता दें कि बीते 16 अप्रैल को सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव में स्थित मंदिर से अज्ञात चोर मंदिर में लगे घंटे व साउंड आदि को उठा ले गए थे। इस मामले में गांव निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी जबकि चोर अपनी बाइक छोड़कर भाग गए थे। लेकिन आज तक पुलिस उस बाइक को लेने तक नहीं गई। इसी कड़ी में बीते रविवार को माजीसा गांव के हिलालपुर पुरवा निवासी ओंकार तिवारी के घर बरात विदा होने के पश्चात रात में चोर घर में घुस गए और उनके यहां से लाखों रुपए की नगदी व जेवरात ले गए। वहीं बीते सोमवार को चोरों द्वारा दो घरों मे चोरी की घटना का अंजाम दिया गया था। थाना क्षेत्र के कहरा सलेमपुर गांव निवासी अशोक कुमार गौतम के घर शादी थी। बरात विदा होने के बाद लोग रात में भोजन करके सो रहे थे। तभी चोर मौके का फायदा उठाते हुए घर के बगल शौचालय के जरिए घर में घुस गए और घर में घुसकर 45 हजार रुपए व लाखों के आभूषण चुरा लिए। इसी रात थाना क्षेत्र के भौसिमपुर गांव में बरात विदा होने के बाद परशुराम प्रजापति के घर में घुस चोर एक लाख रुपए की अधिक के जेवरात व 30 हजार रुपए उठा ले गए।

जिलाध्यक्ष ने किया धन उगाही का प्रयास

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय जन जन पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष से हिंदू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के खर्चे के नाम पर रुपए मांगे। जब राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने रुपए देने से मना किया तो गाली देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। रामसनेहीघाट पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अयोध्या लोकसभा के प्रत्याशी राजितराम ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि वह भारतीय जन जन पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हैं। 11 अप्रैल की शाम 4 बजे सभाजीत पांडेय नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने पूरा नाम पता न बात कर कहा कि वह हिंदू समाज पार्टी का जिलाध्यक्ष है और चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं के खर्चे के नाम पर पैसे मांगे। जब मना किया तो हमें व राष्ट्रीय अध्यक्ष को गालियां दीं व जान से मारने की धमकी दी। हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि इस नाम का कोई भी कार्यकर्ता हमारी पार्टी में नहीं है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ट्रक से लाखों रुपए का माल चोरी

हैदरगढ़, बाराबंकी। माल लादकर पंजाब से कोलकाता जा रहे ट्रक से लाखों रुपए का माल बारा टोल प्लाजा के पास से चोरी हो गया। घटना के दो दिन बाद चालक की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन कर रही है। जनपद सीतापुर के थाना कमलापुर के ऊंचा कला गांव निवासी चालक प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार को आधी रात के बाद वह ट्रक लेकर बारा टोल प्लाजा पर पहुंचा। जहाँ अपना ट्रक खड़ा कर सो गया। ट्रक में नेस्ले कंपनी का पाउडर दूध व मैगी से भरे कार्टून लदे थे।बताया सुबह जब सो कर उठा तो उसके ट्रक से चार लाख रुपए से अधिक की मैगी व सूखा दूध लदे डेढ़ सौ से अधिक कार्टून चोरी हो चुके थे। पीड़ित चालक ने तत्काल पीआरवी पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पीआरवी ने कोतवाली हैदरगढ़ की पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद हैदरगढ़ पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की हैं।

बालिका के दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। अमृत विचार : बालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी मौसा को लोनीकटरा पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला लोनीकटरा क्षेत्र का है यहां रात शादी समारोह में में शिरकत करने दो बेटियां मायके आई हुई थी। छोटी बेटी की नौ वर्षीय नाबालिग पुत्री रात सो रही थी तभी दिनेश नाम का शख्स जो रिश्ते मे नाबालिग का मौसा था उसे उठाकर खेत में चला गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे मरणासन्न हालत में छोड़कर वापस आकर सो गया। रिश्ते को कलंकित करने वाले मौसा दुष्कर्म के आरोप में लोनीकटरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीएचसी में मेडिकल परीक्षण के बाद पीड़िता को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वहीं नाबालिग के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी मौसा को गिरफ्तार किया और सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

29 लोगों के विरूद्ध शांति भंग की कार्यवाही

बाराबंकी। आसन्न लोक सभा चुनावों को लेकर संदिग्ध व्यक्तियों व वारंटियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से 29 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका के तहत कार्यवाही की गई। जबकि पांच वारंटी व चौदह अलग अलग मामलों में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत को जानें टूरिस्ट गाइड : प्रो. प्रशांत

अवध विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड व्याख्यान

अयोध्या कार्यालय

अवध विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रो. प्रशांत ने किया संबोधित
- अयोध्या के स्थलों की जानकारी टूरिस्ट गाइड को रखनी होगी : प्रो. हिमांशु

अमृत विचार : अयोध्या में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर आ रहे हैं। इसलिए टूरिस्ट गाइड को रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत को पूरी तन्मयता के साथ जाननी होगी।

ये बातें बुधवार को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट के प्रो. प्रशांत गौतम ने कहीं। वो डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में बुधवार को आयोजित प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड के लिए व्याख्यान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट आपके बारे में धारणा बनाता है कि आप कैसे होंगे। वह उसको आपके चलने के तरीके, पहनावा और आपके बॉडी लैंग्वेज से समझता है। उन्होंने कहा कि जब स्वयं को अच्छे लगने लगते हैं तो यहीं से आपके अंदर एक कॉन्फिडेंस डेवेलप होता है। जब टूरिस्ट से किसी स्थल के बारे में संवाद करें तो उसे कहानी के रूप में बताना चाहिए, जिससे वे आपकी बातों को ध्यान पूर्वक सुने। टूरिस्ट गाइड को कम्यूनिकेशन स्किल को बेहतर करना होगा। इससे आपकी डिमांड गाइड के रूप में बढ़ती जाएगी। इससे पहले उन्होंने विशिष्ट अतिथि हिमाचल प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहायक महाप्रबंधक डॉ. अनिल कपूर, चंडीगढ़, टूरिज्म एवं होटल मैनजमेंट संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण ठाकुर और विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कपूर ने कहा कि अयोध्या में टूरिस्ट गाइड की मांग बढ़ रही है। इसके लिए आपको मुख्य मंदिर के अलावा रास्ते में पड़ने वाले सभी अन्य प्रमुख स्थानों के बारे में जानकारी रखनी होगी, क्योंकि टूरिस्ट किसी भी स्थान के बारे में पूछ सकता है। आप अगर नही बता पाएंगे तो आपकी छवि खराब होगी। अन्य वक्ता डॉ. अरुण ठाकुर ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक स्थल है। उसे धार्मिक स्थल ही बना रहने दें, क्योंकि अयोध्या की अपनी सांस्कृतिक महत्ता है। गाइड के रूप में आपकी भूमिका है कि रोज कुछ नया सोचते रहें। जिससे आप एक अच्छे गाइड कहलाये।

व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि टूरिस्ट गाइड बनने के लिए ज्ञान का विस्तार दे और स्थलों की गहन जानकारी रखें। कार्यक्रम में प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रामजी सिंह, डॉ. विवेक उपाध्याय, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. महेन्द्र पाल सिंह बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित मौजूद रहे।

शारदा सहायक नहर में छोड़ा गया पानी

शारदा सहायक नगर में छोड़ा गया पानी। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- तालाबों और झील को भरने से पशु-पक्षियों को भी मिलेगा पानी

अमृत विचार। जनपद में सिंचाई और जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों की सिंचाई और ग्रीष्म ऋतु में तालाब और पोखर, झील को पानी से भरने के लिए शारदा सहायक नहर का संचालन किया जा रहा है। शारदा सहायक नहर के किमी 104 से निकलने वाली दरियाबाद शाखा, दरियाबाद शाखा के किमी 76.00 से निकलने वाली फैजाबाद ब्रांच की कुल लंबाई 126.200 किमी पर बुधवार से संचालन प्रारंभ हो गया है।

जनपद में लगभग 450 की संख्या में तालाब, पोखर और झील हैं। जिसमें लगभग तीन सप्ताह के नहर संचालन से पानी द्वारा भरा जाना है। इससे किसानों की वर्तमान फसल की सिंचाई और पशु-पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। जनपद की मुख्य नहरें फैजाबाद ब्रांच, चैधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर, टांडा मुख्य नहर, टांडा समांतर नहर, पौसारा रजबहा, जहांगीरगंज रजबहा, पिंडोरिया रजबहा, बंदीपुर रजबहा, कटारगढ़ रजबहा हैं। सभी नहरों का निरंतर संचालन किया जाएगा।

नगर में पशुओं के लिए नहीं है पानी की व्यवस्था

जलालपुर, अंबेडकरनगर

हैंडपंप चलाकर गाय को पानी पिलाता युवक।

अमृत विचार। भीषण चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल जानवरों को पानी पीने के लिए कहीं व्यवस्था नहीं है। वे नालियों और पाइप लाइनों से टपक रही बूंदों से अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। ऐसा ही एक मामला जलालपुर नगर के रामलीला मैदान में देखने को मिला। जहां एक गाय अपनी प्यास बुझाने के लिए सड़क के किनारे से गुजरी पाइपलाइन से टपक रहे पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रही थी।

इसके बाद एक युवक वहां पर पहुंचा और एक हैंडपंप चलाने लगा। हैंडपंप से पानी गिरता देख गाय पहुंच गई और पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। इसके बाद एक गाय का बच्चा भी आया और उसने भी पानी पिया। लोगों ने अव्यवस्थाओं पर भी उंगली उठाते हुए कहा कि अगर इन जानवरों को पानी-पीने के लिए व्यवस्था होती तो जानवरों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता।

पति को पीटकर मार डालने की आरोपी भाइयों सहित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- ननद को उपहार में एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देने को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में भाइयों के साथ मिलकर पति को पीट-पीटकर मार डालने की आरोपी पत्नी को पुलिस ने भाइयों सहित बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि मंगलवार यह हत्या महज इस लिए की गई थी क्योंकि पति अपनी बहन को एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी उपहार में देना चाहता था। इस घटना से न केवल गांव के लोग बल्कि पूरा जिला स्तब्ध रह गया है।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सहरी मजरे झरसावा गांव के निवासी 35 वर्षीय चंद्र प्रकाश मिश्र की बहन पूजा का विवाह 26 अप्रैल को होना है। शादी की तैयारियों में चंद्र प्रकाश भी लगा हुआ था। वह अपनी बहन को शादी में गिफ्ट के तौर पर एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देना चाहता था। लेकिन उसकी पत्नी छवि मिश्रा इसका विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी में मंगलवार को कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान महिला ने रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रामनगर के मोहल्ला कादिराबाद स्थित अपने मायके से भाई सहित दूसरे लोगों को बुला लिया।

जब घर में शादी के लिए जब मंडप रखा जा रहा था, तब उसी जगह पत्नी के मायके से आए लोगों ने चंद्र प्रकाश को ईंटों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में चंद्रप्रकाश को सीएचसी घूंघटेर पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक का एक वर्ष का बेटा गोपाल भी है।



सीओ फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह ने बताया कि पत्नी ननद की शादी में एलईडी टीवी देने का विरोध कर रही थी। इसी को लेकर विवाद हुआ और युवक की जान चली गई। अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में मृतका की पत्नी छवि, हिमांशु बाजपेई उर्फ लालू पुत्र उदय प्रताप वाजपेई, विकास वाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई, सुधांशू बाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई शामिल हैं। इसके अलावा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। जबकि अभियुक्त मोनू उर्फ आकाश बाजपेई पुत्र सत्यप्रकाश बाजपेई और प्रदीप शुक्ला पुत्र अहिरवादीन शुक्ला की पुलिस तलाश कर रही है।

पोस्ते के छिलके के साथ दो लोग गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को कोठी पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने साढ़े सत्रह किलो ग्राम पोस्ते के छिलके के साथ कोठी थाना क्षेत्र के सदरपुर निवासी दिलीप उर्फ शैलेन्द्र कुमार व सतरिख थाना क्षेत्र के निवासी मनीष कुमार को मुखबिरों की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने पोस्ते के छिलके को लाने ले जाने में उपयोग किए जाने वाले वाहन पिकअप बरामद कर दोनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

कांग्रेस के न्याय पत्र ने भाजपा कार्यकर्ताओं की उड़ाई नींद- तनुज

बाराबंकी, अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को विधानसभा रामनगर की कई न्याय पंचायतों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र सच्चाई का ऐसा दस्तावेज है, जिसने भाजपाइयों की नींद उड़ा दी है। इस न्याय पत्र में समाज के सभी वर्गों को न्याय देने की बात कही गयी है। उसे इस देश के नौजवान, किसान, महिलायें, मजदूरों, आदिवासियों सभी का अपार जनसमर्थन मिला है। जिसके चलते 2024 के आम चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा को करारी शिकस्त देकर देश में सरकार बनाने जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं. 86/2024

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि यात्रियों के सुविधा के लिए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल गाड़ियों का संचलन निम्नवत् किया जायेगा।

(1)गाड़ी सं. 05301/05302 मऊ- आंनद विहार (ट)-मऊ ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- मऊ से (गुरूवार) को दिनांकः 25.04.2024 सें 27.06.2024 = 10 फेरा, आनंद विहार (टी) से (गुरूवार) को दिनांकः 25.04.2024 से 27.06.2024 = 10 फेरा

गाड़ी सं. 05301 मऊ-आनंद विहार (ट)			गाड़ी सं. 05302 आनंद विहार (ट) - मऊ	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**04.00**	मऊ	**14.30**	---
04.42	04.44	बेलथरा रोड	13.38	13.40
05.20	05.22	भटनी	13.05	13.07
05.42	05.44	देवरिया सदर	12.40	12.42
06.50	07.00	गोरखपुर	11.30	11.40
07.35	07.37	खलीलाबाद	10.38	10.40
08.08	08.10	बस्ती	10.05	10.07
08.58	09.00	मनकापुर	09.05	09.07
09.25	09.35	गोंडा	08.38	08.40
10.35	10.37	बुढ़वल	07.35	07.37
12.18	12.23	सीतापुर	06.00	06.05
15.35	15.37	बरेली	02.55	02.57
17.20	17.22	मुरादाबाद	01.23	01.25
19.35	19.37	गाज़ियाबाद	22.53	22.55
20.30	---	आनंद विहार (ट)	---	**22.30**

रेक संरचना - शयनयान-07, साधारण द्वितीय श्रेणी- 04, एसी 2 टियर - 02, एसी 3 टियर इकोनोमी- 06, एलएसएलआरडी--01, लगेज-सह- जनरेटर यान - 01 = कुल 21 कोच

(2)गाड़ी सं. 05309/05310 मऊ- आंनद विहार (ट)-मऊ ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- मऊ से (रविवार) को दिनांकः 28.04.2024 सें 23.06.2024 = 09 फेरा, आनंद विहार (टी) से (सोमवार) को दिनांकः 29.04.2024 से 24.06.2024 = 09 फेरा

गाड़ी सं. 05309 मऊ-आनंद विहार (ट)			गाड़ी सं. 05310 आनंद विहार (ट) - मऊ	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**18.00**	मऊ	**04.00**	---
18.35	18.37	बेलथरा रोड	02.55	02.57
19.15	19.17	भटनी	02.00	02.02
19.37	19.40	देवरिया सदर	01.40	01.42
20.40	20.50	गोरखपुर	00.30	00.40
21.25	21.30	खलीलाबाद	23.55	23.57
21.55	21.57	बस्ती	23.30	23.32
22.40	22.42	मनकापुर	22.40	22.42
23.05	23.10	गोंडा	22.15	22.17
00.10	00.12	बुढ़वल	21.20	21.22
01.40	01.45	सीतापुर	19.45	19.50
04.45	04.50	बरेली	16.40	16.45
06.40	06.45	मुरादाबाद	14.45	14.50
08.55	08.57	गाज़ियाबाद	13.30	13.32
10.00	---	आनंद विहार (ट)	---	**12.30**

रेक संरचना - शयनयान-05, साधारण द्वितीय श्रेणी- 04, एसी 2 टियर - 02, एसी 3 टियर - 08, प्रथम सह द्वितीय एसी-01, एलएसएलआरडी-01, लगेज-सह- जनरेटर यान - 01 = कुल 22 कोच

(3) गाड़ी सं. 05323/05324 छपरा - आंनद विहार (ट)-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- छपरा से (सोमवार) को दिनांकः 29.04.2024 सें 24.06.2024 = 09 फेरा, आनंद विहार (टी) से (मंगलवार) को दिनांकः 30.04.2024 से 25.06.2024 = 09 फेरा

गाड़ी सं. 05323 छपरा-आनंद विहार (ट)			गाड़ी सं. 05324 आनंद विहार (ट) - छपरा	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**23.55**	छपरा	**17.30**	---
00.45	00.50	सिवान	16.10	16.15
01.25	01.30	थावे	15.15	15.20
02.00	02.02	तमकुही रोड	14.30	14.32
02.28	02.30	पडरौना	14.00	14.02
03.45	03.50	कप्तानगंज	13.15	13.20
04.50	05.00	गोरखपुर	12.15	12.25
05.40	05.42	खलीलाबाद	11.22	11.24
06.07	06.10	बस्ती	10.50	10.53
06.32	06.34	बभनान	10.14	10.16
06.52	06.54	मनकापुर	09.55	09.57
07.25	07.30	गोंडा	09.30	09.35
09.00	09.02	बाराबंकी	08.20	08.22
10.20	10.30	ऐशबाग	07.00	07.10
12.50	12.55	कानपुर सेंट्रल	05.24	05.29
14.27	14.29	इटावा	03.41	03.43
19.00	19.02	गाज़ियाबाद	23.15	23.17
20.00	--	आनंद विहार (ट)	--	22.30

रेक संरचना - साधारण द्वितीय श्रेणी- 02, शयनयान-15, एसी 3 टियर- 04, एसी 2 टियर-01, एसएलआरडी-02 = कुल 24 कोच

(4) गाड़ी सं. 05325/05326 गोरखपुर- लोकमान्य तिलक (ट) - गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- गोरखपुर से (प्रतिदिन) दिनांकः 25.04.2024 सें 10.05.2024 (27.04.2024 को छोड़कर)= 15 फेरा, लोकमान्य तिलक (ट) से (प्रतिदिन) दिनांकः 27.04.2024 से 12.05.2024 (29.04.2024 को छोड़कर) = 15 फेरा

गाड़ी सं. 05325 गोरखपुर -लोकमान्य तिलक (ट)			गाड़ी सं. 05326 लोकमान्य तिलक (ट) - गोरखपुर	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**21.15**	गोरखपुर	**18.00**	---
21.50	21.52	खलीलाबाद	16.43	16.45
22.20	22.25	बस्ती	16.00	16.02
23.45	23.47	मनकापुर	14.35	14.37
00.10	00.15	गोंडा	14.00	14.05
01.35	01.37	बाराबंकी	12.43	12.45
02.45	02.55	लखनऊ	11.35	11.45
05.25	05.30	कानपुर सेंट्रल	10.05	10.10
07.18	07.20	उरई	06.28	06.30
10.00	10.05	वीरांगना लक्ष्मीबाई	05.15	05.20
12.30	12.35	बीना	03.10	03.15
15.05	15.10	भोपाल	01.10	01.15
16.50	16.55	इटारसी	22.45	22.55
19.40	19.43	खण्डवा	19.40	19.43
21.45	21.50	भुसावल	17.25	17.30
01.30	01.35	नासिक रोड	13.30	13.35
04.40	04.45	इगतपुरी	12.40	12.45
06.30	06.35	कल्याण	10.57	11.00
06.50	06.55	ठाणे	10.35	10.38
07.25	---	लोकमान्य तिलक (ट)	---	**10.25**

रेक संरचना - साधारण द्वितीय श्रेणी- 04, शयनयान-12, एसी 3 टियर- 02, जीएसएलआरडी-02 = कुल 20 कोच

(5) गाड़ी सं. 05317/05318 छपरा - आंनद विहार (ट)-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- छपरा से (शनिवार) को दिनांकः 27.04.2024 सें 29.06.2024 = 10 फेरा, आनंद विहार (टी) से (रविवार) को दिनांकः 28.04.2024 से 30.06.2024 = 10 फेरा

गाड़ी सं. 05317 छपरा-आनंद विहार (ट)			गाड़ी सं. 05318 आनंद विहार (ट) - छपरा	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**23.55**	छपरा	**17.30**	---
00.45	00.50	सिवान	16.10	16.15
01.25	01.30	थावे	15.15	15.20
02.00	02.02	तमकुही रोड	14.30	14.32
02.28	02.30	पडरौना	14.00	14.02
03.45	03.50	कप्तानगंज	13.15	13.20
04.50	05.00	गोरखपुर	12.15	12.25
05.40	05.42	खलीलाबाद	11.22	11.24
06.07	06.10	बस्ती	10.50	10.53
06.32	06.34	बभनान	10.14	10.16
06.52	06.54	मनकापुर	09.55	09.57
07.25	07.30	गोंडा	09.30	09.35
09.00	09.02	बाराबंकी	08.20	08.22
10.20	10.30	ऐशबाग	07.00	07.10
12.50	12.55	कानपुर सेंट्रल	05.24	05.29
14.27	14.29	इटावा	03.41	03.43
19.00	19.02	गाज़ियाबाद	23.15	23.17
20.00	--	आनंद विहार (ट)	---	**22.30**

रेक संरचना - साधारण द्वितीय श्रेणी- 20, एलएसएलआरडी-01, लगेज-सह- जनरेटर यान - 01 = कुल 22 कोच

(6) गाड़ी सं. 05305/05306 छपरा - आंनद विहार (ट)-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

संचलन के दिन- छपरा से (मंगलवार एवं शुक्रवार) को दिनांकः 30.04.2024 सें 28.06.2024 = 18 फेरा, आनंद विहार (ट) से (बुधवार एवं शनिवार) को दिनांकः 01.05.2024 से 29.06.2024 = 18 फेरा

गाड़ी सं. 05305 छपरा-आनंद विहार (ट)			गाड़ी सं. 05306 आनंद विहार (ट) - छपरा	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**23.55**	छपरा	**17.30**	---
00.45	00.50	सिवान	16.10	16.15
01.25	01.30	थावे	15.15	15.20
02.00	02.02	तमकुही रोड	14.30	14.32
02.28	02.30	पडरौना	14.00	14.02
03.45	03.50	कप्तानगंज	13.15	13.20
04.50	05.00	गोरखपुर	12.15	12.25
05.40	05.42	खलीलाबाद	11.22	11.24
06.07	06.10	बस्ती	10.50	10.53
06.32	06.34	बभनान	10.14	10.16
06.52	06.54	मनकापुर	09.55	09.57
07.25	07.30	गोंडा	09.30	09.35
09.00	09.02	बाराबंकी	08.20	08.22
10.20	10.30	ऐशबाग	07.00	07.10
12.50	12.55	कानपुर सेंट्रल	05.24	05.29
14.27	14.29	इटावा	03.41	03.43
19.00	19.02	गाज़ियाबाद	23.15	23.17
20.00	---	आनंद विहार (ट)	---	**22.30**

रेक संरचना - साधारण द्वितीय श्रेणी- 04, शयनयान-04, एसी 3 टियर- 10, एसी 2 टियर-02, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच

मुजाधि/टी–18 ए मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

Regarding Name correction. Class 10th UID NO.-8434902, Student Name - Mohammad Owaish Previous wrong name: Mohd Owaish, School Name : ST. Peter Inter College Nanpara, Bahraich (U.P.) **Address Village Maraucha, 271902 District Bahraich.**

सूचना

सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी–सेक्टर K–808बी, आशियाना, लखनऊ, मो0– 8795488888**, हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0– 1, जिल्द सं0–18238, पृष्ठ सं0–261 से 300 पर क्रमांक–26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेक्शन डीड नम्बर–01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक– 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक –15.11. 2011 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

सूचना

नगर निगम के अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आईरा बनर्जी (Aaira Banerjee) दर्ज है । अब हमने उसका नाम बदलकर देविशा बनर्जी (Devisha Banerjee) रख दिया है। भविष्य में उसे देविशा बनर्जी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **दीपिका बनर्जी पत्नी शुभोजीत, निवासिनी 276/89/29 मेयोर रोड, राजापुर, प्रयागराज।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मो0 शारिक सिद्धीकी उर्फ चाँद बाबू को उसके गलत चाल–चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरी सम्पत्ति से मो0 शारिक सिद्धीकी उर्फ चाँद बाबू का किसी प्रकार का भविष्य में कोई सम्बन्ध नहीं है। उसके द्वारा किये किसी भी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **महबूब अली पुत्र स्व0 मकसूद अली निवासी पैसार निकट पल्हरी चौराहा फैजाबाद रोड, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी।**

सूचना

मैं अनिल कुमार बाजपेई पुत्र स्व. रामशंकर बाजपेई निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना देवा जनपद बाराबंकी अपने पुत्र प्रदीप कुमार बाजपेई को गलत चाल चलन और असमाजिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज दि. 24.04.2024 से मेरा मेरे पुत्र प्रदीप कुमार बाजपेई से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और उसके द्वारा किये गये किसी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

मैंने अपना नाम ABDUL REHMAN ANSARI से बदल कर ABDUL KHABEER कर लिया है। आज से हमें इसी नाम से जाना जाएगा। **ABDUL KHABEER S/O QAMRUDDIN ANSARI ग्राम व पोस्ट कटरा शंकर नगर बलरामपुर।**

सूचना

मैंने अपना नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार यादव रखा है अब से मुझे अनिल कुमार यादव के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अनिल कुमार यादव पुत्र भोला नाथ निवासी– 28, सैफाबाद डिंगरापुर कलवारी धोभहट, जिला– बस्ती।**

सूचना

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र बंटी पाल के नाम से एलआईसी में एक पालिसी ली थी जिसकी पालिसी संख्या 219386222 है। पालिसी में आवेदक का नाम राजेंद्र पाल अंकित है। जबकि शपथी के बैंक पासबुक और आधार कार्ड में सूरज पाल लिखा है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अतः मुझे सूरज पाल व राजेन्द्र पाल दोनों नाम से जाना और पहचाना जाये। **सूरज पाल पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी– गड़रियनपुरवा सलारपुर, पोस्ट– कल्पीपारा, थाना– दरगाह बहराइच।**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रवि कुमार व बहू मनीषा उर्फ अंकिता पत्नी रवि कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपने समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होंगे। **शम्भू नाथ पुत्र महादेव व राजपति पत्नी शम्भूनाथ निवासी वार्ड नं0 6 शिव नगर नगर पंचायत नसीराबाद तह0 सलोन थाना नसीराबाद जिला रायबरेली हाल नि0 ई–262 चणक्य प्लेस–1 गली नं0 9 उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री की भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी सं0– 275000057 में मेरी पुत्री का नाम सृष्टि वर्मा अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेख एवं आधार कार्ड में उसका नाम रिष्टि वर्मा अंकित है जो कि शुद्ध व सही है। सृष्टि वर्मा व रिष्टि वर्मा दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं। अतः मेरी पुत्री की पालिसी सं0– 275000057 में उसका सही नाम रिष्टि वर्मा अंकित किया जाये। **ज्ञान प्रभा पत्नी संतोष कुमार वर्मा निवासी– ग्राम– पूरे लुटई (अमहट), पोस्ट– दूबेपुर, जिला– सुल्तानपुर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मो आज़म खान पुत्र शकील अहमद है मैं मोहल्ला चांद पूरा का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 आज़म खान पुत्र शकील अहमद है जब कि मेरे डी एल में एम ए खान पुत्र खादिम खान लिखा है जो गलत है कृपया आधार कार्ड वाला नाम सही पढ़ा/माना जाए। **मोहम्मद आजम खान चांदपुरा बहराइच।**

एक नजर

पिकअप की चपेट में आने से बालक की मौत

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के टांडा-बसखारी मार्ग पर स्थित चिंतौरा पेट्रोल टंकी के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से पांच वर्षीय असबान पुत्र असलम निवासी चिंतौरा खुर्द की मौत हो गई। टांडा की तरफ से सामान लेकर तेज रफ्तार पिकअप बसखारी की ओर जा रही थी। तभी पेट्रोल टंकी के ठीक सामने पांच वषीय असबान पिकअप की चपेट में आ गया उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

युवकों ने बरातियों को पीटा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बरात से वापस लौट रहे बरातियों पर घात लगाए कुछ युवकों ने उन्हें डंडों से पीटना शुरू कर दिया। लोगों को इकट्ठा होते देख सभी भाग खड़े हुए। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर मालीपुर रोड स्थित राइस मिल के निकट का है। भिस्वा छितौना गांव निवासी रामजीत के यहां से जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर गांव में रामकुमार के यहां मंगलवार को बारात आई थी। बुधवार सुबह विदाई हुई। एक ट्रैक्टर पर शादी में मिले सामान को लेकर कुछ लोग निकले राइस मिल से आगे पहुंचे तो सड़क के किनारे पहले से ही घात लगाकर चार-पांच लोगों ने ट्रैक्टर को हाथ देकर रुकवा लिया और डंडे से ट्रैक्टर चालक को पीटना शुरू कर दिया। बगल में बैठे राज और अवनीश को भी चोट आई। ग्रामीण इकट्ठा हुए तो युवक भाग निकले।

जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। हंसवर पुलिस ने जिला बदर अपराधी प्रिन्स गौड़ को मुण्डेरा मोड़ से गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

दुष्कर्म का आरोपी बंदी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना मालीपुर क्षेत्र में पुलिस ने दुष्कर्म के नाबालिग अपराधी को गिरफ्तार किया है। मालीपुर पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों और पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित बाल अपराधी को मुखबिर की सूचना पर खजुरी टैम्पो स्टेण्ड के पास से गिरफ्तार किया है।

अपराधी को भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने बुधवार को जिलाबदर आलमीन पुत्र अब्दुल कादिर निवासी ग्राम चमनगंज कस्बा इल्तिफातगंज को कब्रिस्तान गेट के पास जिलाबदर आदेश के उल्लंघन में में गिरफ्तार कर लिया।

शादी समारोह में भोजन करने से 140 लोगों की बिगड़ी तबियत

घरातियों-बरातियों के अचानक बीमार होने से मची अफरा-तफरी, फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित लोगों को अकबरपुर जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

अकबरपुर जिला अस्पताल में भर्ती युवती। अमृत विचार

एक ही बेड पर दो रोगियों का किया जा रहा उपचार। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जनपद में एक वैवाहिक कार्यक्रम में भोजन करने के बाद लगभग 140 लोगों की तबियत खराब हो गई। ज्यादातर लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। बरातियों और घरातियों की फूड प्वाइजनिंग से तबियत खराब होने के बाद अकबरपुर जिला अस्पताल में 70 लोगो को भर्ती कराया गया। जिसके बाद स्थिति में सुधार होने के बाद करीब 35 लोगों को जिला अस्पाल से डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं करीब 35 लोगों का अब भी वहां पर इलाज चल रहा है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के रतना गांव के राम नयन प्रजापति के बेटे की बरात बेवाना थाना क्षेत्र के अटंगी गांव के सीताराम प्रजापति के घर आई थी। नाश्ते और भोजन के बाद बरातियों और घरातियों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। पहले एक-दो लोगों की तबियत बिगड़ी तो इसे सामान्य रूप से लिया गया, लेकिन देखते-ही-देखते यह संख्या बढ़ने लगी और वहां मौजूद अधिकतर लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। इसके बाद वहां पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बीमार लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। हालांकि फूड प्वाइजनिंग कैसे हुई अभी तक इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। खाद्य सुरक्षा विभाग मामले की जांच कर पता लगाएगा।

जिला अस्पताल में भर्ती फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोग। अमृत विचार

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि करीब 70 लोगों को जिला अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग के बाद भर्ती कराया गया है। जिसमें से करीब आधे लोगों को स्थिति में सुधार होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। वहीं करीब 35 लोगों का जिला अस्पताल में अब भी इलाज चल रहा है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि बीमार लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि रसमलाई और चाऊमीन खाने के बाद सभी की हालत बिगड़ी है। सभी को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएमओ डॉ. राजकुमार और जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ओमकाश लगातार मरीजों की देखभाल में लगे हैं। सभी की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

जिलाधिकारी और एसपी ने बीमार लोगों का जाना हालचाल

जिला अस्पताल में मरीजों का हाल चाल लेते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीएमओ डॉ. राजकुमार व अन्य।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय अकबरपुर में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। जिलाधिकारी ने वहां पहुंचकर सभी मरीजों से हाल-चाल लिया और वहां पर उपस्थित चिकित्सक से उनके दवाओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि सभी मरीजों का इलाज ठीक ढंग से चल रहा है।

खाद्य सुरक्षा की टीम ने जांच के लिए संग्रहीत किए नमूने

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सीताराम प्रजापति के घर पर आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में मंगलवार की रात्रि में भोजन करने के बाद लगभग 140 घराती और बराती बीमार हो गए। सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को सीताराम के घर पर पहुंचकर तैयार किए गए खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया। खाद्य पदार्थों को तैयार करने में प्रयुक्त किए गए पैक खाद्य पदार्थों की निर्माण तिथि और बेस्ट यूज बिफोर तिथि समयान्तर्गत पायी गयी। वैवाहिक समारोह में तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए भेजे गए हैं।

शादी में शामिल होकर लौटे 26 लोग बीमार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। बारात से फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए गांव लौटे कुल 26 मरीजों का इलाज सीएचसी भियांव के चिकित्सक व कर्मी कर रहे हैं।

बता दें कि भियांव ब्लॉक क्षेत्र के गांव रतना से मंगलवार को बेवाना थानाक्षेत्र के अटगी मुंगरी गांव में बारात गई हुई थी। जहां नाश्ता, खाना खाने से सैकड़ों लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए।

रात में ही उल्टी, दस्त, पेट में मरोड़ आदि शुरू हो गया। भियांव के डॉक्टर अशोक कुमार, फार्मासिस्ट मंसाराम, लैब टेक्नीशियन अमित पांडे और वार्ड बॉय राकेश मौर्या गांव पहुंचे और कैंप शुरू कर दिया। जहां कुल 26 बराती बीमार मिले। जिन्हें ओआरएस सॉल्यूशन के साथ विभिन्न प्रकार की दवाइयां दी गईं। अधीक्षक उमेश चौहान ने बताया कि गांव में कैंप लगाया गया है। जहां लोगों का इलाज चल रहा है। किसी की भी हालत गंभीर नहीं है।

विज्ञापन प्रसारित कराने से पहले जानकारी दें दल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक और प्रमुख राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम का रेंडमाइजेशन एनआईसी कक्ष में किया गया।

सचिव एमसीएमसी जिला सूचना अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापन पूर्व प्रमाणीकरण, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में फेक न्यूज आदि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी कमेटी का कंट्रोल रूम स्थापित है। उम्मीदवारों, प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर किसी भी विज्ञापन को प्रसारित करने से पहले उसके कंटेंट को जिला एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणन आवश्यक कराएं।

लोकतंत्र के महापर्व में भाग लें मतदाता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद वासियों को 25 मई को अपने मतदेय स्थल पर मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अनुरोध किया कि 25 मई को अपने परिवार के साथ वोट देने जरूर जाएं। उन्होंने लोगों से अपील किया कि जो परिजन रोजगार आदि के लिए बाहर रहते हैं उन्हें बुलाकर मतदान कराएं।

पुल के नीचे मिला युवक का शव

हत्या की आशंका

- घर से दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था युवक
- सीमा विवाद में उलझी रही दो थानों की पुलिस

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। पुल के नीचे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दो थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में अतरौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला नरियांव-सिकंदरपुर मुख्य मार्ग का है।

बता दें कि मंगलवार को कनैला पुल के नीचे एक युवक का शव देखा गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर जहांगीरगंज और पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के अतरौलिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम कुछ देर सीमा विवाद में उलझी रही।

मृतक युवक की पहचान सुरेंद्र (28) पुत्र पारस यादव निवासी देवरिया पंडित थाना राजेसुल्तानपुर के रूप में हुई है। शव अतरौलिया थाने की सीमा में होने के चलते पड़ोसी जनपद की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक सुरेंद्र बीते दिवस घर से दिल्ली जाने की बात कह कर निकला था, लेकिन किन परिस्थितियों में यहां पहुंचा यह एक बड़ा सवाल है। सुरेंद्र के चेहरे पर चोट के निशान भी देखे गए हैं जो अनहोनी की तरफ इशारा कर रहे हैं। हत्या की आशंका की जांच में जुटी अतरौलिया पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के इलाकों में देर शाम तक लोगों से जानकारी हासिल की।

धोखाधड़ी के मामले में तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम ने धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।। आरोपियों के पास से 14 आधार कार्ड, 29 एटीएम, 10चेक बुक, 12 पासबुक, 07 श्रम कार्ड, 07 जमा पर्ची, 03 मोबाइल फोन, 04 सिम कार्ड बरामद किया है।

अकबरपुर पुलिस टीम ने धोखाधड़ी करने वाले सूरज, राहुल व सन्तोष को थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेवतरिया वाईपास ओबर ब्रिज के नीचे बसखारी रोड से गिरफ्तार किया है।

पीठासीन अधिकारियों को करें प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान प्रतिशत संकलन एप एमपीएस एप के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने मतदान प्रतिशत संकलन एप के बारे में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को बताया। उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से मतदान दिवस के दिन मतदान के दौरान प्रति 2 घंटे पर इस ऐप से मतदान प्रतिशत भेजना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि इस ऐप के बारे में पीठासीन अधिकारियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित कर दिया जाए। जिससे मतदान के दिन समय-समय पर एप के माध्यम से मतदान प्रतिशत आयोग को उपलब्ध कराया जा सके। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर जिम्मेदारों को दें ईवीएम की जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर उपस्थित समस्त उप जिलाधिकारी को बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 25 मास्टर ट्रेनर भेजे जा रहे हैं, जिसके माध्यम से संबंधित कार्मिकों को ईवीएम की जानकारी प्रदान कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान दिवस के लिए एक मैपिंग तैयार करें, जिससे ईवीएम की छोटी-छोटी कमियों को दूर करने के लिए 5 से 10 मिनट के अंदर संबंधित मतदान केंद्रों पर ट्रेनरों को भेजा जा सके। जिससे कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना उत्पन्न हो। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, मास्टर ट्रेनर, संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

निष्पक्ष और पारदर्शी कराया जाएगा लोकसभा चुनाव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम, वीवी पैट और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपस्थित प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा इस पर संतुष्टि जताई गई। इसके उपरांत निर्वाचन संबंधी अन्य तैयारियां का भी जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। सभी व्यवस्थाएं मौके पर ठीक-ठाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, एएसपी विशाल पांडेय आदि थे।

मेधावियों को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित

श्यामलाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ प्रबंधक केदारनाथ वर्मा।

मालीपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। श्याम लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज ताहापुर मालीपुर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रबंधक केदारनाथ वर्मा की तरफ से माल्यार्पण कर एक हजार रुपए नकद और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल की शिवमला 92.33 प्रतिशत, निराली 91.50 प्रतिशत, रूपसानी 88.50 प्रतिशत और इंटरमीडिएट की अंशिका 83.50 प्रतिशत, आयुषी 82.80 प्रतिशत, शिवांगी ने 80.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय के साथ-गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर प्रबंधक केदारनाथ वर्मा प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार मिश्र, आरडी यादव समेत अन्य लोगों ने प्रसन्नता जतायी है।

सीमेंट लदा वाहन ले जाने के मामले में एक गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना अलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री यूनिट टाण्डा से सीमेन्ट से लदा वाहन धोखाधड़ी से फैक्ट्री से बाहर ले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमें से संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना अलीगंज पर सूचना मिली की अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री यूनिट टाण्डा सीमेन्ट वर्क्स ग्राम फत्तेपुर कन्नौडा में रात्रि में फैक्ट्री में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड अंशुमान वर्मा व उसके चार अन्य सहयोगियों द्वारा धोखाधड़ी करके सीमेन्ट से लदा एक वाहन जिसमें लगभग 640 बोरी सीमेन्ट फैक्ट्री से लेकर कहीं बाहर चले गए। उच्चाधिकारीयों के निर्देश पर थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे थे। मुखविर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अंशुमान वर्मा को सम्हरिया चैराहे पर लकी टी स्टाल से गिरफ्तार किया गया है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

तीन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

करनैलगंज, अमृत विचार : ग्राम सेखन पुरवा निवासी देवनारायन की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इसमें अवधेश, लाल बहादुर व नीलम का नाम शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2015 में देवनारायन ने दान उपहार देकर पुत्री अनसुइया की शादी अवधेश से की थी। तीन वर्ष बाद उसकी पुत्री विदा होकर ससुराल गई और पत्नी धर्म का पालन करने लगी। दहेज कम मिलने की बात कहकर उसे मारपीट करने लगे। 20 अप्रैल को ससुराल वाले अनुसूइया की पिटाई करके उसके घर छोड़कर चले गए। और धमकी दिए की यदि बिना दुधारु पशु व सोने की जंजीर के मेरे यहां आई तो घर में नहीं रहने दूंगा। प्रभारी निरीक्षक परसपुर ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

20 हजार राशनकार्ड के आवेदन हैं लंबित

राशनकार्ड की चाहत में आवेदक पूर्ति विभाग का लगा रहे हैं चक्कर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: राशनकार्ड की चाहत आवेदक को भारी पड़ रही है। करीब 20 हजार आवेदन पूर्ति विभाग के वेबसाइट पर लंबित हैं। राशन कार्ड की उम्मीदों पर पूर्ति विभाग की लापरवाही भारी पड़ रही है।

पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशनकार्ड का कोटा फुल होने के कारण इनका राशन कार्ड नहीं बन रहा है। अपात्रों को अधिकारी खोज ही नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पांच लाख 40 हजार परिवारों के पास पात्र गृहस्थी व 65 हजार परिवारों के पास अंत्योदय राशन कार्ड है। इन्हें हर माह 1392 कोटेदारों के माध्यम से मुफ्त गेहूं व चावल मिलता है। इनमें से अपात्र भी है। बंगला, गाड़ी व कोठी के मालिक होते हुए भी गरीब कल्याण योजना का लाभ ले रहे हैं। इन अपात्रों की पहचान के लिए पूर्ति विभाग ने न्याय पंचायत वार सत्यापन कराया, लेकिन उसमें खानापूर्ति हो गई। सत्यापन में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपात्रों की रसूख के चलते उनके अपात्र होने की रिपोर्ट नहीं दी। अपात्रों की पहचान न होने का खामियाजा अब राशनकार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर चुके 20 हजार परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। इनके आवेदन पूर्ति विभाग में डंप है लेकिन विभागीय अधिकारी कोटा फुल बताकर इन्हें वापस लौटा रहे हैं।

राशनकार्ड के लंबित आवेदन

लंबित आवेदनों में परसपुर ब्लाक में सबसे अधिक हैं, जहां के 1545 आवेदन लंबित हैं। इसी प्रकार बभनजोत ब्लाक में 1325, बेलसर में 689, छपिया में 1341, कर्नलगंज में 1253, हलधरमऊ में 1366, इटियाथोक में 1080, झंझरी में 1127, कटराबाजार में 1221, मनकापुर में 1343, मुजेहना में 905, नवाबगंज में 656, पड़री कृपाल में 552, रुपईडीह में 527, तरबगंज में 899, वजीरगंज में 1483, गोंडा नगर पालिका परिषद में 280, कर्नलगंज नगर पालिका परिषद में 108, नवाबगंज में 51, नगर पंचायत खरगूपुर में 56, कटरा बाजार में 32 व मनकापुर में 37 समेत 20 हजार परिवारों के आवेदन लंबित हैं। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि लाभार्थियों की सूची से अपात्रों के हटने के बाद ही नए राशनकार्ड बन सकेंगे। कई ब्लाकों से सत्यापन की रिपोर्ट नहीं मिली है जिससे राशनकार्ड नहीं बन पा रहे हैं।

निलंबन की गिर रही गाज, फिर भी गड़बड़ी कर रहे कोटेदार

निलंबन और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज हो रहा केस

आदत से लाचार

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली की मजबूती पर सरकार का जोर
- घटतौली रोकने को कोटेदारों को दी गई है इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी व मजबूत बनाने के लिए शासन की ओर से नित नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं। गरीबों को पूरा खाद्यान्न मिले इसके लिए पूर्ति विभाग तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर रहा है। सरकार को ऐसी शिकायत मिल रही थी कि कोटेदार घटतौली कर रहे हैं। कम खाद्यान्न राशन कार्ड धारकों को दे रहे हैं। इस पर सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए सभी कोटेदारों को इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन दे दी। सरकार को लगा कि इससे घटतौली पर पूरी तरीके से रोक लग जाएगी। सभी कोटेदारों ने अपनी दुकान पर मशीन भी लगाई है। लेकिन घटतौली का नया तरीका भी इजाद कर लिया।

शिकायत में अक्सर यह बात आ रही है कि कोटेदार अंगूठा लगवा ले रहे हैं लेकिन खाद्यान्न बाद में देते हैं। जब राशन कार्ड धारक दोबारा खाद्यान्न लेने जाता है तो कोटेदार पहले ही तौल कर खाद्यान्न रख लेते हैं। जिसमें खाद्यान्न कम रहता है। शिकायत जनपद में लगातार बढ़ रही है। जिस पर पूर्ति विभाग जांच कर कार्रवाई भी कर रहा है।

केस-1

विकास खंड झंझरी के कटहा माफी गांव के कोटेदार मनमोहन पर कम खाद्यान्न देने का आरोप लगा था। शिकायत थी कि कोटेदार अंगूठा लगवा कर खाद्यान्न के लिए दौड़ा रहे हैं। कम खाद्यान्न भी दिया जा रहा है। अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। जब यह शिकायत पूर्ति विभाग को मिली तो इसकी जांच संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक को सौंपी गई। जांच हुई तो चौकाने वाला मामला सामने आया। कोटेदार के स्टाक का सत्यापन हुआ, तो लगभग 95 क्विंटल गेहूं, चावल कम पाया गया। शिकायत को लेकर राशन कार्ड धारक से भी बयान लिए गए। जिसमें शिकायत सही पाई गई। पूर्ति विभाग ने कोटेदार के खिलाफ आवश्यक अधिनियम के तहत नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसके साथ पुलिस ने शुरू कर दी है।

केस-2

विकासखंड धानेपुर अंतर्गत रेतवा गाड़ा कोटेदार पर कम खाद्यान्न देने का आरोप लगा जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पूर्ति विभाग की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। पूर्ति विभाग को शिकायत के क्रम में कई गड़बड़ी पाई गई। अब विभाग की ओर से कोटेदार को नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया है। विभागीय लोगों की मानें तो कोटेदार पर जो आरोप लगे हैं। वह जांच में सामने आए हैं। कोटेदार पर अभद्रता करने का भी आरोप लगा है। जिसकी जांच पूर्ति विभाग की टीम कर रही है। माना जा रहा है कि यदि कोटेदार द्वारा स्पष्टीकरण देने में लापरवाही बरती गई तो इस दुकान पर भी निलंबन की गाज गिर सकती है। फिलहाल इस दुकान पर कार्रवाई जांच रिपोर्ट व जवाब मिलने पर ही की जाएगी। फिलहाल सरकार का प्रयास रहता है कि गरीबों के हिस्से का पूरा खाद्यान्न उन तक पूरी मात्रा में पहुंचे। इसके लिए विभाग में कई बदलाव भी किए गए हैं। लेकिन कुछ कोटेदार अपने मनमानी तरीके में बदलाव नहीं करना चाहते हैं। जिसका खामियाजा राशन कार्ड धारकों को भोगना पड़ता है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत तथा पारदर्शी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पूर्ति निरीक्षक ओचक निरीक्षण कर रहे हैं। जहां भी कम का खाद्यान्न मिलने की शिकायत मिल रही है। उनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में दो दुकानों की जांच हुई थी, जिसमें एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जबकि दूसरे कोटेदार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने पर परीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी। वितरण मे गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

वोटरों को जागरूक करेंगी महिला ग्राम प्रधान

डीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्राम प्रधानों के साथ मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए हम सभी ग्राम प्रधान सभी मतदाताओं को मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। मतदाताओं को मतदान करने के संबंध में विभिन्न प्रकार के माध्यम से हम लोग एक साथ मिलकर जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधानों ने मतदाता जागरूकता के संबंध में अपने अपने विचार प्रतुत किये। जनपद के सभी ग्राम प्रधानों ने एक साथ मेरा गोण्डा मेरी शान का नारा लगाते हुए कहा कि अबकी बार सभी लोग जनपद में शत प्रतिशत मतदान करने लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद के पुरुष एवं महिला ग्राम प्रधान शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधानों ने बताया कि जिलाधिकारी की अनूठी पहल को हम सभी लोग पूरे जनपद में जनजन तक जरूर पहचायेंगे कि आगामी 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में निकल कर अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करें, और अपने घर के आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, और 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करके अपने जनपद का नाम सर्वाधिक मतदान प्रतिशत में अंकित कराकर जिले का नाम रोशन कराने का भागीदार अवश्य बने। उन्होंने कहा जिलाधिकारी की ओर से यह काफी सराहनीय कदम है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, मंच संचालक रघुनाथ पाण्डेय, जिला समन्वयक पंचायत विभाग अभय प्रताप सिंह रमन, डीपीएम, एडीपीएम सहित अन्य सभी विभाग से संबंधित लोग उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधानों को संबोधित करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते प्रधान। अमृत विचार

प्रधानों से जागरूकता फैलाने पर चर्चा करतीं बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव। अमृत विचार

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

मनकापुर, अमृत विचार : बुधवार को पंचायती राज दिवस पर खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में पंचायत विभाग द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा का ग्राम प्रधानों के साथ संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ब्लॉक परिसर में देखा गया। बुधवार को ब्लाक परिसर स्थित सभागार में बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव के नेतृत्व में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव लोगों से बीडीओ ने अपील करते हुए कहा कि आगामी 20 मई को प्रत्येक व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है वे सभी अपने अपने बूथ पर जाकर मतदान करें जिससे सर्वाधिक मतदान प्रतिशत होने पर जनपद का नाम रोशन हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने गांव व आसपास के लोगों को प्रेरित करके मतदान कराने का सहयोग करें ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ ने ग्राम प्रधानों व ग्राम सचिवों को मतदान कराने को लेकर संकल्प दिलाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी, एडीओ पंचायत राकेश कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान विजय चौहान, पप्पू सिंह अवधेश कुमार उपाध्याय, कृष्ण कुमार वर्मा, राकेश कुमार, सी के पाठक, मनोज कुमार वर्मा, धनपतिधर शुक्ल, राघवेन्द्र सिंह, ग्राम सचिव उमेश कुमार द्विवेदी, रुचि शुक्ला, मनीषा यादव, उमेश सिंह यादव, राम अजोर, राम सनेही, अनुरुध यादव, अतुल त्रिपाठी, बाल कृष्ण पाण्डेय, संतोष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

खजुरिया में हनुमान जयंती पर भागवत कथा शुरू

नवाबगंज, अमृत विचार : सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद मजरे गांव खजुरिया में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में गांव की सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों तथा युवाओं ने बड़ी ही श्रद्धा भक्ति के साथ भजन संकीर्तन एवं राधे नाम की जय घोष के साथ देवी देवताओं के पूजा अर्चना करते हुए जलाशय में जाकर वरुण का आह्वान और जल पूजन किया। सामाजिक चेतना जागृत करने की दृष्टि से कथा के प्रथम दिन यजमान धनलाल यादव व उनकी पत्नी द्वारा आचार्य भोलानाथ शास्त्री का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आचार्य ने वेद मंत्र एवं मंगलाचरण के साथ देवी एवं देवताओं का आह्वान कर पूजा अर्चना संपन्न कराई।

छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते शिक्षक। अमृत विचार

बच्चे अभिभावकों को करेंगे मतदान के लिए प्रेरित

खरगूपुर, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिक्षकों एवं छात्रों ने रैली निकाली। श्री सत्य साईं इंटर कॉलेज की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से कहा गया कि वे अपने माता-पिता के साथ ही पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी ने मतदान के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्या प्रसाद, शिव कुमार, शिव नारायण शुक्ला, रामजी तिवारी, पुरुषोत्तम यादव, शिल्पी प्रजापति, गुड़िया तिवारी आदि मौजूद रहीं।

मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग में शिक्षिकाओं के साथ छात्राएं। अमृत विचार

एनजीएम की छात्राओं ने किया भ्रमण

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की बीए. सिक्स सेमेस्टर एवं एमए सेकंड सेमेस्टर की छात्राओं का एक शैक्षणिक भ्रमण गोंडा मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग में कराया गया। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. सीमा श्रीवास्तव एवं शिक्षिका कंचनलता पाण्डेय एवं डा. विमला के नेतृत्व में लगभग 55 छात्राओं के ग्रुप ने मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग की मनोचिकित्सक डा. आकांक्षा शंकर के साथ ओपीडी में जाकर मानसिक रोगियों से मिलकर बीमारियों के लक्षण के बारे में जाना। लक्षणों को देखकर बीमारियों के नाम बताये। डा. आकांक्षा शंकर ने छात्राओं से विभिन्न बीमारियों के लक्षण बताते हुए बीमारियों के बारे में पूछा जिनका छात्राओं ने बिलकुल सही जवाब दिया। मनोविज्ञान विभाग का यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए अति लाभकारी रहा। मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारियों ने मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से अति प्रभावित होकर महाविद्यालय में मनोचिकित्सा पर एक सेमिनार करने का आग्रह किया है।

कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचार: गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर तिवारी धर्म कांटा के निकट अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को ठोकर मार दी। इसमें बुजुर्ग की मौत हो गई। इसकी जानकारी इटियाथोक पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से बुजुर्ग को जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़री पारासराय ग्राम पंचायत निवासी बाबूराम पुत्र बहादुर (65) साइकिल से नए गांव स्थित ईंट भट्टे पर पैसा जमा करने गए थे। उधर से गोंडा बलरामपुर राजमार्ग निकट तिवारी धर्म कांटे के पास पहुंचे ही थे अचानक तीव्र गति से आ रही कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। इस बारे में अपराध अधीक्षक इटियाथोक रमाशंकर राय ने बताया कि कर से एक साइकिल सवार की टक्कर हुई है जिसमें पड़री पारासराय निवासी बुजुर्ग बाबूराम उम्र लगभग 65 वर्ष की मौत हो गई है कार को कब्जे में ले लिया गया है मृतक के शव का पीएम करवाया जा रहा है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की गई जान: गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मंगलवार को एक प्रतिष्ठान पर काम समाप्त कर घर लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। गोंडा-कटहाघाट मार्ग पर बेलवा चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से जीत बहादुर मुन्ना (45) पुत्र चंद्रेश सिंह निवासी कटैला पूरे निहाल थाना परसपुर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मुन्ना गोंडा में पिज्जा हाउस में बावर्ची का काम करता था। दुकान बंद होने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर कटैला पूरे निहाल जा रहा था। मुन्ना के दो बेटे है। बादल सिंह (22) सागर सिंह(18) जबकि बेटी का विवाह हो चुका है। मुन्ना चार भाइयों में सबसे बड़े थे।

सड़क दुर्घटना में घायल चौथे युवक ने भी दम तोड़ा

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचार: एक ही बाइक पर सवार होकर निकले चार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराने के कारण मंगलवार को तीन युवकों की मौत हो गई थी। एक युवक का इलाज जिला मुख्यालय पर चल रहा था। बुधवार को चौथे युवक की भी मौत हो गई।

मंगलवार को थाना इटियाथोक के बेंदुली गांव मोड़ के पास की है। खरगूपुर इटियाथोक मार्ग पर स्थित बेंदुली मोड़ है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव निवासी मोहम्मद बिलाल(22) पुत्र मोहम्मद मुंसरीफ, मोहम्मद अहमद (21) पुत्र सिद्दीक, मोहम्मद रिजवान(20) पुत्र वली मोहम्मद व मोहम्मद शाहिद (22) पुत्र दद्दू एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट लगाए खरगूपुर की ओर से अपने घर इटियाथोक की ओर जा रहे थे। युवक बेंदुली गांव के पास पहुंचे ही थे कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक एक पेड़ से जा टकराई। जिससे चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया था। मोहम्मद शाहिद व मोहम्मद रिजवान को मेडिकल कालेज गोंडा मुख्यालय पर भर्ती कराया गया था। इसमें मोहम्मद शाहिद की भी मौत हो गई थी और मोहम्मद रिजवान का इलाज चल रहा था। बुधवार को चौथे युवक मोहम्मद रिजवान की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चारों युवक एक साथ बाहर रहकर काम करते थे। कुछ दिन पहले वे एक साथ घर आए थे। मंगलवार को वे सभी श्रावस्ती की ओर सैर सपाटा करने गए थे। लौटते समय वे मोबाइल से रील बना रहे थे लेकिन काल ने एक साथ चारों दोस्तों को निगल लिया।

हर मतदाता करे मताधिकार का प्रयोग

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय पर बूथ सम्मेलन का आयोजन

गोंडा कार्यालय

बूथ सम्मेलन में बोलते अभिजात मिश्र। अमृत विचार

अमृत विचार: जिला मुख्यालय पर भाजपा चुनाव कार्यालय पर बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा, सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह, जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, गोंडा लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने बूथ व्यवस्था पर जानकारी साझा की।

अभिजात ने कहा भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है। 20 मई को मतदान है। मतदान पूर्व प्रत्येक मतदाता को वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। यह सुनिश्चित करना है कोई भी वृद्ध या अस्वस्थ मतदाता को अपना मतदान करने में कोई परेशानी ना आए। अपनी अपनी वोटर लिस्ट का पूर्वावलोकन कर लेना हम सभी के लिए श्रेयस्कर होगा। अपने बूथ पर पन्ना प्रमुखों के घरों की जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराएं। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि 25, 26, 27 एवं 28 को मेहनौन, मनकापुर, गौरा एवं उतरौला के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन होने हैं। इन सम्मेलनों के साथ-साथ एक से 10 मई के मध्य युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, पिछड़ा सम्मेलन, अनुसूचित वर्ग सम्मेलन एवं किसान सम्मेलन प्रत्येक विधानसभा में अलग-अलग आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पन्ना प्रमुख का सम्मेलन भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। संचालन जिला उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्रा ने किया। सम्मेलन में जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल,अभिषेक दत्त त्रिपाठी, सिद्धार्थ मिश्रा, शिवा यादव, श्याम सुंदर मौर्य, उपाध्यक्ष अंजू सिंह खरवार, मंडल प्रभारी राघवेंद्र ओझा, श्री श्याम अवस्थी मंच पर उपस्थित रहे।

देश भर में महक रहा कैसरगंज:बृजभूषण

कटरा बाजार के गोनार्द एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हुई भाजपा की चुनाव प्रबंधन बैठक

संवाददाता, कटरा बाजार

अमृत विचार: होइहैं सोइ जो राम रचि राखा। उक्त बातें बुधवार को कटरा बाजार के गोनार्द एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में भाजपा द्वारा आयोजित चुनाव प्रबंधन बैठक में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद बृज भूषण शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व विधायक बावन सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित हुए सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि कैसरगंज पूरे देश में महक रहा है। पूरे देश में कैसरगंज की चर्चा है। कैसरगंज की जनता पर पार्टी का विश्वास है। पार्टी जानती है कि एक घण्टा पहले टिकट देंगे तो भी कैसरगंज की जनता जिता देगी। टिकट के बारे में बताया कि होइहैं वही सोइ जो राम रचि राखा। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने कहा उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी जीत का अंतर कैसरगंज होगा।

क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया है। आप लोग मोदी के सपनों को साकार करें। सभी बूथ अध्यक्षों से कहा कि सभी अपने-अपने बूथों को प्रचंड मतों से जितायें। इसके अलावा कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी व प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि नबाबगंज सुमित भूषण सिंह, पूर्व प्रमुख राजा राम मिश्र, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, सुनील सिंह, पिंटू सिंह,प्रधान राम सभा तिवारी, धनलाल पाण्डेय, सत्यजीत पाण्डेय, विश्राम बाबा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कटरा बाजार में बूथ प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

एक नजर

कस्तूरबा स्कूल से इनवर्टर और टीवी चोरी

रुपईडीह, अमृत विचार : कौड़िया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनगाई में चोरों ने टीवी व इनवर्टर की बैटरी चुरा लिया। घटना की सूचना विद्यालय की वार्डन नीलम सिंह ने ब्लॉक रुपईडीह के खंड शिक्षा अधिकारी व पुलिस चौकी आर्य नगर को दे दी है। बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना बीएसए को भी दे दी गई है। पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत गुप्त ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। मामले की जांच कर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम प्रधानों के लिए कक्ष आवंटित करने की मांग

रुपईडीह, अमृत विचार : ग्राम प्रधान संघ की शाखा रुपईडीह के अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने ब्लॉक मुख्यालय पर संघ की बैठक किए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी से कक्ष आवंटित कराये जाने की मांग की है। बताया संगठन की बैठक किए जाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर कोई कमरा न आवंटित होने से संघ की बैठक के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

ब्लॉक सभागार में मनाया गया पंचायती राज दिवस

करनैलगंज, अमृत विचार : बुधवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में पंचायती राज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी भारत भार्गव व एडीओ पंचायत सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। उपनिदेशक स्वत: रोजगार जेएन राव ने पंचायत विभाग के पंचायती राज के बारे में जानकारी दी। सहायक खंड विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान अवधेश तिवारी, अजीत गुप्ता, रमेश मिश्र, प्रशांत कुमार, रवि बाबा, मुफ़ीस खान आदि लोग उपस्थित रहे।

पांचवें चरण का नामांकन कल से, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

जनपद के सात विधानसभा क्षेत्रों में करीब 26 लाख हैं मतदाता, 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी करेंगी जिलाधिकारी नेहा शर्मा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के करीब 26 लाख मतदाताओं की बारी आने वाली है। पांचवें चरण में गोंडा, कैसरगंज, अयोध्या सहित अन्य लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों की ओर से अधिसूचना जारी की कर दी जाएगी।

गोंडा जिला मुख्यालय पर कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र से लड़ने वाले उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सभी उम्मीदवार तीन मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 04 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और छह मई को नाम वापसी की जा सकेगी। इसके बाद अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी हो जाएगी और 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 1665 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल 2726 बूथों पर वोट डाले जाएंगे।

कैसरगंज व गोंडा लोकसभा के उम्मीदवारों का नामांकन जिलाधिकारी न्यायालय व अपर जिलाधिकारी न्यायालय पर दाखिल किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा व डीएम नेहा शर्मा ने नामांकन की तैयारी का जायजा लिया।

आयुक्त व डीएम ने नामांकन पत्र दाखिल होने वाले स्थल का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन के तैयारी के बारे में जानकारी ली। नामांकन को लेकर पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के तैनाती की तैयारी शुरू कर दी गई है। आंबेडकर चौराहे से कलेक्ट्रट में नामांकन स्थल तक जाने के लिए बैरिकेडिंग शुरू कर दी गई है। एसपी ने डीएम कार्यालय गेट से लेकर न्यायालय तक के मार्ग का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नामांकन स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मतगणना ड्यूटी पर लगे पुलिस प्वाइंटों को चेक कर सम्बन्धित को सम्पूर्ण नामांकन स्थल की प्रत्येक दिन एन्टी सबोटाज चेकिंग तथा नामांकन स्थल के आस-पास सादे वस्त्रों में वाचर्स की तैनाती व नामांकन कक्ष के मुख्य गेट पर डीएफएमड एचएचएमडी द्वारा जांच के लिए निर्देशित किया गया। समस्त नामाकंन परिसर की निगरानी ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी करवाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी तरबगंज, क्षेत्राधिकारी मनकापुर, क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 07 थाना प्रभारी सहित कुल 180 अधिकारी कर्मचारी की दंगा नियंत्रण उपकरण सहित ड्यूटी लगायी गयी है। इस अवसर पर सीटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक नित्या गोस्वामी, कोतवाल नगर राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम न्यायालय पर बनाए गए नामांकन स्थल का जायजा लेते आयुक्त एवं डीएम।

कलेक्ट्रेट परिसर का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

राघव बस्ती में सपा ने किया बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन। अमृत विचार

सपा ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में भरा जोश

बभनजोत, अमृत विचार : गौरा विधानसभा क्षेत्र के राघव बस्ती में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि गोंडा से सपा के लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा रही। कार्यकर्ताओं में भरा जोश। बुधवार शाम को विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कलाम मलिक के आवास राघव बस्ती में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची श्रेया वर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार को महिला किसान युवा बुजुर्ग बच्चों किसी की आवाज उन तक पहुंचती नहीं है। उन्होंने स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को बतलाया। आए हुए कार्यकर्ताओं का अब्दुल हफीज मलिक ने आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन रईस अहमद बब्बू प्रधान ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज चौधरी, विधानसभा प्रभारी इस्लाम चौधरी, मोहन यादव, विजय यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता वी मौजूद रहे।

बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर

रुपईडीह, अमृत विचार: ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के लिए बीडीओ मनीष कुमार सिंह ने सभी प्रधानाध्यापको को निर्देश दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति कराये जाने मे लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए बीएसए से संस्तुति कर दी जाएगी।

मंडी के गेहूं क्रय केंद्र पर आमद हुई तेज

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : विकासखंड करनैलगंज के नवीन मंडी में बनाए गए गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों की आमद तेज हो गई है। लेकिन यहां आने वाले किसानों को मूलभूत सुविधाएं तक मुहैया नहीं हो रही हैं। क्रय केंद्र पर किसानों के बैठने की न तो समुचित व्यवस्था है न ही पीने योग्य पानी की।

तेज धूप में किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पर आते हैं तो उन्हें हलक तर करने के लिए शुद्ध पेय जल तक मयस्सर नहीं है। मंडी में क्रय केंद्र के बगल बने आधुनिक सुलभ शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। उसमें गंदगी की भरमार है। महीनों से सफाई न होने से शौचालय से बदबू आ रही है। वहीं पानी की टंकी सूखी व टूटी पड़ी है।

बुधवार को क्रय केंद्र पर किसान योगेंद्र कुमार निवासी सकरौरा ग्रामीण ने क्रय केंद्र पर अपना 41 कुंतल गेंहू बेचा। केंद्र सहायक तुफैल आलम की मौजूदगी में मजदूर क्रय किए गए गेंहू को बोरी में भर रहे थे। मंगलवार को क्रय केंद्र पर क्षेत्र के चकरौत बाजार निवासी जवाहर लाल व सकरौरा निवासी रविंद्र कुमार ने 153 कुंतल गेहूं विक्रय किया। क्रय केंद्र प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि अब तक केंद्र पर कुल एक हजार 32 कुंतल 50 किलोग्राम गेहूं का क्रय हुआ है। लगातार किसानों से संपर्क स्थापित कर क्रय करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

उधर, इस मामले में किसान लक्ष्मी शंकर तिवारी ने कहा करनैलगंज की मंडी में अव्यवस्थाओं की भरमार है। यहां बने सामुदायिक शौचालय में महीनों से सफाई नहीं हुई जिससे किसानों को शौच जाने के लिए दुश्वरियों का सामना करना पड़ रहा है। त्रिलोकी नाथ तिवारी ने कहा कि क्रय केंद्र पर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। मंडी परिसर में स्थित पानी की टंकी खराब पड़ी है। केंद्र पर आने वाले किसानों को बूंद बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है।

करनैलगंज मंडी में गेहूं की तौल करते श्रमिक। अमृत विचार

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

रुपईडीह, अमृत विचार: जिले में 20 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के लिए डीएम ने ब्लॉक रुपईडीह के प्रधानों के साथ के वर्चुअल बैठक की। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने के लिए जागरूक किया। बीडीओ मृत्युंजय यादव, आजम खान, एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र, अजीत सिंह, काली प्रसाद शुक्ल, प्रदीप तिवारी, रिंकू ओझा, रामनाथ मौर्य, निजामुद्दीन, प्रेमधर उपाध्याय, यमुना प्रसाद, राजेश चौधरी, गरिमा यादव, अमरजीत, शिवकुमार सोनकर, अंबरीश पांडेय, उत्तम चंद्र दुबे, हरिशंकर अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

एलबीएस में एमओयू पर कराए हस्ताक्षर

सेमिनार, वर्कशॉप और सिंपोजियम के प्रयोग को लेकर बनी आपसी सहमति

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज शैक्षिक उन्नयन एवं गुणवत्ता सुधार के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अंतर्गत निरंतर गतिशील है। बुधवार को शैक्षिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में देवीपाटन मंडल के एकमात्र स्वायत्त कॉलेज (ऑटोनोमस) किसान डिग्री कॉलेज बहराइच से हिंदी, समाजशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, वनस्पति विज्ञान से उच्च शिक्षा एवं संबंधित ज्ञान अनुशासन के अनेक आयामों को लेकर एमओयू हस्ताक्षर किया गया है।

सेमिनार, वर्कशॉप, सिंपोजियम, कक्षा अध्यापन, शिक्षकों विद्यार्थियों का आदान-प्रदान, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं के प्रयोग को लेकर आपसी सहमत बनी है। इसी क्रम में आज ही तराई का ऑक्सफोर्ड के नाम से प्रसिद्ध एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर से एमओयू हस्ताक्षर किया गया है। एमएलके महाविद्यालय से हिंदी, बीबीए, बीसीए, समाजशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र विषय के विभागों द्वारा प्रशासन एवं प्रबंधन की सहमति से अध्ययन-अध्यापन के कई क्षेत्रों में एक दूसरे के अनुभव, ज्ञान और संसाधनों का उपयोग किया जा सकेगा। शिक्षकों और विद्यार्थियों का आदान- प्रदान भी इसी समझौते से साकार होगा। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा इस अभियान को अभी और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय संस्थानों से भी महाविद्यालय एमओयू हस्ताक्षर कराएगा। जिससे विद्यार्थियों को अनुभव, ज्ञान, संसाधन और अवसर की कमी न हो सके।

एमओयू पर कराए गए हस्ताक्षर की प्रति दिखाते एलबीएस के प्रोफेसर। अमृत विचार

आग से फूस के पांच मकान जले

करनैलगंज, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढ़वलिया में बुधवार की सुबह आग लगने से फूस के पांच घर मय गृहस्थी जलकर राख हो गई। बुधवार की सुबह ग्राम बुढ़वलिया निवासी सन्त राम राव के छप्पर में अचानक आग लग गई। ज़ब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक घर को अपने आगोश मे लेने लगी। ग्रामीण फायर विभाग को सूचित करके आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। तब तक दमकल वाहन के साथ फायर कर्मी भी पहुंच गए। आग से सुरेंद्र राव, उमेश, अवध राम वर्मा व अली अहमद का छप्पर पूरी तरह जल गया।

सार-संक्षेप

युवक को चेन से मारकर किया घायल

परसपुर, अमृत विचार : युवक को चेन से मार-मार कर घायल करने के मामले में सूचना पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भयापुरवा मरचौर निवासी गुड्डू ने बताया कि उनके गांव निवासी जुबेर पुत्र नान मुन्ना मंगलवार को समय लगभग दिन में 03 बजे गांव के बाहर रास्ते पर अनायास भददी- भददी गाली देते हुए मुक्का थप्पड़ डन्डा चेन से मारने लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आयी। शोर करने जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

आगजनी के मामले में पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

करनैलगंज, अमृत विचार : आगजनी मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंगेरिया अवस्थी पुरवा निवासिनी उर्मिला देवी पत्नी सुधाकर ने एसपी विनीत जायसवाल को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि देवेंद्र पुत्र माधव व होली पुत्र रामतेज ने मिलकर उसके गेहूं के खेत में आग लगा दी। पीड़िता ने ज़ब विपक्षियों से कहा कि ये क्या कर रहे हो तो उक्त लोगों ने उसे माँ-बहन की गाली देते हुए उसे नीचे गिरा दिया। आग लगने से उसका डेढ़ बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। पीड़िता ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की लेकिन रसूख के चलते दबंगों के विरुद्ध कोई प्रभावी करवाई करने के बजाय उसके ससुर से जबरन पुलिस द्वारा सादे पेपर पर अंगूठा लिया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा प्रार्थिनी के घर जाकर उसे प्रताड़ित किया जाता है और जबरन सुलह का दबाव बनाया जाता है। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

मेधावियों को किया गया सम्मानित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा शहर के राजा मोहल्ला में हनुमान जयंती एवं श्री चित्रगुप्त भगवान प्रकट उत्सव के अवसर पर सायं काल सुंदरकांड का पाठ कुछ बाल कलाकारों के साथ आयोजन किया गया। भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। ढोलक में कलश श्रीवास्तव महाराजगंज एवं जय मिश्रा को श्रृंगार कुंज समिति ने बाल कलाकारों को सम्मानित किया। मंदिर श्रृंगार कुंज के पदाधिकारी ने हाई स्कूल में उच्च अंक प्राप्त किए गए जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा उत्तर प्रदेश में छठे स्थान प्राप्त कर गोंडा जनपद का मान बढ़ाने वाली प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं एम्स इंटर कॉलेज का छात्र देवांश पांडे को अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया गया। इस सुंदर पाठ का आयोजन को सफल बनाने आशीष श्रीवास्तव प्रमोद नंदन, कौशल उपाध्याय, ढोलक पर कलश श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, तिलकराम, रामफेर प्रजापति एवं जय मिश्रा प्रशांत भटनागर ने समा बांध दिया।

पांच लोगों पर मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज

करनैलगंज, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध पान मसाला गोदाम में माल उतारते समय मारपीट करने और मसाला फेंक देने के साथ-साथ धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नगवा कला निवासी भगवती शंकर तिवारी की तहरीर पर सलमान, साहिल, शादाब, जावेद, आजाद निवासी बालक राम पुरवा कस्बा करनैलगंज के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि उसने एक पान मसाला कंपनी के एजेंसी ले रखी है और मसाला लोड करके शाम करीब 8 बजे वह अपने गोदाम में रखवा रहा था। इसी बीच पांचों आरोपी आए और लाठी डंडे से उसे और उसके सप्लायर तीन लड़कों को मारने लगे तथा मसाला फेंकने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी और बीच बचाव करने आए लोगों को भी मारने का प्रयास किया। पुलिस ने भगवती शंकर तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच चौकी प्रभारी से कराई जा रही है।

सास से मांगी चायपत्ती तो देवर ने कर दी पिटाई

धानेपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत धानेपुर के मोहल्ला कालूराय की रहने वाली इंदु पांडेय ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते 20 अप्रैल को उसने सुबह अपने सास से चाय बनाने के लिए चीनी व चाय पत्ती मांगा तो पीड़िता की सास ने उससे कहा कि तुम्हारे पास हरदम चीनी चाय घटा रहता है। हम नहीं दे पायेंगे। इतने में मौजूद पीड़िता का देवर पिटाई करने लगा। तब तक पीड़िता का पति, देवर व सास ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। उसकी एक कमरे में बंद कर कर दिया इतने में पीड़िता की सास ने अपने लड़कों से कहा कि इसको मार कर कमरे में जला दो। हम दूसरी शादी कर लेंगे। इतना सुनते ही पिता ने कमरे में अपने पिता के पास फोन किया और पिता से कहा कि चली आओ हमें यहां के लोग जलाकर मार डालेंगे। कमरा बंद किए हुए हैं। इतने में पीड़िता के देवर कमरे में घुस आया और मोबाइल छीनकर पटक दिया। निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर मिथिलेश पांडे, अरुण कुमार पांडे संदीप व प्रदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

कॉलेज गई छात्रा को किया अगवा, मुकदमा दर्ज

परसपुर, अमृत विचार : कॉलेज आयी छात्रा को अगवा किये जाने के मामले में दो नामजद आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस खोजबीन में जुट गयी है। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने नामजद सूचना देते हुए बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ मंगलवार को कालेज गयी थी। वापस घर आते समय रास्ते में उसे अगवा कर लिया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि विवेक सिंह निवासी दुरौनी व करन सिंह निवासी बरवन पुरवा मधईपुर खाण्डेराय के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर तलाश की जा रही है।

हनुमान जन्मोत्सव पर लगाया भंडारा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर रेलवे स्टेशन गोंडा जंक्शन के सामने बड़े ही धूमधाम से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय भक्तगण सहित हजारों रेल यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण किया। सर्वप्रथम मारुति नंदन हनुमान जी की पूजा अर्चना की गयी। पूजा अर्चना के बाद सुबह 10.30 बजे से भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे के आयोजन में समिति के अध्यक्ष पवन जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, महासचिव बच्चा जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव, पेंशनर्स कल्याण संस्था के केबी सिंह व अनिल श्रीवास्तव एवं पूर्वोत्तर रेलवे के ठेकेदार गोपाल जायसवाल, अजय मित्तल, रवि जायसवाल, बसंत नेवटिया, राजेश जायसवाल, पंकज सिन्हा, आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र पाल सिंह डीसीआई विनोद कुमार शुक्ला, प्लेटफॉर्म निरीक्षक केएल यादव, प्रज्वल कुमार सिंह, विपिन पांडे, अभय सिंह, अरविंद मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, जयप्रकाश जेपी, आशीष चौधरी टीटी, समरपाल यादव आदि का विशेष सहयोग रहा।

सुंदरकांड पाठ आयोजित, भंडारे में लिया प्रसाद

मसकनवा, अमृत विचार : आदर्श जनता इंटर कॉलेज पायरखास में धार्मिक अनुष्ठान और सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। मंगलवार की देर शाम शत चंडी महान यज्ञ स्थल पर पंडित अवधेश कुमार मिश्रा ने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया और विधायक प्रभात कुमार वर्मा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कराया। सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रबंधक मिश्र स्वरचित साहित्यिक काव्य पाठ कर भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। सांसद राजा भैया ने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हम लोग अवध से जुड़े हुए हैं। प्रबंधक अवधेश कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा, डॉ विजय बहादुर सिंह, राकेश वर्मा, अर्जुन सिंह, दिनेश शुक्ल, भूपेश मिश्रा, श्रवण शुक्ल, जितेन्द्र पाण्डेय, विष्णु विवेक शुक्ला राम कुमार गुप्ता, राजन सिंह, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, राजेश पाठक, जगदीश पाठक, विजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, बृजेश गुप्ता, शशिबाला सिंह, राजेंद्र वर्मा, राम शंकर मौर्य, शांति भूषण द्विवेदी रहे।

जागरण में भजनों से लगाई हाजिरी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति ने 11वें विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री मेहंदीपुर बालाजी का विशाल रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें भजनों की शुरुआत गणेश वंदना से भजन गायक गितेश प्रकाश ने किया। भजन गायक रोहित शर्मा दीपक ने बालाजी, बाबा श्याम जी के भजनों की हाजिरी लगाई। मनीष बजरंगी लखनऊ ने झांकी का प्रदर्शन किया। यह आयोजन बड़गांव पुलिस चौकी स्थित शारदा देवी मैरिज लॉन में हुआ। इस कार्यक्रम में श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति के सेवक प्रेम गोयल, अजय अग्रवाल, शिव शंकर सोनी, डॉ अभय श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, अमित सोमानी, रंजीत पटवा, संतोष सोनी, संतोष अग्रवाल, अमरनाथ गुप्ता, महंत शम्भू मोदनवाल सहित आदि कई लोग मौजूद रहे। उधर श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा हनुमान जयंती पर मालवीय नगर स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती पर मंदिर के प्रांगण पर 21 किलो का केक काट कर भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

बालाजी के जन्मोत्सव पर हुआ कन्या का विवाह

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर के बालकृष्ण ग्राउंड में बालाजी सरकार का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एक गरीब कन्या का विवाह और भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरी रात बालाजी और हनुमान जी का गुणगान करने के लिए जागरण भी हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर एक गरीब कन्या का विवाह कराया गया। जिसे आशीर्वाद के रूप में करनैलगंज नगर क्षेत्र से दान और दहेज के रूप में काफी सामग्री भी विदाई में दी गई। जागरण के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बालाजी सरकार का गुणगान किया। गरीब कन्या के विवाह कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक राम आधार, चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, अंकित जयसवाल, रोली समेत भारी संख्या में लोगों ने आशीर्वाद दिया।

शेप शॉप कंपनी के सात लोगों पर जालसाजी और धोखाधड़ी का केस

करनैलगंज, अमृत विचार : पांच लोगों की संयुक्त तहरीर पर पुलिस ने शेप शॉप कंपनी के सात लोगों के विरुद्ध जालसाजी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कंजेमऊ निवासी महिला मैसाना, कामिनी निवासी ठकुराइन पुरवा, मैना देवी निवासी नचनी, सूरज निवासी नचनी, ननकाई निवासी ठकुराइन पुरवा की तहरीर पर लक्ष्मी शुक्ला निवासी ग्राम शीशामऊ करनैलगंज, बब्बी व मोनू निवासी सिद्धार्थनगर, चंदा, पुष्पा, रितु व ज्योति निवासी करनैलगंज के विरुद्ध धारा 419, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त विपक्षी अपने को शेप शॉप कंपनी का कार्यकर्ता बताते हुए चार लोगों से सात सात हजार रुपए और एक महिला से 14000 रुपए जमा करा लिए। बदले में यह कहा गया कि सभी के खाते में कंपनी 1400 रुपए प्रति सप्ताह भेजेगी और काफी समय बीत जाने के बाद खाते में पैसा नहीं आया। शंका होने पर जब उसने आरोपियों से संपर्क किया तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। बल्कि एक मोटरसाइकिल आरोपी बब्बी ने स्वेच्छा से ननकाई के घर पर खड़ी कर दिया और पैसे का इंतजाम करके वापस करने को कहा और लौटकर नहीं आए। जिस पर कोतवाली के दरोगा ने गाड़ी खड़ी कर लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर देने की धमकी दी।

सिडबी जीएम ने बांटे प्रमाणपत्र

बेलसर, अमृत विचार: । सिडबी के आयोजित आजीविका सृजन कार्यक्रम के बैनर तले बेलसर के लौव्वा टेपरा स्थित अचीवर्स फार्मर फाउंडेशन की ओर से बुधवार को समूह और गृहणी महिलाओं को सिडबी महाप्रबंधक मनीष सिन्हा और प्रबंधक कुलदीप मिश्रा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बांटा गया। महाप्रबंधक ने महिलाओं से प्रशिक्षण के दौरान बनाए गए विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी ली। ट्रेनर ज्योति पांडेय ने महिलाओं को चिप्स, कुरकुरे, लड्डू, बिस्किट, अबीर गुलाल सहित विभिन्न उत्पाद बनाने की विधि बताई गई है। कहा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर हर संभव प्रयास किए गए हैं।

सत्यनाम सेवा ट्रस्ट ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

कटरा बाजार, अमृत विचार : सत्यनाम सेवा ट्रस्ट की तरफ से कटरा बाजार ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में महिला जागरूकता अभियान बुधवार को चलाया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के गुर बताए गए तथा उन्हें असामाजिक तत्वों से दूर रहने की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत रायपुर फकीर के पुरे महोलिया सहित अशोकपुर आदि में नारी शक्ति मिशन के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए सत्यनाम सेवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह रिंकू भैया ने कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक नहीं होंगी तब तक उनका शोषण होता रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक महिला जागरूक हो। अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। असामाजिक तत्वों से बचने के लिए तत्पर रहें। उन्होंने महिलाओं को आवश्यक हेल्प नंबर नोट कराया तथा कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों पर कॉल करके अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। अनजान लोगों पर सहसा विश्वास न करने की सलाह दिया।यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध लगे व अव्यावहारिक रूप से पेश आए तो तुरंत इसकी सूचना आवश्यक हेल्प नंबरों पर अवश्य दें। नीतू, अंजू, गीता, सुधा, रेनू, चांदनी, राम सहेली, सुमन रहीं।

महिला को पीटकर घर से निकाला

परसपुर, अमृत विचार: दहेज में भैंस व सोने की जंजीर के लिए पत्नी को पीटकर घर निकाल दिए जाने पर पिता ने सीएचसी में भर्ती कराया है। इस बाबत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सुक्खन पुरवा निवासी देव नरायन गोस्वामी ने पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी पुत्री अनसुइया की शादी अवधेश पुत्र लाल बहादुर ग्राम रनियापुर मधईपुर कुर्मी थाना परसपुर के साथ वर्ष 2015 में किया था। अपने हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर पुत्री की विदाई वर्ष 2018 में किया था। लेकिन ससुरालीजन पति अवधेश व ससुर लाल बहादुर व सास नीलम दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे।

एक नजर

आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के मेहरूमूर्तिहा के मजरा जमुनही निवासी जटा शंकर मौर्य (23) पुत्र परशुराम मौर्य अपने बड़े भाई पुजारी के ससुराल इसी थाना क्षेत्र के बोहरवा गांव रामसुख के यहां मोटरसाइकिल सावर होकर आ रहे थे जिसमें अपनी माँ सुखरानी (55) पत्नी की गोद में बेद प्रताप (04) पुत्र दिनेश कुमार, बजरंगी (05) पुत्र पुजारी, बलवंत (07) पुत्र दिनेश एक मोटरसाइकिल से आते समय हरदत्त नगर गिरंट निवासी प्रमोद (27) पुत्र काशीराम चौहान बोहरावा गांव से अपने मोटरसाइकिल से बोहरहवा गांव के पास आमने सामने मोटरसाइकिल से भिंडत हो जाने गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती करवाया गया। जिसमें डाक्टरों ने जटा शंकर को मृत घोषित कर दिया और बेद प्रकाश मौर्य को भिनगा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। दूसरी बाइक सावर प्रमोद चौहान को हालात नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया वही मल्हीपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा मर्चरी हाउस भेज दिया।

पुलिस ने चरस के साथ अभियुक्त को दबोचा

श्रावस्ती, अमृत विचार। लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा थाना मल्हीपुर मय पुलिस टीम द्वारा गंगाभागड़ तिराहे से ग्राम मुरावन पुरवा जाने वाले मार्ग पर मुखविर की सूचना पर अभियुक्त अली अहमद पुत्र खुर्शीद अली निवासी ग्राम सागर गांव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 01 किलो 90 ग्राम नाजायज चरस कीमत लगभग तीन लाख के साथ गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पजीकृत कर जेल भेज दिया है।

4 गांव के 93 परिवारों की घर-गृहस्थी राख

बलरामपुर के बनकटवा खुर्द, रमवापुर व बल्दीडीहव रौतार गांव में हुई घटना

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। आग की चपेट मे आकर 93 परिवारों की घर-गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हरैया थाना क्षेत्र के तीन गांवों में आग ने जमकर तांड़व मचाया। एक मवेशी भी झुलस गया। 27 हजार नकदी सहित पांच बीघा गन्ना भी जल गया। आग पर काबू पाने में लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अग्निपीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं।

हरैया थाना क्षेत्र में आग की पहली घटना सोहेलवा जंगल से सटे गांव ग्राम पंचायत बरहवा के राजस्व मजरा रमवापुर रौतार में मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से अताउर्रहमान के घर हुई। देखते ही देखते आग ने अशफाकुर्रहमान, हिफजुर्रहमान, हकीकुर्रहमान, अजीजुर्रहमान, अतिकुर्रहमान, नासिर, मोहम्मद उमर, अरशद, सलमान, मोहम्मद लतीफ, कादिर, बशीर, नईम, हबीबुल्लाह, किन्ने, शमीमा, हिदायतुल्लाह, शमशान, दिलशाद, नौशाद, बिलाल, फारूक, अब्दुल रईस, अनीस, अहसानुल्लाह, अब्दुल्ला, जिकरुल्लाह, अब्दुल तौव्वाब, सुंदरलाल व रामलाल सहित 32 परिवारों की गृहस्ही जल गई है। हबीबुल्लाह का 15 हजार व नईम का 12 हजार रुपये नकदी भी जल गई। एहसानउल्लाह का पांच बीघा गन्ना भी जल गया है। दमकल कर्मियों की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाया। हल्कालेखपाल संतोष कुमार पांडेय ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट भेज दी है। दूसरी घटना हरैया थाना क्षेत्र के बनकटवा खुर्द गांव में हुई है। यहां 50 घर जल गए हैं। गूठे के घर अज्ञात कारणों से लगी आग ने बुधवार को कनकन, बैरागी, चेतराम, तिलकराम, अलगाई, रतीराम, सुंदरलाल, भग्गू, अतवारी, रामफेरन, गोले, बंधू, केशवराम, गोमती प्रसाद, विनती राम, पिंटू, शिवप्रसाद, हरिराम, गोली, द्वारिका प्रसाद, अशर्फीलाल, उदयराज, मझिले गौतम, कल्लू गौतम, सीताराम गौतम, कुन्नू शर्मा, विजय बहादुर वर्मा, अजीज, शेषराम गौतम, सुंदर यादव, राकेश यादव, परशुराम गौतम, संतोषी गौतम, बजरंगी व लालता प्रसाद सहित 60 परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रधान प्रतिनिधि श्याम जी मिश्र ने लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट भेज दी है। तीसरी घटना ग्राम पंचायत कटकुइयां के मजरा बल्दीडीह में अशोक कुमार पांडेय के गोशाला में आग लग गई। गोशाला में बंधी भैंस झुलस गई है। लेखपाल महावीर नाथ ने क्षति का आंकलन किया है। सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि राजस्व टीम से रिपोर्ट मांगी गई है।

बनकटवा खुर्द गांव में आग से मची तबाही के बाद का दृश्य।

- खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गए हैं पीड़ित परिवार

तीन बीघा गेहूं भी जला

महराजगंज तराई थाना क्षेत्र के ग्राम बालापुर के मजरा पश्चिम लौकहवा में विनोद यादव का तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। घटना में दद्दन यादव व राजेंद्र यादव की भूसा भी जल गया है। पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई।

अज्ञात कारण से जंगल में लगी आग, फारेस्ट गार्ड झुलसे

श्रावस्ती, अमृत विचार। भिन्गा रेंज बीट नंबर 35 वर्गा वर्गी गांव के पास जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना मिलने पर वन कर्मी आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में लग गए। इसी दौरान फॉरेस्ट गार्ड शैलेंद्र सिंह आग बुझाने के चक्कर में आग के चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गये। वनकर्मियों ने शैलेन्द्र सिंह को आनन-फानन में जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों और वनकर्मियों ने कड़ी मस्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया।

तेज रफ्तार एसयूवी ने बच्चे को रौंदा, मौत

बलरामपुर अमृत विचार। थाना गौरा चौराहा क्षेत्र अंतर्गत सेमरी के पास तेज रफ्तार एसयूवी ने 8 वर्षीय मासूम को रौंद दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी करन सिंह (8) पुत्र इंद्र बहादुर सिंह गत मंगलवार शाम मवेशी को चरा रहा था। इसी दौरान जैतापुर की ओर से बिस्कोहर जा रही तेज रफ्तार एसयूवी के चपेट में आने से करन सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्ज जैतापुर को दी गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ड्राइवर अमित कुमार चौधरी ग्राम सिसवा बुजुर्ग थाना समय माता कठेला जनपद सिद्धार्थनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज जैतापुर रमन कुमार वर्मा ने बताया कि गाड़ी व चालक को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

कैमरों की निगरानी में 463 बूथों में से 235 पर ही 20 मई को पड़ेंगे वोट

लोकसभा चुनाव

- बूथों पर सभी तैयारियां पूरी करने में जुटे अधिकारी व कर्मचारी

उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार

लोकसभा गोण्डा के विधानसभा उतरौला में 463 मे से 235 बूथों पर कैमरे की निगरानी में मतदान होगा, संवेदनशील, अति संवेदनशील, क्रिटीकल व बरनेवल बूथों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। यह जानकारी उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने दी। उतरौला विधानसभा में कुल मतदाता 428090 है जिनमे महिला मतदाता की संख्या 196,219 व पुरुष मतदाता 232784 व थर्ड जेण्डर के 27 मतदाता आगामी 20 मई को अपने मतों का प्रयोग करंगे। मतदान के लिये 463 बूथों को 3 जोन व 32 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उतरौला विधानसभा में 361 बूथ में 53 बूथ संवेदनशील, 205 अति संवेदनशील, 92 बूथ क्रिटीकल व 11 बूथ बरनेवल के रूप में चिन्हित किया गया है। इन बूथों पर पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। विधानसभा में एक पिक बूथ बनाया जाएगा जिसमे सिर्फ महिला मतदाता द्वारा मतदान किया जायेगा।

स्कालर्स एकाडमी में 5 मॉडल बूथ होंगे। 2022 में विधासभा में सबसे कम मतदान धौरहरा में 18.80%हुआ था। जबकि सबसे अधिक मतदान पथकरपुर में 70.83%हुआ था। सबसे कम मतदाता बभनी बुजुर्ग विजौरामफी में 398 व सबसे अधिक मतदाता कम्मरपुर में 1385 है। विधानसभा उतरौला के 463 मे से 235 बूथों पर कैमरे की निगरानी में मतदान होगा। बूथों में पानी, शौचलय, विधुत, फर्नीचर, रैम्प आदि व्यवस्थाओं को लेकर उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार व तहसीलदार उतरौला शैलेन्द्र सिंह द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। चुनाव से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश संबंधित को दिया गया है।

विधानसभा उतरौला में बूथों पर तैयारी का जायजा लेते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

बच्चे से मुलाकात के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका सुनवाई योग्य नहीं

प्रयागराज।

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी से मिलने के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक विशेषाधिकार है। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कानून में शामिल किया गया है। इसका इस्तेमाल बच्चों के कस्टडी के केवल उन मामलों में होता है, जहां नाबालिग की कस्टडी ऐसे व्यक्ति को दे दी जाती है जो कानूनी रूप से उसका हकदार नहीं होता है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि बंदी प्रत्यक्षीकरण आमतौर पर मुलाकात का अधिकार देने के लिए जारी नहीं की जाती है, विशेषकर जब पक्षकारों के बीच वैवाहिक विवाद परिवार न्यायालय के समक्ष लंबित हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जहां तक बच्चे से मुलाकात के अधिकार का संबंध है, ऐसी स्थिति में संबंधित पक्ष के लिए यह हमेशा खुला रहता है कि वह परिवार न्यायालय के समक्ष एक उचित आवेदन दाखिल करके उपाय का लाभ उठाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति डॉ.योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने मिथिलेश मौर्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें उसने अपने एक महीने की बच्ची से मिलने का अधिकार मांगा था जो वर्तमान में उसकी पत्नी की कस्टडी में है। दरअसल पक्षकारों के बीच तलाक और भरण-पोषण को लेकर परिवार न्यायालय, आजमगढ़ के समक्ष आपराधिक मामला लंबित है। अंत में कोर्ट ने माना कि हिंदू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 6(ए) के अनुसार किसी नाबालिग की उसकी मां के साथ हिरासत को अवैध नहीं माना जा सकता है। अत: पति नाबालिग की कस्टडी और मुलाकात के संबंध में राहत के आदेश प्राप्त करने के लिए धारा 26 के तहत परिवार न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल कर सकता है।



सपा प्रमुख और जयंत चौधरी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

प्रयागराज।

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट में वर्ष 2022 में कोविड-19 दिशा निर्देशों के कथित उल्लंघन मामले में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही लंबित है। उक्त नेताओं पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महामारी रोग अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

वर्तमान याचिका समन आदेश और संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार वर्तमान मामले में शामिल मुद्दे और अन्य जुड़े हुए मुद्दों के संबंध में जून 2024 के अंत तक नीतिगत निर्णय लेगी कि उपरोक्त नेताओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रहेगी या नहीं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (गृह) और प्रमुख सचिव (कानून) से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था, जिसे मंगलवार को दाखिल किया गया। सरकार के रवैये को देखते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने सभी राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही पर आगामी 30 जुलाई तक रोक लगा दी है और निर्देश दिया है कि अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेश का सही अर्थों में अनुपालन किया जाए। मामले के अनुसार सपा प्रमुख और जयंत चौधरी के खिलाफ 300-400 अज्ञात व्यक्तियों के साथ 3 फरवरी 2022 को लुहारली गेट, गौतमबुद्ध नगर से नोएडा की ओर रोड शो करने तथा जनसभा आयोजित कर चुनाव प्रचार करने का आरोप है।

सार-संक्षेप

मसूद आलम की नियुक्ति पर सपाईयों में हर्ष

उतरौला/बलरामपुर। मसूद आलम खान को सपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किए जाने के बाद क्षेत्र के सपाइयों में हर्ष व्याप्त है। सपा नेता डॉ एहसान खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए, नव नामित राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर मुबारकबाद पेश किया। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मसूद आलम खान पर विश्वास जताते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। मसूद आलम खान को राष्ट्रीय कार्यकारणी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर नामित किए जाने के बाद देवीपाटन मंडल में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मसूद की अगुवाई मे पीडीए प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करेगा। उनके मनोनयन पर सपा नेता मुनीर पाशा, सादिक अली खान, सलाहुद्दीन सल्लू, नुरुल्लाह खान मुन्ना, हमजा मोनू खान, मुस्तकीम, मुकीम, अतीक खान, अनवारुल प्रधान, सिराजुल नेता, मोईन सिद्दीकी, कलीमुल्लाह व शादाब माविया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

मान्यता से अधिक कक्षाएं चली तो होगी कार्रवाई

जरवा बलरामपुर अमृत विचार। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बालापुर में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज, विकास पब्लिक स्कूल, मास्टर मन्नान लघु माध्यामिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। बसंत लाल विद्यालय में व्यवस्था आल इज वेल मिला। कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से सीधी बात की और पढ़ाई का हाल भी जाना। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया विकास पब्लिक स्कूल और मास्टर मन्नान लघु माध्यामिक विद्यालय में ग्रामवासियों की शिकायत पर जांच कर पाया कि कक्षा 8 तक संचालित विद्यालय मे मान्यता से अधिक कक्षाएं चल रही थी। इनके प्रबंधकों को ऐसी कक्षाएं न संचालित करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित मिलने पर संबंधित प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

बलरामपुर चीनी मिल ने पालिका को भेंट किया वाटर कूलर

बलरामपुर, अमृत विचार। नगरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के क्रम में नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिसके क्रम में बलरामपुर चीनी मिल्स के मुख्य प्रधान प्रबन्धक निष्काम गुप्ता से चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने आग्रह किया था। बलरामपुर चीनी मिल ग्रुप द्वारा अपने सीएसआर फंड द्वारा बलरामपुर फाउन्डेशन से 04 अदद आर ओ वाटर कूलर चीनी मिल्स के मुख्य प्रधान प्रबन्धक निष्काम गुप्ता द्वारा आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, महाप्रबंधक यंत्रकी योगेन्द्र सिंह विष्ठ, महाप्रबंधक लीगल एंव पर्सनल राजीव अग्रवाल, महाप्रबंधक प्रोडक्शन सोमेश देव पान्डेय, अतिरिक्त महाप्रबंधक वित्त बी.एन. ठाकुर, श्रम कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, गौरव मिश्र की उपस्थिति में भेंट किया गया। जिससे जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेय जल उपलब्ध हो सके।

पुलिस मुठभेड़ में इनामी हिस्ट्रीशीटर शातिर चोर गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार। नेपाल सीमा स्थित ककरदरी जंगल से 25000 रुपये का पुरस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर शातिर चोर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक अवैध तमंचा 12 बोर, 04 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद। थाना सिरसिया पर पंजीकृत मुअसं 13/2024 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित वांछित व रुपये 25000 का पुरस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर शातिर चोर शंकर चौहान पुत्र बहादुर ग्राम लोनियन पुरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर की अभियुक्त अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम शाहपुर पूरे शिवदीन के निकट ककरदरी जंगल की तरफ से आने वाले रास्ते पर आ रहा है इस सूचना पर स्वाट टीम व थाना सिरसिया पुलिस ने आज मंगलवार की रात्रि करीब 11:20 बजे ककरदरी जंगल के पास घेराबंदी कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। घेराबंदी के दौरान अभियुक्त शंकर चौहान द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया, पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त शंकर चौहान के दाहिने पैर मे गोली लगी, जिसे इलाज हेतु सीएचसी सिरसिया लाया गया। दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दी गई है। शंकर चौहान के कब्जे से 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर, 04 जिंदा कारतूस 12 बोर व मौके पर खोखा कारतूस तथा चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि अभियुक्त शंकर चौहान थाना कोतवाली भिनगा का हिस्ट्रीशीटर तथा इसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, आबकारी अधिनियम के 06 अभियोग पंजीकृत है। थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

चुनाव की प्रमुख कड़ी हैं बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख

बलरामपुर, अमृत विचार।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से पचपेड़वा मंडल स्थित शक्ति केंद्र रामनगर के राम जानकी मंदिर में बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुँचे अजय सिंह पिंकू ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव गैसड़ी में होना है। चुनाव में बहुत कम समय बचा है ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी काफी अहम हो जाती है। डबल इंजन की सरकार ही देश का विकास कर सकती है। बलरामपुर आकांक्षी जिलों में शामिल है। बलरामपुर तभी अग्रणी श्रेणी में शामिल हो पायेगा जब भाजपा सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ दोनों मिलकर सभी वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। देश के विभिन्न पार्टियों ने मिलकर इंडी गठबंधन बनाया है। देश की जनता ने इस गठबंधन को नकार दिया है। अजय सिंह पिंकू ने सभी लोगों से लोकसभा प्रत्याशी सकेत मिश्रा एवं गैसडी विधानसभा के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक घिराऊ प्रसाद गुप्ता, बूथ अध्यक्ष कल्लू प्रसाद, अरविंद कुमार, राकेश यादव, बजरंगी प्रसाद कश्यप, राम धीरज पाल, इंद्रजीत मिश्र, सूरज प्रसाद गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

नवाचार के क्षेत्र में नए प्रयोग कर रहे विद्यार्थी

श्रावस्ती

अमृत विचार। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। जिले के 10 कॉलेजों में विशेषज्ञों के सहयोग से बच्चे नवाचार के द्वारा उद्यम स्थापित करने हेतु अपने को तैयार कर रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। इसी तरह का प्रेरक शिविर आज तपसी इंटर कालेज सेमरहना, श्रावस्ती में आयोजित हुआ। कॉलेज के प्रधानाचार्य पद्माकर द्विवेदी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी हैं। खास तौर पर जनजातीय समाज के बच्चे इसका अधिक से अधिक लाभ उठा रहे हैं।

प्रख्यात इन्नोवेटर आनंद पांडेय भी बच्चों को नवाचार से उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जनपद में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रत्येक कालेज में 250 से अधिक विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर अपने को तैयार कर रहे हैं। आंचलिक विज्ञान नगरी के अभय कृष्ण, अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं संतोष कुमार ने तोड़ फोड़ के जोड़ के अंतर्गत दैनिक जीवन में काम आने वाले उपकरणों की कार्यप्रणाली बहुत ही सरल वैज्ञानिक ढंग से प्रयोग करके दिखाई। उन्होंने इन उपकरणों के पीछे छिपे विज्ञान के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काफी रुचि ली। इसके साथ ही यहां विद्यार्थियों को समाज के लिए उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार करना और विज्ञान के नए-नए मॉडल बनाना भी सिखाया गया। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले के राजकीय इंटर कालेज गब्बापुर सिरसिया, राजकीय हाईस्कूल पिपरहवा सिरसिया, राजकीय हाईस्कूल भचकाही, राजकीय हाईस्कूल सेमरा टिटहिरिया, राजकीय हाईस्कूल एकघरवा, राजकीय हाईस्कूल टगपसरी, राजकीय हाईस्कूल बालनपुर, तपसी इंटर कालेज सेमरहना, राजेंद्रदास जनजाति इंटर कालेज मसहाकला, अबू आसिम आजमी इंटर कालेज परसोहना, श्री त्रयम्बकेश्वर इंटर कालेज डगमरामोड सिरसिया, में विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर जाने को तैयार किए जा रहे हैं।

डीएम ने गोआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

- जिलाधिकारी ने पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था न पाये जाने पर लगाई कड़ी फटकार
- गोवंशों को कोई दिक्कत न होने पाये, इसका रखा जाए पूरा ध्यान : जिलाधिकारी

श्रावस्ती

अमृत विचार। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत गोआश्रय स्थल अकबरपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चन्नी, भूसा, पानी, प्रकाश तथा जल निकासी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया।

गौशाला में पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के उपरान्त हरे चारे की उपलब्धता न पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पशुओं के लिए चारा-पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिन्हित भूमि पर नैपियर घास उगायी जाए, ताकि पशुओं को हरा चारा मिलता रहे। शेड का निर्माण मानक के अनुरूप न पाये जाने पर निर्देशित किया कि गोवांशों के लिए छाया हेतु शेड का निर्माण मानक के अनुसार कराया जाए। उन्होने कहा कि गौशाला में संरक्षित पशुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसका सम्बन्धित अधिकारीगण विशेष ध्यान रखे। उन्होने संबंधित अधिकारियों से टीकाकरण व ईयर टैगिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होने यह भी कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में कोई भी गोवंश के अस्वस्थ्य होने की सूचना मिलती है तो सम्बन्धित क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारी उनका इलाज भी सुनिश्चित करें। आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं का चिकित्सक द्वारा समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की जाँच भी कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि पशु बीमार न होने पाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश सहित सम्बन्धित गौशाला के केन्द्र प्रभारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

गोआश्रय का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची जिलाधिकारी कृतिका शर्मा।

विधानसभा उपचुनाव के लिए ईवीएम-वीवीपैट का रेंडमाइजेशन

बलरामपुर, अमृत विचार।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह व मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो की मौजूदगी में गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से कराने और भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में किया गया। गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में स्थित 413 बूथ के सापेक्ष सी०यू० व बी०यू०(ईवीएम) का 125 प्रतिशत तथा वीवीपैट का 136 प्रतिशत का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो की मौजूदगी में बुधवार को किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का जवाब दिया और समाधान किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम तुलसीपुर / आरओ गैंसड़ी, डीपीआरओ/प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

घड़ी बनने के साथ ही शहरवासी सुनेंगे घंटे की आवाज

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार। 20 शहर में स्थित ऐतिहासिक घंटाघर के दिन बहुरने लगे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से घंटाघर का सौंदर्य करण करवाया जा रहा है। ऐसे में 10 साल से बंद पड़े घंटाघर की घड़ी के आवाज करते ही घंटा बजने लगेगी शहर वासियों की नींद खुल जाएगी। इसके अलावा अन्य कार्य शुरू करवा दिए गए हैं।

शहर के मोहल्ला चौक बाजार में घंटाघर स्थित है। आजादी की आवाज घंटाघर से ही बुलंद होती थी। यहां पर कई पुराने नेताओं का कार्यक्रम भी लग चुका है। लेकिन पुराने और ऐतिहासिक घंटाघर की स्थिति काफी खराब हो गई। इसको देखते हुए नगर पालिका की अध्यक्ष सुधा देवी ने अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह की ओर से प्रशासन को प्रस्ताव बनाकर भेजवाया था। जिसे चुनाव से पहले ही मंजूरी मिल गई थी। उस पर कार्य भी शुरू हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि घंटाघर पार्क का सौंदर्यीकरण के साथ घड़ी को सही कराया जा रहा है। पूरे परिसर को आधुनिक प्रकाश से सजाया जाएगा। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आएगा। घंटाघर में हो रहे निर्माण का बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने जायजा लिया। उन्होंने काम में लगे लोगों से वार्ता कर बेहतर कार्य के निर्देश दिए। ।

घंटाघर में चल रहे कार्य का निरीक्षण करते अध्यक्ष पति। अमृत विचार

घड़ी चलने के साथ बजेगा घंटा

अध्यक्ष सुधा देवी।

घंटाघर में अंग्रेजों के जमाने का घड़ी लगा हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि घड़ी को सही करवाने के लिए विक्टोरिया कम्पनी के कर्मचारी आए हैं। जिनके द्वारा सही किया जा रहा है। घड़ी चलने के साथ ही घंटा बजेगा। इससे शहर के लोगों को समय की जानकारी हो सकेगी।

फसाड लाइट बढ़ाएगी शोभा

प्रमिता सिंह ईओ।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और पालिका प्रशासन की ओर से घंटाघर पार्क का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है। जिसमें बाउंड्री वॉल निर्माण से लेकर अन्य कार्य शामिल हैं। फसाड लाइट इसकी और शोभा बढ़ाएंगे।

-प्रमिता सिंह ईओ।

बीएसपी उम्मीदवार समेत 5 ने दाखिल किया पर्चा

बहराइच

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के नामांकन के सातवें दिन बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। सबसे अधिक नाम चौंकाने वाले बीएसपी प्रत्याशी का रहा। बिना चर्चा के वह सीधे नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंच गए।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन ने बहराइच सुरक्षित सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। नामांकन के सातवें दिन 56-बहराइच सुरक्षित सीट से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में रमेश बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि, जगराम पुत्र बाबादीन व जनार्दन गोंड पुत्र शिववचन, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम मिलन पुत्र अमरनाथ तथा बहुजन समाज पार्टी से बिरजेश कुमार पुत्र रामहर्ष द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। सभी ने जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी को नामांकन पत्र दिया। बहुजन समाज पार्टी की ओर से नानपारा विधान सभा क्षेत्र निवासी प्रोफेसर बृजेश कुमार सोनकर प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पूर्व में एक सांसद समेत तीन लोगों का नाम चर्चा में चल रहा था। लेकिन सभी को मायूसी हाथ लगी है।

कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करते बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार।

एक नजर

जनपद पहुंचें सामान्य प्रेक्षक

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस अधिकारी अनिल राज राय जनपद पहुँच गये है। श्री राय प्रतिदिन पूर्वान्ह नौ बजे से पूर्वान्ह 10 बजे तक रूम नं0-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने दी। बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9336643866 अथवा उनके लाईजनिंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9717279623 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

दुष्कर्म और पॉक्सो के आरोपी को पकड़ा

बहराइच। कोतवाली देहात के आराजी जोत गांव निवासी कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा के विरुद्ध कोतवाली देहात में दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज है। कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक हरेंद्रनाथ राय, सिपाही दीपक यादव, दीपक वर्मा और योगेश कुमार की टीम ने बुधवार को दोनों का तिराहा से अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

40 लीटर शराब बरामद

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा पुलिस ने बुधवार को जांच के दौरान गुरुदासपुर जाने वाले मार्ग से रामसुमिरन पुत्र मनोहर निवासी रजवापुर थाना कोतवाली नानपारा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। जिस शराब को नष्ट करते हुए उसके विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि मुख्य आरक्षी सत्यपाल यादव और आरक्षी गुड्डू चौहान ने शराब बनाने वाले को पकड़ा।

कार की ठोकर से पुजारी घायल

बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग अराई पुलिया के पास अनियंत्रित कार चालक ने पुजारी बाबा रामदास निवासी टेंडवा अल्पी मिश्र थाना फखरपुर को ठोकर मार दी। जिसमें वह गंभीर जख्मी हो गए। मौके पर पहुंचे एसआई शैलेंद्र यादव द्वारा एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी फखरपुर ने भर्ती कराया गया। जहां से हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बुजुर्ग की हालात सीरियस है।

5 बीघा गेंहू की फसल जली

जरवल, बहराइच। जरवल नगर पंचायत के जरवल देहात में बुधवार शाम को किसानों के खेत में आग लग गई। आग लगने से किसान गंगा राम पुत्र माटी रजनीश पुत्र रामकुमार की पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर लेखपाल रामकिशन ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। इसके बाद रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। लेखपाल ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

बकाया किश्त वसूलने पहुंची टीम की घेराबन्दी कर पिटाई

महिला के बाल पकड़ भूमि पर पटक कर निर्दयता से धुना

बहराइच

अमृत विचार। गांवों मे स्वयं सहायता समूह को कर्ज दिलाने का कार्य कर रही संस्था के महिला सहित चार कर्मी बकाया वसूलने नौव्वनपुरवा गांव पहुंचे। मंगलवार देर शाम हमलावर महिलाओं व पुरूषों ने टीम के सदस्यों की बर्बरता से पिटाई की। टीम को लीड कर रही युवती को बाल पकड़ भूमि पर पटक निर्दयता से पिटाई की। हमलावरों के खौफ से लोग तमाशाई बने रहे। घायलों को थाने लाए जाने पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई। घायलों को मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने इलाज शुरू कर दिया है ।

क्रेडिट एक्सिस नामक संस्था गांवों मे स्वयं सहायता समूह गठित कराकर उन्हे कर्ज उपलब्ध कराया जाता है। कर्ज को आसान किश्तों में वापसी को संस्था में तैनात पीकेएम पोस्ट पर तैनात देहात कोतवाली के चिलवरिया निवासनी नेहा देवी पत्नी अरविन्द कुमार, गोंडा के कर्नेलगंज कोतवाली के बसहरिया निवासी अंकित दुबे पुत्र राम कुशल, मोहरपट्टी निवासी संतोष पुत्र शिवकांत, पहाड़ पुर निवासी शशिकांत पुत्र गणेश शंकर मंगलवार शाम रानीपुर थाने के नौव्वनपुरवा गांव गए थे। वहां हलीमा पत्नी मकसूद पर तीन किश्त बकाया थी। जिसे हलीमा नहीं दे रही थी। जबकि नेहा देवी ने कहा कि कम से कम एक किश्त के 480 रूपये जमा कर दो। इसी बात को लेकर हुई कहासुनी के दौरान हलीमा सहित एक दर्जन महिलाओं ने टीम को घेर कर धुनाई शुरू कर दी। जिसके चलते पिटाई से घायल तीनो युवको ने भाग कर जान बचाई। जबकि नेहा देवी को महिलाओं ने बाल पकड़ कर नोंचते हुए भूमि पर पटक कर निर्दयता से पिटाई कर डाली। मारपीट मे कुछ पुरूष भी थे। पीडिता नेहा जान बचाने को चिल्लाती रही। हमलावरों के भय से लोग तमाशाई बने रहे। कोई भी बचाने नही आया। पीड़ित किसी प्रकार से घायलावस्था में रात में ही थाने पहुंचे। उनकी एफआईआर दर्ज नही की गई। थानाध्यक्ष ने कहा जाओ पहले इलाज कराओ। तब थाने आओ, जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज होगी।

दबंगों की पिटाई से घायल हुई एनआरएलएम की महिला कर्मी। अमृत विचार

26 अप्रैल के बाद कंफर्म होगा रायबरेली और कैसरगंज का टिकट : बृज भूषण

जरवल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद। अमृत विचार

जरवल, बहराइच

अमृत विचार। जरवल नगर के शहनाई मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधन बैठक हुई। मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे।

सांसद का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने सभी भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। तथा कहा कि अभी तक पार्टी नेतृत्व ने टिकट कन्फर्म नहीं किया है। दो मार्च को पहली लिस्ट जारी हुई थी, उसे देखते हुए 53 दिन हम लोग पीछे हैं और 26 तारीख से 3 तारीख तक नामांकन प्रक्रिया होगी। इसी बीच टिकट कंफर्म हो जाएगा। भाजपा को मात्र 20 दिन में चुनाव लड़ना है यह पार्टी कार्यकर्ता खुद जानते हैं। क्योंकि अभी टिकट कंफर्म नहीं हुआ है। अभी रायबरेली और कैसरगंज दोनों सीट पर टिकट पार्टी नेतृत्व ने किसी को नहीं दिया गया है। इसलिए 26 के बाद दोनों सीटों पर साथ ही टिकट कंफर्म कर दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि मोदी का नारा है 400 पार, लेकिन यहां की जनता कहती है कि कैसरगंज लोकसभा 5 लाख के पार। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव के दिन लगभग 50 डिग्री के आसपास तापमान रहेगा, इसलिए छाया व पानी की व्यवस्था अच्छी ढंग से की जाए। कार्यक्रम का संचालन कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सूबेद वर्मा, जिला मंत्री संजय राव, सौरभ कसौधन, विजय कसौधन, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, राजन सिंह, मंडल महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जगन्नाथ उर्फ पप्पू प्रधान, विजय सर्राफ, जितेंद्र कुमार, सेक्टर सयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, बीडीसी, एवं सभासद व कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांसद ने आम लोगों का जाना हाल

जरवलरोड, बहराइच। सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह ने जरवल रोड लखनऊ गोंडा मार्ग पर स्थित डॉक्टर अवधेश शर्मा के आवास पहुंचे। जहां पर डॉक्टर अवधेश शर्मा ने संसद का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। बातचीत के दौरान सांसद ने कहा है कि इस समय लोकसभा कैसरगंज देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। किन्ही कारणों से लोकसभा कैसरगंज का टिकट 53 दिनों से पीछे चल रहा है। पार्टी को बहुत बड़ा विश्वास है कि कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी जीत कर आएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, अखंड प्रताप शाही, विष्णु प्रताप सिंह, डॉ अवधेश शर्मा, ललित दीक्षित, गुड्डू सिंह, डॉक्टर प्रिंस दीक्षित, कृष्ण कुमार गुप्ता, महेश चंद्र श्रीवास्तव, संजय राव, राजन सिंह सुधीर दिक्षित मनोज दीक्षित पप्पू शेख कौटिल्य राव गिरीश चंद शर्मा शाहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

केदारेश्वर महादेव मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

शोभायात्रा में शामिल लोग।

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार। रूपईडीहा नगर पंचायत के आजाद नगर कच्ची लाइन स्थान स्थित केदारेश्वर महादेव व हनुमान मंदिर में दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का मंगलवार की सुबह शुरुआत की गई। नगर में स्थित मंदिर से हनुमत निशान ध्वज की शोभा यात्रा निकाली गई । शोभायात्रा कच्ची लाइन से निकाली गई जो रुपईडीहा बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंची। मंदिर में रामचरित मानस का पाठ हुआ। इस दौरान हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में पूजन-आरती के साथ ही आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुसज्जित शोभा यात्रा में भक्त मुख्य निशान लेकर आगे आगे चल रहे थे। हनुमान भक्तों ने अपने आराध्य के श्री चरणों में 151 निशान चढ़ाया । इस मौके पर कमेटी के अभय कौशल, अनुज कौशल, अंजनी मित्तल राजकुमार गुप्ता सभासद बलराम शुक्ला, रिंकु अवस्थी, मुनीश चंद शर्मा, धर्मेंद्र कौशल, सोनू कौशल, बसंत लाल के सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

अपने हक के लिए महिलाएं स्वयं आएं आगे : अपर जिला जज

विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार। चित्तौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत सुहा पारा में शिवांशु सुशील स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज/सचिव विराट शिरोमणि रहे। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। लेकिन लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्हें स्वयं आगे आना होगा। प्रबंधक आनंद मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसका सभी लाभ उठाएं। कार्यक्रम को विधिक पैनल की सदस्य माधुरी मिश्रा, प्रोबेसन विभाग की पूनम शुक्ला, पल्लवी प्रधान और डॉक्टर राजेश तिवारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ राजेश तिवारी प्राचार्य, सरोज, मुख्यसेविका, देहात संस्था के पदाधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं महाविद्यालय की छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन प्राचार्य डॉ राजेश तिवारी ने किया। संस्थापिका पल्लवी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

बाल श्रम उन्मूलन के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाते टीम के सदस्य।

बहराइच, अमृत विचार। बुधवार को प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वाधान में बाल श्रम के विरूद्ध व शिक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। चित्तौरा ब्लॉक के जूनियर स्कूल सुहेलनगर मे बच्चों के साथ गतिविधि /सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के बाद एसजेपीयू /एएचटीयू के साथ संवाद कार्यक्रम किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पुलिस विभाग द्वारा बाल अधिकार, बालश्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर चर्चा कर समझाया गया व बच्चों द्वारा लिखी गयी वाल पेंटिंग का निरीक्षक कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गयासाथ ही सुहेलदेव चौराहा, चिलवरिया बाजार व खुटेहाना चौराहे पर स्टीकर व पम्फलेट के माध्यम से होटल व प्रतिष्ठान मालिकों को बच्चों से काम न करवाने के लिए बोला गया कार्यक्रम मे एसजेपीयू/एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह, उप निरीक्षक गर्जन प्रसाद, आरक्षी आशुतोष यादव व महिला आरक्षी आरती सिंह व प्रथम संस्था से अश्विनी सिंह, शिवनाथ मिश्रा, राकेश चौबे, रेखा तिवारी व गोपीचंद उपस्थिति रहे।

बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ने कराया गरीब कन्या का विवाह

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा के नेतृत्व में निर्धन कन्या का विवाह संस्कार कराया गया। मोतीपुर तहसील के ककरहा निवासी एक युवती के माता-पिता की मौत हो चुकी है। जबकि युवती शादी योग्य हो गई। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि लड़की के मां-बाप काफी पहले ही गुजर चुके थे जो ककरहा गांव की रहने वाली है और ककरहा में अपने बुआ और फूफा के साथ अपने ही घर पर वर्तमान में रह रही है। जिलाध्यक्ष ने कन्या का पांव पूजकर कन्यादान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार राष्ट्रीय अनुसूचित प्रकोष्ठ राज्य मंत्री राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ विशिष्ठ अतिथि गोपाल राय, नेशनल अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान बहन काजल सिंह, जिलाध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान उपस्थित होकर वर वधू के जोड़े को आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री वासु मदेशिया ने जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

सीओ ऑफिस के कर्मी का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बहराइच। कैसरगंज के पुलिस क्षेत्रधिधिकारी कार्यालय में रामनाथ पुत्र रामवृक्ष की तैनाती है। राम नाथ बुधवार को नशे की हालत में मिला। जिस पर सीओ के निर्देश पर उसका स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल में करवाया गया।

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन का 49वां स्थापना दिवस मनाया

बहराइच, अमृत विचार। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेंटर कार्यालय में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश का 49वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्टडी सेंटर के प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय करने के लिए चिकित्सीय अर्हता के साथ संबंधित चिकित्सा परिषद में पंजीकरण के साथ-साथ जिस जनपद में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे है या करना चाहते है उस जनपद में स्थानीय स्तर पर भी पंजीकरण होना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी ई.एच. डॉ. पुष्पा सिंह कुशवाहा, प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. मो.शुएब, डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग।

हादसों में पिता-पुत्री समेत 6 घायल

बहराइच, अमृत विचार। जिले के राम गांव, पयागपुर और कोतवाली देहात क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसे में बाप बेटी समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों की जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के बेगमपुर बाजार में सड़क पार करते हुए बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते मटेरा थाना क्षेत्र के अमवा मौलवी गांव निवासी अर्चना सिंह (14) और पिता भगवानदीन घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया। पिता और पुत्री ननिहाल बेगमपुर गांव आए थे। हुजुरपुर थाने के बड़ा गांव के मजरे सथरिया निवासी 50 वर्षीय शम्भू तिवारी पुत्र राम तीरथ के बेटे रामू का दो वर्षीय बेटे की मंगलवार रात हालत बिगड़ने पर बाइक से शहर स्थित मेडिकल कॉलेज आ रहे थे। बाइक छोटा बेटा 20 वर्षीय गोविंद तिवारी चला रहा था। बाइक जैसे ही देहात कोतवाली के बहराइच गोंडा हाईवे के चिलवरिया के पास पहुंची।

विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार शम्भू व बेटा गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए । जबकि पौत्र उछल कर गिरने से बाल-बाल बच गया। आस-पड़ोस के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। सूचना पर पीड़ितों के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए है। पयागपुर के पेड़ा गांव के निकट बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार खाई में गिर गई। जिसमें दो लोग घायल हुए हैं।

ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर का हॉस्पिटल सीज

बहराइच, अमृत विचार। शहर के अस्पताल में सीएचसी में तैनात बाल रोग और एनेस्थिसिया के डॉक्टर ने एक मरीज का आपरेशन कर दिया था। इन्फेक्शन के चलते उसकी मौत हो गई। लाइसेंस निरस्त करते हुए एके हॉस्पिटल सीज कर दिया गया है।

शहर के डिगिहा मोहल्ले में स्थित एके हॉस्पिटल में 60 वर्षीय मरीज का आपरेशन सीएचसी में तैनात डॉक्टर अतुल मिश्रा ने किया। सर्जन का काम बाल रोग विशेषज्ञ ने देखा। जिससे मरीज की हालत गंभीर हो गई। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार शाम को वृद्ध मरीज की मौत हो गई थी। जिस पर परिवार के लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया था। दरगाह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को एके हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। जबकि बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, सीएमओ डॉ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ, स्वास्थ्य सूचना शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार की मौजूदगी में अस्पताल को सीज कर दिया गया है। इससे अन्य अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

एके हॉस्पिटल को सीज करवातीं नगर मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

दो दिन में मिल गया था लाइसेंस

डिगिहा मोहल्ले में संचालित एके हॉस्पिटल का लाइसेंस एक वर्ष पूर्व भी निलंबित कर दिया गया था। लेकिन दूसरे के नाम से तत्कालीन सीएमओ डॉ एसके सिंह ने लाइसेंस दे दिए था। इसी तरह आयुष्मान कार्ड इलाज के लिए हिन्दुस्तान और एके हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त हुआ था। लेकिन अब दोबारा पुन: आयुषमान कार्ड से इलाज किया जा रहा है।

पत्नी मायके गई तो पति ने खाया जहर

बहराइच। कोतवाली देहात क्षेत्र के मसीहाबाद गांव निवासी एक महिला अपने इकलौते भाई की शादी समारोह में शामिल होने के लिए मायके चली गई। इससे नाराज पति ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के मसीहाबाद गांव निवासी सुरेश कुमार (25) का विवाह क्षेत्र के असरौरा गांव निवासी सुनीता के साथ हुई थी। पति और पत्नी हंसी खुशी रहते थे। सुरेश कुमार की ससुराल में साले की शादी तय हुई। जिस पर पत्नी ने चलने की बात कही। सुरेश ने इससे इंकार कर दिया। पत्नी सुनीता ने अकेले भाई की शादी में चलने की जिद की। पति के न जाने पर सुनीता अपने मायके चली गई। बुधवार को सुरेश अपने घर पर अकेला था। उसने पत्नी के उठाए कदम से नाराज हो जहर खाकर जान दे दी। सूचना पर पत्नी मायके से ससुराल रोते बिलखते पहुंची। पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पत्नी से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर युवक ने आत्महत्या की है।

पहल | 13 व 20 मई को भूल न जाना वोट डालने आना है

ओपीडी के पर्चों पर लगेगी मतदान तिथि की मोहर

बहराइच

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बैंकों की जमा एवं निकासी पर्चियों, शासकीय चिकित्सालयों के ओपीडी के पर्चों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की होमवर्क की कापियों, नगर निकायों, शासकीय कार्यालयों द्वारा प्रतिदिन जारी किये जाने वाले पत्रों पर मतदान दिवस की मोहर लगायी जायेगी। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अग्रणी लीड बैंक प्रबन्धक, नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों को 50-50 हज़ार एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों 10-10 हज़ार तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को 01 लाख आमंत्रण पत्र छपवाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। डीएम ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से आमंत्रण पत्र उनके घरों को भिजवाएं जायेंगे। जबकि शासकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीज़ों को ओपीडी के पर्चे के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण भी किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा सेवित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले घरों में तथा बैंकों द्वारा अपने काउण्टर्स के माध्यम से मतदाता आमंत्रण पत्र का वितरण किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी।

बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता

कैसरगंज, बहराइच। ब्लाक संसाधन केंद्र कुंडासर से मतदाता जागरूकता व स्कूल चलो अभियान की मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को एसडीएम पंकज दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग सौ से अधिक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शिक्षको ने रैली निकाली तथा गांव-गांव का भ्रमण किया। रैली में एसडीएम पंकज दीक्षित, बीडीओ सत्य प्रकाश पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी जेबी चौधरी सहित अन्य अधिकारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्वयं गांव गांव जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी ने 'लोकतंत्र की पहचान मत मतदाता और मतदान' बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता' पहले मतदान फिर जलपान नारे के उद्घोष से रैली को रवाना किया।

जागरूकता रैली में बाइक से जाते एसडीएम।

समाजवादी पार्टी के अन्नू बने विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष


विधान सभा क्षेत्र उपाध्यक्ष को सम्मानित करते पदाधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार। जिले में समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबनेट मंत्री यासर शाह ने 286 सदर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गौरव यादव के द्वारा शहर के धनकुट्टीपुरा निवासी अन्नू गुप्ता को सदर विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर : ।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य : प्रिय : प्रिय एव स : ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है ; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है। वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरा है जिसे जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है। विश्व राजनीति आज तेजी से आतंकवाद की चपेट में आ रही है। इंटरनेट और सोशल मीडिया समाज को अस्थिर करने के लिए दुष्प्रचार, कट्टरपंथ और साजिश के सिद्धांत फैलाने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के उपकरण बन गए हैं। सवाल है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र, सुशासन, विकास और राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए उभरते आतंकवाद के खतरे के बारे में क्या किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद की घटनाएं न्याय, लोकतंत्र, सार्वजनिक जवाबदेही, राष्ट्रीय संसाधनों के वितरण और जातीय सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता और इसी तरह सत्ता साझा करने के मुद्दों पर बढ़ते समकालीन संघर्षों के साथ बढ़ेंगी। साथ ही सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चस्तरीय अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

इस तरह के सहयोग की रूपरेखा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, तकनीकी समुदायों और सिविल सोसायटी तक सभी हितधारक और नियमित संस्थागत संवाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों की क्षमता निर्माण और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र का निर्माण भी ऐसे सहयोग का हिस्सा होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले में, प्रासंगिक संधि प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। सरकारों और समाज को हमेशा आतंकवाद की प्रत्येक घटना का अध्ययन करने और उचित समाधान लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि कहा जाता है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। डिजिटल आतंकवाद की चुनौती को विफल करने के लिए इस खतरे के बारे में सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है।

अस्सी के बाद सत्तर के फेर में भाजपा

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं का उत्साह ना देख भाजपा में बेचैनी लाजमी है। खासकर यूपी मे अस्सी की अस्सी सीटें जीतने का लक्ष्य असंभव सा दिख रहा, ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में जीती 64 सीटें बचाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति को नई धार देने में जुट गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के पुराने बयान में मिर्च-मसाला लगाकर एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विवादित संबोधन इसकी बानगी है। भाजपा के सबसे बड़े नेता और पीएम के इस बयान को ध्रुवीकरण की कोशिश माना जा रहा है। अंदरखाने की खबरों को मानें तो भाजपा ने यूपी में अस्सी की आस छोड़कर 65-70 का लक्ष्य तय करके अपनी जीती सीटों की संख्या को बर्करार रखने के लिए संगठन, कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कुछ नए दिशा निर्देश दिए हैं। खासकर इस बात पर जोर दिया गया है कि दूसरे चरण के चुनाव से सत्तर प्लस प्रतिशत वोटिंग हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ संभालने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए आम जनमानस को वोट डालने के लिए प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी गई है। भाजपा के यूपी संगठन को ये जिम्मेदारी दी गई है कि हर एक कार्यकर्ता दस मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बाहर निकालने का लक्ष्य हासिल करे।

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले पूरी तरह से देश में भाजपा के पक्ष में माहौल दिख रहा था। पहले चरण में वोट प्रतिशत गिरने के बाद लगने लगा कि देश की जनता इतनी भगवामय नहीं है जितना माना जा रहा था। बताते चलें कि विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे एजेंसियों ने भी ओपिनियन पोल में भाजपा को भारी बहुमत से जीतने और अपने लक्ष्य के करीब होने की संभावना जताई थी।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की।

चुनावी आग़ाज़ में ही यूपी-बिहार जैसी हिन्दी पट्टी में भी कम वोट पड़ना और भी घातक है। क्योंकि उत्तर भारत का जनाधार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण में जो नुकसान होता है उत्तर उसे कवर कर लेता है। खासकर योगी के सुरक्षा का बुल्डोजर मॉडल, राममंदिर की उपलब्धि, प्राण प्रतिष्ठा का भव्य-दिव्य कार्यक्रम और काशी-मथुरा वाले यूपी से तो बहुत ज्यादा उम्मीद है। यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनाव का आरंभ हुआ। अस्सी की अस्सी सीटें जीतने के लक्ष्य वाली भाजपा को अनुमान था कि यहां बंपर वोटिंग के साथ भगवा के प्रति उत्साह दिखेगा। अतीत में जाइए तो मुजफ्फरनगर के सांप्रदायिक दंगे और कैराना में पलायन की खबरों के बाद भाजपा को अप्रत्याशित लाभ हुआ था। किसानों और जाट समाज के इस गढ़ में मुस्लिम समाज की भी बड़ी तादाद है। दस वर्ष पूर्व यहां से शुरू हुआ ध्रुवीकरण पूरे यूपी में और फिर देश के कई राज्यों में फैल गया था। 2024 में उम्मीद और भी बढ़ गई। राम मंदिर का मिशन पूरा होने की सफलता के बाद काशी-मथुरा ने हिंदुत्व की लहर और ध्रुवीकरण की आशा बढ़ा दी। साथ काफी समय के बाद भाजपा की ताकत में चार चांद लगाने के लिए किसान और जाट समाज में पकड़ रखने वाले राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए हैं। यही सब कारण भाजपा का पलड़ा भारी होने के संकेत दे रहे थे।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की। इधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐन चुनाव से पहले क्षत्रिय समाज द्वारा पंचायत कर भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाकर विपक्ष द्वारा जाति की राजनीति की मंशा को हवा दे दी। और फिर सैनी समाज, त्यागी समाज और अन्य जातियों की भी सत्तारूढ़ दल से नाराजगी की थोड़ी बहुत सुगबुगाहट नजर आने लगी। दूसरी तरफ हाशिए पर पड़ी बसपा भी मौजूदा चुनाव में मजबूती से लड़ती नजर आ रही। राजनीति परिपक्वता दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार टिकट वितरण में ना सिर्फ सपा-कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) को ही घेरा बल्कि भाजपा की भी मुश्किल बढ़ा दी। इस तरह बी टीम की तोहमत से बच कर बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक वापस लाने में हर संभव प्रयास कर रही है। ये कोशिश भी भाजपा भी भाजपा के माथे पर पसीना ला सकती है।

कुल मिलाकर पहले चरण के बाद भी यदि इस गर्मी में भी हिन्दुत्व एवं ध्रुवीकरण में गर्मी पैदा नहीं हुई और चुनाव माहौल ठंडा ही रहा, वोट प्रतिशत नही बढ़ा, प्रधानमंत्री के बयान से भी ध्रुवीकरण नहीं हुआ और जाति की राजनीति का असर फिर दिखाई दिया ये तो ये चुनाव एक तरफा नहीं बल्कि आमने-सामने का होगा।

प्रसंगवश

इस बार का सन्नाटा

सन 1951, मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर नारी टोल के टोल बना कर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थी वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था किंतु वहां से मैंने जवाहरलाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामका मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी-पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट।/ हिम्मत से सब को हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट।

पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह जय जनता की, अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, जय जनता की।

सन 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है। किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा। लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया में जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। लेकिन गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं कहते। वह चख-चख जो घर के चबूतरे पर ही हो जाती थी, कॉलोनी के दस नर नारी ठुरक कर अपनी बात कह कर जाते थे, अबकी बार कहां है? पार्टी जन की बात नहीं कर रहा, लेकिन लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहली बार देख रहा हूं।

'छिपा पाठ्यक्रम' और उसमें निहित संदेश

'रिक्शा चालक की बेटी बनी टॉपर, 'मज़दूर का बच्चा विद्यालय में अव्वल, 'किसान के बेटे ने गणित में पाए सौ में सौ' जैसे कितने ही शीर्षक किसी भी परीक्षा का परिणाम आने पर हम सबकी निगाहों से गुज़रते हैं। इनका निहितार्थ किसी विषम अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अर्जित की गई सफलता के प्रति पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना होता है। लेकिन इनमें अनचाहे रूप से एक दूसरा संदेश भी छिपा रहता है कि अमुक पेशा, व्यवसाय या परिस्थिति में उक्त सफलता अनपेक्षित है। यह संदेश प्रायः अनचाहे या अनपेक्षित होते हैं जो छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) का हिस्सा होते हैं।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। जैसे छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना।

नब्बे के दशक के अंतिम बरसों में उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, संशोधन व परिवर्धन का कार्य संचालित था। उन्हीं दिनों समीक्षा के दौरान यह बिंदु उभर कर आया कि पाठ्य सामग्रियों में कई अंश छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम)की तरह मौजूद हैं जो पठन-पाठन के समय अनचाहा संदेश दे सकते हैं। ऐसे कई अंश वाक्यों के रूप में भी थे, जैसे- 'वह महिला होते हुए भी बहादुर थी, 'वह गरीब होते हुए भी ईमानदार था' या कि 'वह सेठ होते हुए भी दयालु था'

औपचारिक एवं अनौपचारिक चर्चा-वार्ताओं में मौजूद इस प्रकार की धारणाएं प्रायः 'हिडन करिकुलम' की तरह समाज में प्रसारित होती रहती हैं और इनका प्रयोग विभिन्न शब्दावलियों, वाक्य-विन्यासों और देहभाषाओं के रूप में प्रचलित होता जाता है। बहुधा इन धारणाओं के मूल में नकारात्मक पूर्वाग्रह अधिक होते हैं।

अपवाद स्वरूप ही सही, यह पूर्वाग्रही धारणाएं कतिपय कक्षाओं में भी पहुंचती हैं। जहां परस्पर विद्यालयीय क्रियाकलापों में कदाचित, 'तुम क्या पढ़ोगे, एकदम गदहा हो' से लेकर पुश्तैनी काम - धंधों पर टिप्पणी जैसे वाक्यों का प्रयोग सामने आता है। पाठ्यवस्तु में भी यदा-कदा इस प्रकार के अंशों के होने से बच्चों के व्यक्तित्व पर इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय से पलायन का बड़ा कारण बन जाता है। इसलिए आवश्यक है कि इस 'हिडन करिकुलम' पर विद्यालय स्तर से ही विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रतिभा किसी क्षेत्र, वर्ण अथवा संप्रदाय विशेष की पूंजी नहीं होती बल्कि सहज रूप से हर बच्चे में मौजूद होती है। हां, यह ज़रूर है कि सीखने -सिखाने की अनुकूल परिस्थितियां एवं एक्सपोज़र उसे तराशने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। स्वाभाविक ही है कि प्रतिभा को तराशने की इस प्रक्रिया का प्रमुख केंद्र विद्यालय ही होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय से जुड़ा हर घटक यह सुनिश्चित करे कि बच्चे बिना किसी आरोपित आग्रह या पूर्वाग्रह के अपनी स्वाभाविक गति से आगे बढ़ें।

इसके लिए सबसे ज़रूरी यह है कि विभिन्न क्रियाकलापों के दौरान दिए जा रहे निर्देशों, चर्चा -परिचर्चा, प्रस्तुतीकरण तथा परस्पर संवाद की भाषाशैली और भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। ऐसी किसी भी शब्दावली, संकेत या भाव-भंगिमा का प्रयोग न किया जाय जिसका निहितार्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बच्चे की निजता को ठेस पहुंचाए या उसे हतोत्साहित करे। किसी भी बच्चे के जीवन को आकार देने में भाषा विशेष भूमिका निभाती है। अतः यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य बातचीत या संवाद के दौरान ऐसी शब्दावली या वाक्यों का प्रयोग न हो जिनमें अनचाहे संदेश छिपे हों।

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना, निर्देशों का अधिकांशतः पुल्लिंग शब्दों में होना जैसी स्थितियां सामान्य मानी जाती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलाप किसी न किसी लिखित औपचारिक पाठ्यक्रम का अंग होते हैं। जिसके क्रम में विद्यार्थी सीखने के विभिन्न अनुभवों द्वारा अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं। छिपा हुआ पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) स्कूली पाठ्यचर्या का वह अलिखित, अनौपचारिक और बहुधा अनपेक्षित हिस्सा होता है जिसे बच्चे औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ साथ ग्रहण करते रहते हैं। यह हिस्सा सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। पर यह तब चिंताजनक हो जाता है जब इसके निहितार्थ नकारात्मक होते हैं और बच्चे के व्यक्तित्व पर अवांछित असर डालते हैं। विद्यालय वह उचित प्लेटफ़ॉर्म है जहां इसके नकारात्मक पक्षों को कम या दूर किया जा सकता है। अतः आवश्यक है विद्यालयीय व्यवस्था से जुड़े समस्त हितधारक इस ओर विशेष ध्यान दें।

सोशल फोरम

ब्रांडेड जमाना

फ़िल्म थ्री इडियट का एक दृश्य है जिसमे आमिर खान करीना कपूर के भावी पति के बारे में करीना से कहता है कि उसके पति को अपनी घड़ी और जूतों पर बड़ा गुमान है। और उनको लेकर वह थोड़ा दिखावा करता है। और एक घटना से वो इसे साबित भी कर देता है।

आजकल जब कुछ लोगों को देखता हूं तो वो मुझे करीना के पति समान दिखते हैं। चलते फिरते ब्रांडेड शोरूम। सर से लेकर पैर तक पूरे ब्रांडेड। इधर बड़े अजीब अजीब से समाचार पढ़ने को मिलते हैं। एक सीजन में कोई खिलाड़ी हिट हुआ या किसी एक्टर की एकाध फ़िल्म हिट हो गई तो चार पांच सौ करोड़ उसकी नेटवर्थ तो यूं ही हो जाती है। इतने करोड़ का बंगला, इतने करोड़ की कारें तो बड़े सामान्य से समाचार हो जाते हैं। ज्यादा कमाया तो अपना प्राइवेट जेट भी संभव है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मैं किसी की कमाई के विरुद्ध नही हूं। लेकिन 80 करोड़ को 5 किलो अनाज वाले देश मे कुछ लोगों को इतना पैसा थोड़ा आंखों में चुभता है। वैसे इसके लिए भी हम आम जन जिम्मेवार हैं। क्योंकि हम ही उनकी जेबें भरते हैं। आईपीएल जैसे तमाशे में जनता लुटा रही है और कुछ लोग कमा रहे हैं। यही हाल हीरो हेरोइन को सर पर बैठाने वालों का भी है। किसी जमाने में तीन से चार रुपये की जगह आज 4 से 5 सौ रुपये देकर फ़िल्म देख रहे हैं तो एक ही हिट फ़िल्म से अथाह पैसा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। आज एक फ्लॉप फ़िल्म भी अपनी लागत से ज्यादा कमा लेती है। और उसके हीरो हेरोइन भी। अब ऐसे धनाढ्य लोगों की जमात के ईगो को संतुष्ट करने के लिए ब्रांड बने हुए हैं। अरमानी का सूट हो, गुची के जूते हों। वैसे अब तो गुची भी गरीब पहनते हैं। मेरे एक मित्र का बेटा प्री वेडिंग शूट के लिए मालद्वीप गया। भाई यहां हीरो हीरोइन अपनी शादी के अधिकार बेच लाखों कमा रहे हैं और उनकी नकल कर हम लाखों गवां रहे हैं।

आप और हम मध्यम वर्गीय लोग ये सब सुन हैरान भले हों लेकिन अपनी हैसियत भर हमारे भी नखरे हैं और हमारे भी अपने ब्रांड हैं। **-फेसबुक वॉल से**

राजनैतिक सत्ता संपूर्ण सामाजिक प्रगति की कुंजी

लोकतंत्र के महापर्व में संपूरण देश चुनावी रंग में सराबोर है। सभी दलों के घोषणा पत्र सभी जनों को आकर्षित करने वाले हैं। पहले भी होते रहे हैं लेकिन क्या जनता परीक्षक की भूमिका में है। परीक्षण कर वोट देना सबको आ गया है या हर बार की तरह पिछली गारंटी पूरी न करने वाले नई गारंटी देने वाले दलों के समक्ष मजबूर है। मतदाता उन्हीं में से जो अच्छा लुभा ले जाये के बहाव में।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का पांचवां अधिवेशन था, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारत के कानून मंत्री डॉ.बी आर आंबेडकर आमंत्रित किए गए थे। तब उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत कहा जाता था। मुख्यमंत्री तब पंडित गोविंद बल्लभ पंत थे। उस अधिवेशन में उन्होंने भी शिरकत की थी। हालांकि डॉ आंबेडकर उस तिथि से पहले दो बार और भी लखनऊ आए थे। एक बार लोथियन समिति के सदस्य के रूप में बारह वर्ष पूर्व लखनऊ आए थे। प्रत्येक बार वे लखनऊ के रिसालदार पार्क बुद्ध विहार में रुके। बुद्ध विहार के मुख्य कर्ता-धर्ता महेथरा बोधानन्द जी थे जो कि त्रिपटक के महाविद्वान थे। इस अधिवेशन की सफलता के पीछे उनका हाथ था। वे पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे, जिनका कहना था आसमान व्यवस्था को चौरस करके ही दम लूंगा। हालांकि व्यवस्था अभी भी चौरस नहीं हुई है पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे शिवदयाल चौरसिया अध्यक्ष समता सैनिक दल के गोपीचंद पिम्पल, कन्हैया लाल सोनकर, गयाप्रसाद तिलक चंद कुरील, अखिल भारतिय फेडरेशन के महासचिव पी एन राजभोज, मेवालाल सोनकर, बुद्धदास चौधरी इन सबके अतिरिक्त जागरूक पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की वजह से उस समय एक लाख के आसपास लोग उपस्थित हुए थे। इसके पीछे एक वजह थी, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन ने एक वर्ष पूर्व ही अनुसूचित जातियों ने हितों की अनदेखी पर आंदोलन किया था। पुलिस ने लगभग दो हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

शिवदयाल चौरसिया ने डॉ.आंबेडकर से पूछा संविधान में पिछड़े वर्गों के लिए क्या है? आंबेडकर ने कहा जिस दिन पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग एक साथ आ जाएंगे, तब हमारे लोगों के साथ अन्य लोग भी गौरान्वित महसूस करेंगे। आंबेडकर ने काफी प्रयास के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की जानकारी उनकी स्थिति उनकी भागीदारी एवं उत्थान के लिए एक कमीशन बनाए जाने का प्रावधान किया था जिसके तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग गठित किया था।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ उत्तर प्रदेश शेड्यूल कॉस्ट फेडरेशन के सालाना अधिवेशन में डॉ. आंबेडकर ने जो भाषण दिया, जिसकी गर्माहट ने दिल्ली में पंडित नेहरू और पटेल को विचलित कर दिया लेकिन जिन लोगों के लिए आंबेडकर जोखिम लेकर संदेश दिया वे समाज या राजनीतिक नुमाइंदे आज तक नहीं समझे। नेहरू व पटेल ने अम्बेडकर को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त की थी। आंबेडकर द्वारा स्पष्टीकरण का सिलसिला चलता रहा।

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। कांग्रेस एक जलता हुआ मकान है। उन्हें कोई ताज्जुब नहीं कुछ वर्षों में नष्ट होने के कगार पर पहुंच जाए। डॉ. आंबेडकर ने कहा पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग मिलकर देश की बहुसंख्यक आबादी होते हैं। वे मिल जाएं तो इस देश पर राज कर सकते हैं। भारत का मेहनतकश समाज देश के विकास में सहयोगी है। आजादी के अमृत काल तक कितना बदलाव आया है। यह आज भी सवाल है। आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। हालांकि कांग्रेस आज बदलाव के मार्ग पर है। वह जाति जनगणना की पक्षधर है। पिछड़े दलितों की भागीदारी पर भी चिंतित है। राहुल गांधी के बयानों में जब तब दिखता है। आंबेडकर के बाद बहुजन समाज पार्टी उभरी भी उत्तर प्रदेश के सत्ता तक पहुंची। आज स्थिति सोचनीय है समाजवादी पार्टी भी सत्ता का स्वाद चख चुकी है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल है लेकिन कुछ निर्णय ऐसे हुए दलित समाज नाराज हुआ लेकिन आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख भी समझे हैं, आंबेडकर व लोहिया की विचारधारा स्थापित करना चाहते हैं। सबको समुचित भागीदारी की बात भी कर रहे हैं। चुनाव की बेला में आंबेडकर का बयान 25 अप्रैल 1948 वाला आज भी बहुजनों में एकता के लिए प्रसांगिक है।

बढ़ती आर्थिक असमानता

इन दिनों देश में बढ़ रही गैर बराबरी की चर्चा जोरों पर है, हाल ही में वर्ल्ड इनेक्वलिटी लैब ने जो आंकड़े पेश किए वो बेहद चौकाने वाले है, इनसे पता चलता है कि मात्र एक फीसदी लोगों के पास देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2022-23 के मध्य आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है। देश में अरबपतियों की संख्या निरंतर बढ़ रही हे नए आंकड़ों के अनुसार यह संख्या अब 259 हो गई है। यह रफ्तार कई अन्य देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा है लेकिन वहीं दूसरी ओर 72 करोड़ से ज्यादा लोग मात्र 6000 रूपये मासिक आय पर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। आमदनी की असमानताओं में सिर्फ साउथ अफ्रीका और ब्राजील ही आगे हैं, यह भी बताना जरूरी है कि 1991 में जब वैश्विक उदारीकरण शुरू हुआ इस समय केवल एक भारतीय 1 अरब डालर से ज्यादा संपत्ति का मालिक था, किंतु पिछले चंद वर्षो में भारत में असमानता ब्रिटिश राज के समय से भी ज्यादा हो गई है। 2014 से 2023 के मध्य जहा आम आदमी की औसत आय 27.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं चंद पूंजीपतियों की आय में 280 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, यह असीमित बढ़ोतरी ही अमीर गरीब की असमानता का मुख्य कारण है। गैर बराबरी तीन तरह की बताई जाती है, एक खपत में, दूसरी आय में और तीसरी वेल्थ में। इस आसमान पूंजी के बंटवारे को केवल क्रोनी केपिटालिज्म का विकास ही कहा जा सकता है, देश का चहुंमुखी विकास तो कतई नहीं। चहुंमुखी विकास के लिए और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे महिलाओं की सीमित भागीदारी को बढ़ाना ही होगा। 85 प्रतिशत तक छोटे मझौले किसानों की आय को बढ़ाने की जरूरत होगी, माइक्रो सेक्टर की आमदनी बढ़ानी होगी, शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा ताकि लेबर प्रोडक्टिव हो सके, कर्मचारियों की रियल सेलरी में बढ़ोतरी की जरूरत होगी। क्योंकि जो ग्रोथ हो रही है उसका लाभ सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित है और यही कारण आर्थिक असमानताएं बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रख कर आर्थिक नीतियों में बड़े परिवर्तन की जरूरत होगी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

117 रसोइयों को साक्षर बनाने की तैयारी

बैठक

- 448 प्रबंध समिति सदस्यों को भी साक्षर बनाने की तैयारी
- बीईओ बोले- पढ़ने-लिखने की क्षमता से संपन्न होना हर व्यक्ति की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता

मेंहदावल

अमृत विचार : पढ़ने-लिखने की क्षमता से संपन्न होना हर व्यक्ति की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। बुधवार को यह बातें बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने प्रबंध समिति के सदस्यों और विद्यालय पर कार्यरत रसोइयों को साक्षर बनाने की रणनीति तैयार करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि साक्षरता दुनिया को समझने में मदद करती है।

साक्षर व्यक्ति बेहतर संचारक होता है। साक्षर होने पर दुनिया को समझने व अन्य लोगों से जुड़ना आसान हो जाता है। साक्षर होने पर व्यक्ति को सशक्त और अपनी क्षमताओं का विस्तार करके जीवन में सुधार पैदा करता है। साक्षरता व्यक्ति के स्वास्थ्य और सतत विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया प्राथमिक विद्यालय पटवरिया के निरीक्षण के क्रम में सभी रसोईया और कई प्रबंध समिति सदस्यों के नाम के आगे हस्ताक्षर के कॉलम में अंगूठे का निशान मिला था। इसके बाद सभी विद्यालयों से इस संबंध में जानकारी इकट्ठा की गई।

जिसमें क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के कुल 1276 प्रबंध समिति सदस्यों में से 448 और 357 रसोइयों में से 117 रसोईया निरक्षर मिले। सभी लोगों को साक्षर बनाने के लिए रणनीति तैयार किया गया। हर निरक्षर सदस्य को साक्षर करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में योग्य बच्चों या उनके पाल्यों को नामित कर दिया गया है। जिससे उन्हें लिखना पढ़ना आसानी से आ जाए।

रसोइया कर्मियों को साक्षर बनाने की तैयारी बैठक करते बीईओ ज्ञानचंद मिश्र।

परिक्रमा में शामिल होने आए श्रद्धालुओं का स्वागत

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार। कस्बे के आरपीएस इंटर कॉलेज परिसर में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आयोजित 84 कोसी परिक्रमा अवध क्षेत्र झारखंड से आए हुए श्रद्धालुओं का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया।अभिनंदन एवं भोजन विश्राम के बाद अयोध्या धाम श्री राम जन्मभूमि राम जन्म भूमि के दर्शन के लिए प्रस्थान किया।

झारखंड से 19 अप्रैल से यात्रा का शुभारंभ हुआ। पूरा अवध क्षेत्र में प्रमुख धर्म क्षेत्र का दर्शन बाराबंकी जनपद के कोटवाधाम, पारिजात, लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने के बाद परसपुर क्षेत्र के सूकर खेत सरयू नदी में स्नान किया। इसके बाद अयोध्या जन्म भूमि का दर्शन करने के बाद यात्रा का समापन होगा। यात्रा में झारखंड से आए हुए लगभग 125 श्रद्धालुओं की संख्या रही। जिसमें 40 महिलाएं और बच्चे आदि शामिल है। यह अपनी यात्रा दो बसों से कर रहे हैं। यात्रा के स्वागत के लिए विद्यालय परिवार में विद्यालय के संस्थापक व पूर्व विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक उपाध्यक्ष रामनिवास वर्मा, नगर अध्यक्ष प्रशांत अग्निहोत्री, कृष्ण कुमार गुप्ता, संजय राव, डॉक्टर महेश श्रीवास्तव, सरिता पोरवाल, विनीत सिंह, चंद्र प्रकाश यादव, खुशबू सिंह साहित विद्यालय के अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

जरवल रोड में झारखंड से आए जत्थे द्वारा लगाया जा रहा जयकारा।

तापमान वृद्धि से स्कूल संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने अत्यधिक तापमान वृद्धि व लू प्रकोप की प्रबलता के कारण 12 वीं तक के सभी स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन करके प्रातः 7 से 11 बजे तक करने की मांग किया है।

जिलाधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि तापमान निरंतर हो रही वृद्धि और भीषण लू-प्रकोप के कारण विद्यालय संचालन में बेहद कठिनाई हो रही है। अत्यधिक तापमान के कारण अधिकांश बच्चे विद्यालय आने जाने में ही बीमार हो जा रहे हैं। जिसके कारण विद्यालयों में छात्र उपस्थिति भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

30 तक मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं पूर्ण कराएं

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामाय निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने (ए.एम. एफ. व्यवस्था) के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, पेन्टिंग, टेन्ट, साइनेज, शौचालय (महिला/पुरूष) बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी, सभी पोलिंग पार्टियों और मतदान कर्मियों व सुरक्षा व्यवस्था में लगे कार्मिकों को मतदान केन्द्रों पर ठहरने की व्यवस्था, खान, पान, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं की समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने आवश्यकता के सापेक्ष वाहनों की उपलब्धता के बारे में भी एआरटीओ प्रियम्बदा सिंह से जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने निर्वाचन में पुलिस बल डिप्लायमेन्ट, रूट चार्ट, आदि के बारे में आयोग की मंशा के अनुसार सभी उप जिलाधिकारी और पुलिस विभाग से सम्बंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आगामी 3 तीन दिनों के भीतर रूट चार्ट तैयार करा लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन-जिन बूथों पर वेबकास्टिंग कराई जानी है वहां पर प्रत्येक दशा में मतदान तिथि से 3 दिन पहले अनिवार्य रूप से विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाय। सभी मतदान केन्द्रों पर प्रकाश, वायरिंग, पंखा समेत सारी व्यवस्थाओं से सम्बन्धित अन्तिम रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मेंहदावल, संतकबीरनगर। बखिरा थानाक्षेत्र के दुर्गजोत चौराहे पर मंगलवार की देर रात बाइक पर जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की शाम मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगपुर के छपिया अंगद गांव निवासी 21 वर्षीय विकास यादव पुत्र श्रीनारायन अपने मित्र रामकेश प्रजापति पुत्र राम भवन निवासी ग्राम पंचायत पचनेऊरी थाना मेहदावल के साथ बखिरा थानाक्षेत्र के एकमा गांव में रिश्तेदार के यहां बारात गए थे। मंगलवार की देर रात बाइक से दोनों युवक वापस घर आ रहे थे। तभी बखिरा थाना क्षेत्र के दुर्गजोत चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि तेज गति से पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदावल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों उसे ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

अफीम चटाने का काम कर रही बीजेपी:आकाश आनंद

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार । जिले में गुरुवार को एक चुनावी सभा में बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर और बसपा मुखिया मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि तुम कौन होते हो भगवान को लाने वाले? तुम इंसान होकर भगवान को लाने की बात कर रहे हो! राम मंदिर तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बनना शुरू हुआ और मंदिर निर्माण में एक एक रुपया आम जनता का लग रहा है। इसमें बीजेपी का क्या लगा है? बसपा नेता ने कहा कि बीजेपी तो सिर्फ हिंदू मुस्लिम की राजनीति करती है। समाज को आपस में बांटकर राजनीति करना बीजेपी की फितरत है। बीजेपी वाले लगातार हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ाने के लिए भड़काऊ बयान देते हैं। जिस पर चुनाव आयोग संज्ञान नहीं लेता। अगर हम यही सब करने लगें, तो इलेक्शन कमीशन हम पर कार्रवाई करने लगेगा।

बसपा नेता आकाश आनंद जिले के मेहदावल विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बखिरा स्थित वेणी माधव इंटर कॉलेज में बसपा प्रत्याशी मोहम्मद आलम के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने बीजेपी सरकार को गद्दारों की सरकार बताया।

साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। भीम आर्मी मुखिया चंद्रशेखर रावण का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि ऐसे बहुरूपियों से सावधान रहने की जरूरत है। बुलडोजर की इस सरकार में यौन शौषण के बढ़ते मामलों के साथ हत्या जैसी घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है।

बुलडोजर की सरकार अपराध में नंबर वन

संतकबीरनगर । चुनावी सभा को सम्बोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बसपा नेता आकाश आनंद ने कहा कि बुलडोजर की सरकार अपराध में नंबर वन बन चुकी है। रसोई गैस के दाम जब कभी महंगे हुए थे तब यही भाजपाई सिलेंडर लेकर सड़कों पर उतर आए थे। लेकिन आज सिलेंडर के दामों के साथ अन्य जरूरी चीजों के दाम बढ़ गये हैं। जनता महंगाई से परेशान है। भाजपा सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांट रही है, उसी अनाज से 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हो चुके हैं।उन्होंने कहा कि यूपी में सरकारी स्कूलों की हालत भी खराब है। डिजिटल इंडिया बनाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री साहब के राज में 65 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर तक नहीं लग पाया।

सपा कांग्रेस पर भी रहे हमलावर

संतकबीरनगर । समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए बसपा नेता आकाश आनंद ने कहा कि लाल टोपी वाले साइकिल पर सवार होकर जिन मुस्लिम भाइयों के दम पर सरकार बनाए थे, उन्हीं मुस्लिमों पर जुल्म करते रहे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 70 साल देश पर राज करने वाली कांग्रेस अब एससी-एसटी और ओबीसी को और आरक्षण देने की बात कर रही है। ये कांग्रेस नेता 70 साल तक कहां सोए थे। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार बनी तो समाज के हर वर्ग के साथ न्याय होगा और देश को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाकर उत्तर प्रदेश का समुचित विकास किया जाएगा। इस मौके पर बसपा प्रत्याशी मोहम्मद आलम ने मतदाताओं से अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि संतकबीरनगर जिले का श्रृजन बहन मायावती ने किया था। अन्य दलों की सरकारों ने संतकबीरनगर का विकास बाधित किया। जिले का सर्वांगीण विकास चाहिए तो बसपा का चुनाव जीतना बेहद जरूरी है।

भैंस ने बालक को रौंदकर मार डाला

बहराइच। जिले के लौकिहा गांव निवासी चार वर्षीय बालक के पेट में भैंस ने पैर रखकर मसल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी कंधई बुधवार शाम को भैंस को स्नान करवा रहे थे। जबकि पड़ोसी मनमोहन की पत्नी चार वर्षीय बेटे को लेकर तालाब के निकट मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान कंधई ने अपनी भैंस छोड़ दी। भैंस ने चार वर्षीय बेटे रितेश ने पेट में पैर रख कर रौंद डाला। बालक का पेट फट गया। कुछ ही देर में बालक की मौत हो गई। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि बालक की मौत भैंस के हमले में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वर्ग पहेली-50

बाएं से दाएं

4.1. बल, शक्ति 2. ज़ोर 3. सामर्थ्य।

6.1. भलीभांति, भरपूर, पूरी तरह से, परिपूर्ण 2. अघाया हुआ, संतुष्ट।

9. बहुत दुबला-पतला, जिसके शरीर में हड्डियां ही रह गई हों।

10. शिव के सिर पर विराजमान गंगा।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी बात का पता लगाने के लिए लोगों से प्रश्न करना या पूछना 2. ख़ोजबीन करना 3. मालूमात के लिए सवाल-जवाब करना; (इनक्वाइरी)।

2.1. कांपता हुआ 2. व्याकुल 3. क्षुब्ध।

3.1. कलौंछ 2. वह काला अंश जो धुएं के जमने से बन जाता है, कालिख।

5.1. हिंदी वर्णमाला में 'क' से 'ह' तक के वर्णों का समूह 2. बारहखड़ी 3. वर्णमाला 4. किसी विषय का आरंभिक या ज़रूरी ज्ञान।

7.1. महान या उच्च आशय और विचारों वाला व्यक्ति 2. आदर्श व्यक्ति, सज्जन 3. समुद्र, सागर।

8.1. मोहित करने की शक्ति, माया या जादू 2. वशीकरण 3. सुंदर स्त्री 4. मोहक प्रभाव 5. पोई का साग 6. एक तरह की जूही।



वर्ग पहेली -49 का हल



आरोपित जीजा गिरफ्तार, साले पर फावड़े से किया था हमला

मेंहदावल, संतकबीरनगर। मेंहदावल थानाक्षेत्र के बेलौली गांव में साले के ऊपर फावड़े से हमला करके उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपित रामआशीष यादव की पत्नी पूजा यादव की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को जेल भेज दिया गया है। वर्तमान समय में घायल साले की स्थिति गंभीर बताई जा रही है और मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उसका उपचार चल रहा है। जयप्रकाश यादव (22) की बहन पूजा की शादी बेलौली गांव निवासी रामाशीष यादव से हुई थी। राम आशीष अपनी पत्नी को अक्सर मारता पीटता था। जिससे वह काफी परेशान रहती थी। बीते सोमवार को भी उसने पत्नी को मारा पीटा था। जिसके बाद उसकी पत्नी ने अपने भाई जयप्रकाश को मामले की सूचना दे दिया था। मंगलवार की देर रात 8 बजे जयप्रकाश अपनी बहन के घर पहुंचा था। मामले में जीजा-साले के बीच कहासुनी होने के बाद जयप्रकाश के जीजा रामआशीष ने फावड़े से अपने साले के ऊपर हमला बोल दिया था। इस हमले में जय प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान पूजा और उसकी बच्ची को भी चोटें आई थीं। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया था। बीआरडी मेडिकल कॉलेज भर्ती युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले में जांच पड़ताल किया था और मेंहदावल पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि घायल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। आरोपित की पत्नी पूजा की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

जयकारों के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

संतकबीरनगर,अमृत विचार। जिले में मंगलवार को संकटमोचक श्री हनुमान जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। बजरंगबली के दर्शन और पूजन के लिए हनुमान मंदिरों में भक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। शाम को आयोजित भजन संध्या में गोरखनाथ मिश्र एण्ड पार्टी ने भजनों और झांकियों का संजीव मंचन किया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

मंगलवारको संकटमोचन हनुमान जी खुद की जयंती पर जनपद मुख्यालय स्थित हनुमान गढ़ी, हनुमान मंदिर तितौवा, राम-जानकी मंदिर समेत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों पर भोर पहर से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड दिखाई पड़ी। जय श्री राम, जय हनुमान के उद्घोष से मंदिर और उसके आसपास का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहा। हनुमान जयंती उत्सव पर भोर में मंदिरों के दरबार में क्षेत्र के साथ आस-पास के गांवो से पहुंचे। भक्तों की लंबी-लंबी कतारें और जय श्रीराम की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। हनुमान गढ़ी मंदिर हरिहरपुर में आयोजित भजन संध्या में पूर्वांचल के लोकप्रिय भजन गायक गोरखनाथ मिश्र एण्ड पार्टी ने पूरी रात अपनी खूबसूरत भजनों की बेहतरीन प्रस्तुति के माध्यम से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गणेश जी की सजीव झांकी के साथ गुड्डू राय ने गणेश वंदना कुछ यूं पेश किया- कितना प्यारा मेरा गणपति गणेशा, गजानन मनाता रहूं। गोरखनाथ मिश्र ने कूच इस तरह पेश किया-दर-दर मेरा सर ये झुके ना, मत करना मां कोई चिंता, उजड़ गई रावण की लंका, बाजेगा रघुबर का डंका, रघुबर जी आने वाले हैं, अच्छे दिन आने वाले हैं। दूसरा भजन - जिसके नाथ भोले नाथ वो अनाथ नहीं, भगवान भोलेनाथ की मनमोहक झांकी के साथ सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था बाबा, आज भी है और कल भी रहेगा। इस भजन पर महिला श्रोताओं की भीड़ अपने स्थान से खड़ी होकर झूमने लगी। दुर्गा प्रसाद शर्मा ने हे दुःख भंजन मारूति नंदन सुन लो मेरी पुकार, पवन सुत बिनती बारंबार। भजन के बाद अरविंद कुमार ने -आखिर में भजन गायक गोरखनाथ मिश्र ने मैं हूं तेरा नौकर तेरी हाजिरी रोज लगाता हूं। रात के 12 बजे घंटे घड़ियालों और शंखध्वनि के बीच भक्त शिरोमणि श्री बालाजी का जन्मोत्सव और आरती सम्पन्न कराई गई। इससे पूर्व महंत ने संकटमोचन हनुमान जी का रजत श्रृंगार किया। श्रृंगार के बाद आरती में शंखनाद और घंटा-घड़ियाल के साथ बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।

सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		1		
4		7						
9					5	8		
					9		7	
2								5
	3							
		2	1					3
					7	6		4
5				3				

सुडोकू -128 का हल

8	4	3	2	1	5	7	9	6
9	6	2	4	3	7	8	5	1
7	1	5	6	8	9	3	2	4
1	9	4	8	7	6	5	3	2
2	5	6	3	9	1	4	7	8
3	8	7	5	4	2	6	1	9
6	3	9	7	2	4	1	8	5
5	2	8	1	6	3	9	4	7
4	7	1	9	5	8	2	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.45 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 26 अप्रैल 02.24 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज घर की साज-सजावट में आप काफी ध्यान देंगे। मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

वृष — आज जीवनसाथी के साथ चर्चा करने से काफी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण होगा। बेवजह की बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपका नुकसान पहुंचाने को लेकर तत्पर रहेगा।

मिथुन — आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। लेकिन शाम के समय आप मनोरञ्जन में बितायेंगे। प्रेम संबंधों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमंत्रण दे सकती है।

कर्क — आज नवीन कार्य योजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने में लगे रहेंगे। कुसंगति से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग को लेकर योजना बना सकते हैं। धन को लेकर समस्या का समाधान हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए काफी बेहतरीन है।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में आलस्य का अनुभव करेंगे। नई विधा सीखने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दिन भर की थकान दूर होगी। आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में अपनी सलाह सोच-समझकर दें।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। बच्चे अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। दिन की शुरुआत में काम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — आज अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। अपने नकारात्मक पक्ष को समझे और उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। बिना मांगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

धनु — आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का पूरा ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

मकर — आज जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में स्थिरता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। रिश्तों के बीच बढ़ रही दूरियाँ दूर होंगी। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्म सन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

कुंभ — आज स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्या के प्रति आकर्षित रहेंगे। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

मीन — आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवहारिक बने रहें अन्यथा आप गलत निर्णय ले सकते हैं। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर लादने का प्रयास न करें। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शादी में जरूर आना — सुबह : 10.56
- धड़कन — रात : 08.44

&pictures
- पार्टनर — सुबह : 11.01
- इंग्लिश विंग्लिश — रात : 08.00

SONY PIX
- रश आर 3 — सुबह : 09.30
- ब्राइटबर्न — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- ट्रफिक सिग्नल — सुबह : 08.35
- त्रिशुल — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- वन फ्राईडे नाइट — सुबह : 08.23
- चमत्कार — शाम : 05.52

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त- यार कल तो तू बहुत मायूस था आज इतना खुश कैसे है?

दूसरा दोस्त- कल मेरी बीवी ने 7 हजार की साड़ी खरीद ली थी

पहला दोस्त- अच्छा आज इतना खुश क्यों है उसने साड़ी वापिस कर दी क्या ?

दूसरा दोस्त- नहीं यार मेरी पत्नी वही साड़ी पहनकर तेरी पत्नी से मिलने आ रही है।

चिंटू- अगर कोई गलती हो जाए तो पता है क्या करना चाहिए?

पिंटू- क्या...?

चिंटू- शांति से बैठकर सोचना चाहिए कि नाम किसका लगाना है।

एक नजर

संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका मिला युवक का शव

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र बरुई निवासी संदीप सिंह उर्फ पंकज (35) पुत्र स्व .राम बहादुर सिंह के परिवारीजन बहन के यहां शादी में शामिल होने गए हुए थे। संदीप सिंह मंगलवार को घर पर अकेला था। बुधवार की सुबह संदीप का शव बरामद के छत में लगे पंखे से रस्सी के सहारे लटक रहा था। थानाध्यक्ष ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रीति बनीं मिस फेयरवेल

सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के अर्थशास्त्र विभाग में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परास्नातक के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रीति शर्मा मिस फेयरवेल तथा परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शिवेंद्र मिस्टर फेयरवेल चुने गए। कार्यक्रम का शुभारंभ हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो राधेश्याम सिंह के साथ साथ प्रो विजय प्रताप सिंह, प्रो किरन सिंह, प्रो रंजना सिंह, प्रो वंदना सिंह व सहायक प्राध्यापक डॉ अनिल यादव ने किया।

भाजयुमो आयोजित करेगा युवा सम्मेलन

सुलतानपुर, अमृत विचार : केंद्रीय चुनाव कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह के अध्यक्षता में बुधवार को हुई। चन्दन सिंह ने प्रत्येक विधान सभा में युवाओं को भाजपा के तरफ युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिये युवा सम्मेलन का आयोजन करने की योजना साझा किया। प्रत्येक बूथ पर 10 युवा साथी को खड़ा करने का लक्ष्य लेकर युवामोर्चा चलेगी। जिसमें प्रत्येक मण्डल स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं।

बरात से लौट रही पिकअप पलटी, दो युवकों की मौत

हादसे में 12 लोग घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गरए मार्ग पर रात करीब दो बजे हुआ हादसा

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः देर रात बारातियों को घर लेकर आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरो युवक ने केजीएमयू ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दूसरी ओर दुर्घटना में वाहन के नीचे दबकर 12 लोग घायल हैं। जिन्हें सीएचसी से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के देवरी बीरपुर निवासी केशव राम यादव के यहां से मंगलवार शाम अवसानपुर बारात गई थी। रात में भोजन के बाद काफी संख्या में बाराती एक पिकअप वाहन से घर वापस लौट रहे थे। देर रात पिकअप वाहन गरए रोड से होते हुए लंभुआ आ रहा था। बाबा जनवारी नाथ धाम का गेट पार कर जैसे ही वाहन आगे बढ़ा और थोड़ी दूर चलने के बाद ही मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। काफी संख्या में बाराती वाहन के नीचे दब करके घायल हो गए। देवरी बीरापुर निवासी सिंघम (12) की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि केजीएमयू ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय सचिन सरोज (19) की भी मौत हो गई।

दुर्घटना में घायल हिमांशु (15), महेश (25), आदर्श सरोज (20), सेमरी राजापुर निवासी शेषनाथ विश्वकर्मा (25), आदर्श धुरिया (13, लंभुआ निवासी शीतला प्रसाद (35), पठखौली निवासी आयुष पाठक (18), लोटिया निवासी कमला प्रसाद (25), शाहपुर हरिवंश निवासी विवेक (25) व सत्यम यादव (22) घायल हो गए। उन्हें ग्रामीणों व पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोगों के मुताबिक वाहन चालक तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। इसके कारण मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खड्ड में जाकर पलट गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

दुर्घटना के बाद लंभुआ सीएचसी में लगी भीड़। अमृत विचार

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर : अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे मंशा तिवारी का पुरवा पीपर गांव निवासी कन्हैयालाल (32) पुत्र नन्हेलाल सोनी लुधियाना में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वह तीन दिन पूर्व लुधियाना से घर आया था। कन्हैया मंगलवार शाम को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के भरतीपुर गांव में अपनी ससुराल आया हुआ था। मंगलवार रात को करीब 10 बजे वह अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते कूरेभार की तरफ पैदल जा रहा था। अभी वह थानाक्षेत्र के बम्हरौली मोड़ पर ढाबे के सामने पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक 10 फीट दूर जा गिरा। सिर पर दाहिने तरफ गंभीर चोट लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कन्हैयालाल चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी सुषमा, छह साल की बेटी आशू को छोड़ गया है।

डीजीपी व उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग

सुलतानपुर, अमृत विचारः गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पकड़ीपुर निवासी मो. दानिश ने मारपीट गाली गलौज और हत्या की धमकी के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पुलिस उच्चाधिकारियों से की है। आरोप लगाया है कि मुकदमे में गवाही देने से रोकने के लिए मंगलवार की शाम हुसेनगंज इनायतपुर निवासी आरोपियों ने दानिश के पिता वसीद की बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया और हाथ पैर व तमंचे के बट से मारा पीटा। थाने पर शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई । घायल वसीद का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दानिश ने उच्चाधिकारियों से मुकदमा दर्ज कराने और कार्रवाई की मांग की है।

सांसद ईमानदार हो तो होते हैं कामः मेनका

- सांसद ने चुनावी कैंपेन के 20 वें दिन एक दर्जन नुक्कड़ सभाएं कीं

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 20 वें दिन इसौली विधान सभा में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने बीते 5 सालों में अपना परिवार मानकर सबके विकास को सुनिश्चित किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों की चौखट तक पहुंचा है। जनता के मन में मोदी की गारंटी के प्रति विश्वास है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी अदालत होती है। मुझे विश्वास है कि किए गए विकास व सुशासन के बल पर हम और हमारी पार्टी जनता के अदालत में इतिहास रचेंगे। बुधवार को सांसद ने इसौली विधानसभा की नुक्कड़ सभाओं में एक किसान का 8000 रुपये के विद्युत बिल को उनसे शिकायत करने की बात कहने पर जेई द्वारा सही करवा कर 238 रुपए किए जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा जब आपका नेता व सांसद ईमानदार व ताकतवर होता है तो उसकी हनक से ही जनता के बहुत सारे काम हो जाते हैं।

इसौली में नुक्कड़ सभा को संबोधित करती सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

चौकी इंचार्ज समेत छह के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

- हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका वापस न लेने पर गाली-गलौज करने व शारीरिक यातना का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका वापस न लेने पर गाली-गलौज करने, शारीरिक यातना देने तथा गोसाईगंज थाने में केस दर्ज कर चालान करने समेत अन्य आरोपों में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी अब्दुल जब्बार ने सीजेएम कोर्ट में चौकी इंचार्ज द्वारिकागंज अमित सिंह, कांस्टेबल सूर्य कुमार तिवारी, शिवम तिवारी , अखिलेश सिंह और भरथीपुर गांव के मिर्जा बिलाल बेग व गुड्डू उर्फ इदरीश के खिलाफ याचिका दाखिल की है। सीजेएम नवनीत सिंह ने थाने से आठ मई को रिपोर्ट तलब की है।

याचिका में आरोप है कि बीती नौ अप्रैल को चौकी इंचार्ज अमित सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने वादी अब्दुल जब्बार को फोन कर बुलाया और चौकी लेजाकर हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के वापसी को लेकर धमकाने लगे। आरोप है कि याचिका वापस न करने पर प्रताड़ित किया तथा गोसाईगंज थाने मे ले जाकर बंद कर दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है की कोर्ट से जारी जमानतीय वारंट पर फर्जी रिपोर्ट लगा दी थी। अधिकारियों से मामले की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली है।

दीवानी न्यायालय का गेट नंबर दो। अमृत विचार

चकमार्ग कब्जाने के आरोपी को कोर्ट से अग्रिम जमानत

सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर थाना क्षेत्र के कमरावां में चकमार्ग की जमीन कब्जा करने के 10 साल पुराने मामले में आरोपी जगदम्बा प्रसाद उर्फ गर्जन मिश्र की अग्रिम जमानत जिला जज जेपी पांडेय ने मंजूर कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया तत्कालीन लेखपाल ने ग्रामीणों की सूचना पर आठ दिसंबर 2014 को आरोपी पर बलवा, लोक सेवक के कामकाज में दखलंदाजी व लोक संपत्ति क्षति अधिनियम के तहत चक मार्ग कब्जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर की है। मामले में अंकित उर्फ गोलू की जमानत हो चुकी है वही सह आरोपी लालता प्रसाद और अंकित की अग्रिम जमानत पूर्व में कोर्ट से मंजूर हो चुकी है।

नाराज व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी

- नगर पालिका पर लगाए आरोप, सब्जी मंडी के दुकानदारों को बाहर निकालने का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः नगर पालिका परिषद द्वारा सब्जी मंडी के व्यापारियों को उनकी दुकानों से बेदखल करने की नोटिस के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेता व पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी वरुण मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के ईओ एवं अध्यक्ष के विरोध में नारे लगाए।

कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष सब्जी मंडी की बेशकीमती भूमि को अपने चहेते मित्रों को देने के लिए जानबूझकर सब्जी मंडी की दुकानों को जरूर बता रहे हैं। यदि भवन जर्जर है तो उन्हें उसकी मरम्मत के लिए प्रयास करना चाहिए। न कि दुकानदारों को उनकी दुकानों से बाहर निकाल देना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल इस प्रकरण पर संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। फिर भी प्रशासन जानबूझकर व्यापारियों को तंग कर रहा है। जिससे वह सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाए और प्रशासन को कार्रवाई का अवसर मिल जाए।

उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर वह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। कांग्रेस पार्टी छोटे व्यापारियों की हितैसी है और वह हर सूरत में व्यापारियों के साथ खड़ी रहेगी। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान मौजूद कोतवाली पुलिस और कांग्रेस नेता वरुण मिश्र के बीच जमकर बहस भी हुई। आक्रोश को देखकर सिटी मजिस्ट्रेट ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

इस अवसर पर मोहम्मद जुनेद, कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहित तिवारी, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल मिश्रा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश मिश्र, अबरार अहमद संदीप सोनकर, महेश सोनकर, निहाल खान, नरेंद्र सोनकर, मोहम्मद खालिक, जीतू सोनकर, राजेश, गोलू, डब्लू, कामता आदि मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता वरुण मिश्र व पदाधिकारी। अमृत विचार

भाले सुल्तान क्षत्रियों की बैठक में उठे विकास के मुद्दे

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः तहसील बल्दीराय क्षेत्र के हलियापुर में संचालित श्रीमती सुंदरा देवी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में भाले सुल्तान क्षत्रियों की एक बैठक हुई। बैठक में भाले सुल्तान क्षत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के प्रयास से बनवाये गये प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को समर्पित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पार्क, भाले सुल्तान थाना व वारिस गंज रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान स्टेशन का नाम करण किये जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में उपस्थित लोगों ने अमेठी लोक सभा में सम्मिलित 29 गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। बैठक को सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह व भाले सुल्तान क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष रॉय भानु प्रताप सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्देश सिंह ने किया। आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी रवींद्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रदीप सिंह थौरी, अखंड सिंह गब्बर, ज्ञानेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, गौरव सिंह, राजेश्वर प्रताप सिंह, शिव दयाल सिंह, संत शरण सिंह, अंजनी सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, राज प्रताप सिंह आदि रहे।

सार-संक्षेप

कादीपुर में संभ्रांत लोगों के साथ बैठक करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

कादीपुर में डीएम-एसपी ने की बैठक, मतदान पर जोर

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक सहित जिले के आला अधिकारियों के साथ बुधवार को कादीपुर क्षेत्र के संवेदनशील बूथों की स्थिति के बारे में अवगत हुए। लोगों से कहा कि आप लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मत देने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर कादीपुर एसडीएम शिव प्रसाद, तहसीलदार मयंक मिश्रा, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, कादीपुर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित तहसील के सभी राजस्व अधिकारी और कर्मचारी, ग्राम प्रधान व अन्य मौजूद रहे। यहां के बाद डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कादीपुर में जाकर के बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया।

बालक वर्ग में अमृत तो बालिका में मानसी रहीं अव्वल

सुलतानपुर, अमृत विचार : दरियापुर दल की ओर से आयोजित किए गए बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग में अमृत वर्मा ने बढ़त बनाते हुए सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इसी क्रम में मनोरंजक खेल फुल्की खाओ प्रतियोगिता में भी अमृत ने पुरस्कार हासिल किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता दरियापुर वार्ड स्थित अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न हुई। बालिका वर्ग में मानसी विजेता रही तो बालिक वर्ग में अमृत वर्मा ने अपना दम दिखाया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष शाहिद अब्बास ने किया। अध्यक्ष शुभम प्रधान के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेफरी शुभम रावत रहे। इस मौके पर संरक्षक आकाश, संरक्षक किशन सोनी, सदस्य स्वतंत्र मिश्रा मौजूद रहे। अंत में संस्थापक विकास राव ने सभी का आभार जताया।

तमंचा के साथ पकड़ा गया आरोपी

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर भांई चौराहा नहर की पुलिया के पास से गांव इटहवा (भांई) महेश कुमार को एक अदद अवैध तमंचा ,एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

आग से दर्जनों किसानों की फसल और भूसा जला

सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के कलिकापुर गांव में बुधवार दोपहर करीब एक बजे गेहूं के खेत में आग लग गई। पछुआ हवा के कारण आग विकराल रूप धारण करते हुए पूरब तरफ बढ़ी देखते देखते आग तवक्कलपुर नगरा व कैमासपुर गांव तक पहुंच गई। अधिवक्ता देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि आग करीब एक बजे लगी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियां आग पर काबू करने का प्रयास करती रहीं। एक गाड़ी कलिकापुर व दो गाड़ियां तवक्कलपुर नगरा में पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से करीब दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाब हो सके। तब तक करीब पच्चीस बीघा गेहूं भूसा व पराली जलकर राख हो चुकी थी। कैमासपुर गांव निवासी मनोज चौबे ने बताया कि चिलचिलाती धूप में आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने आग लगी खेत के बगल में ट्रैक्टर चला कर आग को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया।

कृष्ण ने बाललीला में किया राक्षसों का उद्धारः महाराज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : भगवान नंद बाबा और मईया यशोदा के सानिध्य में रहकर कंस द्वारा भेजे गए एक-एक राक्षसों का वध कर प्रभु ने उनका उद्धार किया। यह बातें पाण्डेय बाबा के हांसापुर पारस पट्टी में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पं प्रसून कृष्ण जी महाराज ने कथा के तीसरे दिन कहीं। बुधवार को कथा व्यास ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि योगमाया ने आकाशवाणी की दुष्ट तुम्हें मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है। जिसको सुनकर कंस ने भगवान को मारने के लिए पूतना सहित कई राक्षसों को भेष बदलकर भेजा। जिसको कृष्ण ने मारकर उनका उद्धार किया। कान्हा के मिट्टी खाने के बहाने यशोदा द्वारा मुख देखने पर ब्रह्माण्ड का दर्शन हुआ। कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण के बाल रूप का दर्शन करने भोलेनाथ भी भेष बदलकर पहुंचें। बाल क्रीड़ाओं का वर्णन करते हुए व्यास ने कहा कि सखाओं के साथ खेलते समय गेंद काली दह में चली गया। जिसे लेने के लिए भगवान काली दह में छलांग लगा दी और कालिया नाग को वहां से भागने के लिए मजबूर कर दिया।

मोतिगरपुर में उतारी गई कथा व्यास की आरती। अमृत विचार

चुनाव में वकीलों की भूमिका अहमः अयूब

- सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

सुलतानपुर

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और चुनाव प्रभारी अयूब उल्ला खान ने चुनाव में अधिवक्ताओं की भूमिका को अहम बताया है। उन्होंने कहा कि सपा इण्डिया गठबंधन के साथ मजबूती से चुनाव में उतरी है।

सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद को जिताने के लिए अयूब वकीलों और कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। कहा कि इंडिया एलाइंस के मसौदे के तहत लोगों को जागरूक कर समर्थन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जयसिंहपुर क्षेत्र में बिझूरी से बिरसिंहपुर तक साइकिल यात्रा से समर्थकों के साथ सम्पर्क किया। इसौली क्षेत्र में धनेशपुर, हरौरा बाजार, नंदौली, पारा बाजार, सुखबड़ेरी, पटैला, बल्दीराय, रसूलाबाद आदि गांवों में भी वकीलों और कार्यकर्ताओं के साथ सम्पर्क किया। इस दौरान एआईएमआईएम के तौसीफ अहमद, आप के अशफाक, अधिवक्ता बैतुल्लाह, विजेन्द्र चौरसिया, नफीस अहमद, सतीश उपाध्याय, अजीत कुमार व शहजाद आदि मौजूद रहे।

दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ बैठक करते अयूब उल्ला।

चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव मनाया

- ब्रह्मा जी की काया से चित्रगुप्त देव हुए थे प्रकट : अनिल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से मंगलवार देर रात प्रभु चित्रगुप्त महराज का प्राकट्योत्सव मनाया गया। इसमें नगर के संभ्रांत चित्रांश बंधुओं ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ चित्रांश अनिल श्रीवास्तव व गिरिजा श्रीवास्तव ने बताया कि पौराणिक ग्रंथों में चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव की तिथि का उल्लेख है।

जिलाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि चैत्र मास का सही नाम चित्र मास है जो भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य से संबंधित है। जिसे बिगड़े हुए उच्चारण में अब चैत्र मास कहा जाता है। अनेकों ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि चैत्र पूर्णिमा को भगवान चित्रगुप्त का विधिवत पूजन करने से जीवन भर किए हुए पापों का नाश हो जाता है। कहा कि ब्रह्मा जी द्वारा 12 वर्षों की कठोर तपस्या के बाद उनकी काया से चित्रगुप्त जी प्रकट हुए थे। कायस्थजनों ने हाथों में पुष्प लेकर प्रभु चित्रगुप्त की स्तुति और मंत्र जाप किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम अगले वर्ष तक के लिए स्थगित किया गया। सभा में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव, महासभा के जिला महामंत्री वीरेंद्र श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट इंप्लाइज यूनियन गिरिजा श्रीवास्तव, दीनबंधु श्रीवास्तव, रवींद्र श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव व राजकुमार श्रीवास्तव आदि रहे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाया महाराज चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव।

व्यवस्था अब जितने राशन कार्डधारकों के अंगूठे के निशान बायोमेट्रिक मशीन पर लगेंगे उतना ही राशन वितरित होगा

बायोमैट्रिक मशीन से राशन वितरण में कोटेदार परेशान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः ग्रामीण इलाकों में सरकारी राशन उपभोक्ताओं को अब नयी बायोमेट्रिक मशीन से राशन मिलने लगा है। इस नयी राशन मशीन में राशन की तौल भी खारिज होगी और मूल्य व वजन का रसीद भी उपभोक्ताओं को मिलेगा। अब जितने राशन कार्ड धारकों के अंगूठे के निशान बायोमेट्रिक मशीन पर लगेंगे उतना ही राशन वितरित होगा। यह व्यवस्था प्रयोग के तौर पर अभी शुरू हुई है।

भदैया विकासखंड के 76 कोटेदारों के यहां नयी बायोमेट्रिक मशीन से राशन वितरण की शुरुआत हो गई है। शहर से लेकर गांवों तक कोटे के राशन वितरण में चल रहा खेल किसी से छिपा नहीं है। कोटेदार से लेकर अधिकारी, कर्मचारी और सफेदपोश तक इस खेल में शामिल रहते हैं। शासन ने हर ग्राम पंचायत में कोटेदार को नयी बायोमेट्रिक मशीन लगाकर राशन वितरण कराने की प्रक्रिया शुरू की है। जिसमे राशन का वजन और मूल्य भी अंकित कर उपभोक्ता को रसीद की पर्ची भी मिलेगी।

सर्वर के चलते घंटों करना पड़ता है इंतजार

भदैया क्षेत्र के गौरा पाल्हनपुर, कंघईपुर, केनौरा, बेलासदा, गोपालपुर, हनुमानगंज आदि गांव के रामपाल, हरि नारायण, जय प्रकाश, शीला देवी, सरिता, हरिप्रकाश, राम अछैबर, प्रताप नारायण, मेनका, माधुरी, बिंदा, रेशमा, शोभावती आदि ने बताया कि सर्वर डाउन होने के चलते सोमवार को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। नयी मशीन में राशन लेने मे समय अधिक लगता है। पूर्ति निरीक्षक भदैया आशुतोष सिंह ने बताया कि जो मशीन दी गयी है अभी नयी है जिससे कुछ परेशानिया आ रही है। जिनको दूर किया जा रहा है।

बायोमेट्रिक मशीन पर राशन तौलाते उपभोक्ता।

उपभोक्ताओं के अंगूठे को किया जाएगा स्कैन

नयी व्यवस्था के राशन वितरण प्रयोग के तहत ब्लाक के सभी 76 कोटेदारों की दुकानों पर बायोमेट्रिक मशीन लगाई जा रही है। इसमें उपभोक्ताओं का अंगूठा या अन्य कोई उंगली स्कैन की जाएगी। आधार कार्ड से लिंक राशन उपभोक्ता जब राशन लेने पहुंचेगा तो उसे मशीन में अपनी उंगली लगानी पड़ेगी। उसमें लगने वाली उंगलियों से ही तय होगा कि कितने लोगों को राशन वितरित किया गया है। उसी के आधार पर कोटेदार को मिलने वाले खाद्यान्न का मिलान होगा।

बाल गोविंद को मिली पीएचडी की उपाधि

सुलतानपुर, अमृत विचारः डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा बाल गोविंद मौर्य पुत्र मटरू राम मौर्य ग्राम-नारायणपुर बरवारीपुर तहसील कादीपुर को शोध शीर्षक 'असंगठित क्षेत्र में ग्रामीण कार्यशील महिलाएं' पर समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। बाल गोविंद मौर्य ने अपना यह महत्वपूर्ण शोध कार्य शोध पर्यवेक्षक प्रोफेसर (डॉ.) मनोज कुमार मिश्रा समाजशास्त्र गनपत सहाय पीजी कॉलेज के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

एक नजर

समाचार पत्र वितरक के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

गोररखपुर, अमृत विचार। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के अध्यक्षता में एक शोक सभा स्टेशन रोड पर किया गया। जिसमें अनिल कुमार ग्राम भरेठा, मरियाडीह निवासी समाचार पत्र वितरक के दुर्घटना से निधन होने पर शोक सभा कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। समाचार पत्र विक्रेता अनिल कुमार के निधन होने पर दो मिनट का मौन धारण कर मृत्यु आत्मा की शांति प्रदान करने व शोकाकुल परिजनों को दु:ख कि घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। उन परिवारों को 50 लाख रुपए की उत्तर प्रदेश एव भारत सरकार द्वारा मृतक आश्रित परिवार को प्रदान किये जाने की मांग किया गया। शोक सभा का संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष राज् कुमार गुप्ता ने किया। शोक सभा में सर्व राम श्रेष्ठ पासवान प्रदेश सचिव पंकज शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता कार्य कारणी सदस्य पितांबर प्रजापति प्रदेश संगठन मंत्री श्रवण कुमार मनोज यादव विनोद तिवारी संतोष पासवान, सुनील कुमार, नृसिंह मिश्रा दिलीप कुमार, अरुण कुमार वर्मा, अमित कुमार उत्तम शाह केशरी नंदन आदि वितरक उपस्थित रहे।

वंदे भारत ट्रेन में मुफ्त मिलेगा पानी

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे पेयजल की बर्बादी को बचाने के लिए रेलवे द्वारा सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (पीडीडब्ल्यू) बोतल देने का निर्णय लिया है। 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों की मांग पर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क लिए दी जाएगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

डुमरियागंज में सीधा हो सकता है चुनावी मुकाबला

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। डुमरियागंज क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव आते-आते रोचक बनने की पूरी संभावना दिख रही हैं। जहां एक तरफ भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आपस में महासंग्राम में लगे हुए हैं। वहीं बसपा प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन चुनावी मुकाबले में शामिल होने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को बेहाल कर रखी है। मतदाता भी खुलकर सामने नहीं आ रहा है ऐसी स्थिति में यहां पर भाजपा और इंडिया गठबंधन की लड़ाई आमने-सामने मानी जा रही है मजे की बात यह है कि तीन बार से सांसद रहे जगदंबिका पाल पर पुनः भाजपा ने अपना दांव खेलते हुए उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 5 साल से क्षेत्र में काम न होने के कारण तथा आगजनी में समय से दमकल की गाड़ी ना आने के कारण भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल तथा उनके समर्थकों के बीच जनता से कहासुनी तथा मुर्दाबाद का नारा

जगदंबिका पाल को झेलना पड़ा। पाल ने इसका खंडन करते हुए यह कहा कि यह विपक्षियों की चाल है। इस तरह का वीडियो वायरल होने से उनके चुनावी छवि पर काफी असर पड़ने की संभावनाएं बताई जा रही हैं। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी अपनी साइकिल की रफ्तार तेज कर दिए हैं और इस भीषण गर्मी में भी गांव से जनता के बीच में मिलकर अपने सरकार की उपलब्धियां और घोषणा पत्र को गिनाते हुए पार्टी को मजबूत करने में लगे हुए हैं। यहां का चुनाव ब्राह्मण और मुस्लिम लोगों के बीच रहा है। अगर ब्राह्मण और मुस्लिम एक तरफ हो जाए तो उसे पार्टी की जीत सुनिश्चित हो जाती है। किंतु अभी यहां सारे वोटर छुपी साधे हुए हैं।

डुमरियागंज लोकसभा चुनाव 2024 अभी चुनाव परवान पर आता नहीं दिखाई दे रहा है। यहां का चुनाव छठे चरण के 25 मई को होगा और उस समय प्रचंड गर्मी रहेगी। गांव में कार्यकर्ताओं द्वारा जनता से संपर्क अभियान के तहत अपने-अपने प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी गोटी फिट करने के लिए बेहाल दिखाई दे रहे हैं वोट किस करवट बैठेगा या तो आने वाला समय ही तय करेगा। फि पिछले चुनाव के परिदृश्य पर नजर डाली जाए तो दो माह पूर्व से ही लोकसभा डुमरियागंज में बड़े नेताओं का आगमन शुरू हो गया था किंतु अब चुनाव मात्र एक माह चुनाव रह गया और अभी तक सन्नाटा सा है।

ईवीएम/वीवीपैट का हुआ प्रथम रेडमाइजेशन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी उमाशंकर तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुआ। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज के अन्तर्गत विधानसभावार ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाअधिकारी को ईवीएम की विधानसभावार सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

तीखी धूप व गर्म हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त

43 के पार हुआ मौसम का पारा, पड़ोसी देश नेपाल में भी आसमान से बरस रही आग, लोग हो रहे बेहाल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दोपहर में गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर चल पाना भी मुश्किल हो गया है। सूर्य से आने वाली तेज किरणों से तापमान का स्तर भी बढ़ने लगा है। दोपहर के वक्त में गर्म हवाओं से चेहरा झुलसने लगा है।

मंगलवार को शहर में तापमान चरम पर पहुंच गया था। दोपहर का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाने के बाद लोग बेचैनी महसूस करने लगे थे। लगातार गर्मी का प्रकोप के बाद डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ती जा रही है। इन दिनों सुबह आठ बजे से ही सूर्य अपना रौद्र रूप दिखाने लगा

है। सुबह 11 से 12 बजते ही तेज गर्मी का अहसास होने लगता है, दोपहर के वक्त बेहद जरूरी काम पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। सड़कों पर ज्यादातर स्कॉर्फ लगाए लोग ही नजर आ रहे हैं। इसके बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। इन दिनों सूर्य की किरणें इतनी तेज हो गई हैं कि आंखों में भी जलन का अहसास होने लगा है। दोपहर के समय शहर की सभी सड़कें सुनसान दिखने लगी हैं। बाहरी क्षेत्रों में तो सन्नाटा पसरा रहता है। कोर्ट और अस्पताल के जरूरी काम से आने वालों को इस भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पंखों से गर्म हवा के चलते लोग बगैर हवा के ही इस गर्मी का सामना कर रहे हैं। कूलर की ठंडकता भी गर्मी के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। दिन भर धूप और गर्मी से बेहाल लोगों को रात के वक्त उमस आफत बन जाती है। मंगलवार को दोपहर में अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री दर्ज की गई हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी तापमान में वृद्धि होती रहेगी। दोपहर व शाम के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री का अंतर रह सकता हैं। लेकिन पूरे दिन तेज पछुआ हवा चलने से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। रात में उमस भी बढ़ेगी।

नेपाल के मौसम विभाग ने कहा है कि नेपाल के तराई क्षेत्र में चार दिनों तक गर्म हवा चल सकती है। विभाग के मुताबिक, कुछ दिनों से देश के ज्यादातर हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक मापा गया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार की दोपहर अधिकतम तापमान भैरहवा में 40.9 डिग्री और सिमरा में 40 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसी तरह जनकपुर में 39.4 डिग्री, धनगढ़ी में 38.8 डिग्री और नेपालगंज में 38.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया है।

खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट, खराब पड़े हैं हैंडपंप

सिद्धार्थनगर अमृत विचार। अप्रैल में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में गर्मी लोगों के खूब सता रही है। क्षेत्र में आमजन के लिए लगाया गए हैंडपंप खराब पड़े हैं। खुनियांव विकास खंड के अलग-अलग ग्राम पंचायत में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने की सुधि किसी ने नहीं ली। लिहाजा ब्लाक क्षेत्र में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र के अमूमन हर ग्राम पंचायतों में इंडिया मार्का सरकारी हैंड पंप लगे हैं। जिसमें अधिकतर खराब पड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने खराब हैंडपंप को ठीक करने के लिए ग्राम प्रधान से कई बार बनवाने के लिए शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ब्लाक कर्मियों का कहना है कि गांवों की रिपोर्ट मांगी गयी है। उसके आने के बाद मरम्मत कराई जायेगी। क्षेत्र के शिवदासपुर की चानी देवी बताती हैं कि उनके पति का दो वर्ष पूर्व निधन हो गया है। घर के सामने लगा हैंडपंप पिछले 4 वर्ष से खराब पड़ा है। पड़ोसी के नल से पानी भरकर काम चला रहीं हुए खुद का नल लगवाने का पैसा नहीं है। इसी प्रकार ग्राम लुटेरा की उर्मिला कहती हैं कि उनके घर के बगल लगा हैंडपंप पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है। ग्राम प्रधान से कई बार बनवाने के लिए कहा, लेकिन नहीं बना। मजबूरी में दूर के नल से काम चला रही हूं। उसका भी पानी सही नहीं निकल रहा है। एडीओ पंचायत आशुतोष मिश्र ने कहा ग्राम सचिवों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद जहां मरम्मत का कार्य करना है वहां मरम्मत कार्य कराया जाएगा। जहां रिबोर का कार्य है, वहां रिबोर कराया जाएगा।

प्रातः सात बजे से ही खुलेंगे विद्यालय

सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए लू का प्रकोप जारी है। जिससे विद्यालय में आने जाने वाले बच्चों के लिए यह लू काफी बेहाल कर सकता है। ऐसी स्थिति में जनपद के समस्त विद्यालय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ही चलाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बुधवार को एक प्रेस में विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए कहा कि समस्त विद्यालयों पर आवश्यक दवाएं तथा ओआरएस का गोल एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा दी जाएं। लखनऊ विज्ञान मंत्रालय के अनुसार चार-पांच दिन जिले में पूरी तरह से लू की संभावनाएं हैं और जिला एलर्ट रहेगा ऐसी स्थिति में सभी विद्यालय उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन करें तथा किसी भी प्रकार कि लापरवाही ना बरतें। आदेश का अनुपालन ने करने वालों पर उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज जं. स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 एवं 8 (लाइन सं. 10 एवं 11) के उन्नयन कार्य के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05309/05310 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन मऊ से 28 अप्रैल से 23 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाडी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के

02, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। गोरखपुर-साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन समय में संशोधन किया गया है। उधना-छपरा-उधना अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 24 अप्रैल, 2024 को तथा छपरा से 25 अप्रैल, 2024 को एक फेरे के लिये किया जा रहा है। अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09047/09048 वापी-मालदा टाउन-वापी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन वापी से 24 अप्रैल, 2024 को तथा मालदा टाउन से 27 अप्रैल, 2024 को एक फेरे के लिये किया जा रहा है।

120 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का हो रहा संचालन

गोरखपुर

अमृत विचार। यात्रियों की बढ़ती माँग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 120 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 910 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 83 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमख नगरों के लिये 519 फेरों में चलाई जा रही हैं अर्थात पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 203 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 1,429 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रा सुगम होगी। यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकार्ड संख्या में विशेष ट्रेनें

स्टेशन पर यात्रियों को चाय व नाश्ता देते जीआरपी के जवान। अमृत विचार

चलाई जा रही हैं।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों पर शीतल जल हेतु 220 वाटर कूलर, 7,000 पानी की टोटी एवं 1,003 हैंड पम्प कार्यशील हैं। आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैंड पम्प लगाये जा रहे हैं एवं खराब पड़े वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैण्ड पम्प को ठीक कर कार्यशील बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ट्रेनों में रेल कर्मियों तथा स्काउट एवं गाइड सदस्यों द्वारा यात्रियों को पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 78 वाटर कूलर, 1,902 पानी की टोटी एवं 355 हैंड पम्प, वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 69 वाटर कूलर, 2,310 पानी की टोटी एवं 339 हैंड पम्प तथा लखनऊ मंडल पर विभिन्न स्टेशनों पर 73 वाटर कूलर, 2,787 पानी की टोटी एवं 309 हैंड पम्प कार्यशील हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट गाइड वालेन्टियर, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं रेल कर्मियों द्वारा ट्रेनों तथा प्लेटफार्मों पर पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टेशनों पर पैक्ड वाटर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

सार-संक्षेप

बैठक करतीं नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राइनी। अमृत विचार

गंदगी या कूड़ा मिलने पर होगी कार्रवाई : चमन आरा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने सफाई प्रभारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिया। कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालों के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारी डोर टू डोर जाकर कूड़ा इकट्ठा करें। साथ ही यह भी कहा कि सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग इकट्ठा करें। मोहल्लों की साफ-सफाई हो जाने के बाद कही भी गंदगी या कूड़ा मिलने पर उस क्षेत्र मे तैनात सफाई कर्मचारी व सफाई प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। ईओ मुकेश कुमार ने कहा कि नगर की स्वच्छता हमारी प्रमुखता है। उन्होनें सफाई प्रभारियों से सफाई कार्य में होने वाली समस्या को सुना ओर निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक में प्रभारी जेई अब्दुल करीम, सफाई प्रभारी राजकुमार पांडेय, राजू बाल्मीकी, राजेश वर्मा, रामचरण यादव, प्रमोद अग्रहरि, शब्लू दुबे मौजूद रहे।

सुलग रहीं शराब की भट्ठियां, नेपाल से हो रही तस्करी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोकसभा 2024 का चुनाव तेज होने के बाद नेपाली शराब व कच्ची शराब की मांग लोकसभा क्षेत्र में काफी बढ़ गई है। जहां एक तरफ भारत नेपाल सीमा होने के कारण लोकसभा डुमरियागंज में नेपाली शराब तस्करों के लिए काफी वरदान सिद्ध हो रहे हैं चुनाव में शराब की खपत होने के कारण शराबी तस्कर काफी तेजी से नेपाल से शराब लाकर भारत की सीमा में जगह-जगह इकट्ठा करके डुमरियागंज क्षेत्र में पहुंचना शुरू कर दिए हैं। इतना ही नहीं कच्ची शराब की भटिया भी जोरों पर धड़क रही है। जनपद के उसका मिश्रौलिया त्रिलोकपुर कठेला आदि थाना क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्ठियां पूरी तरह से धड़क रहे हैं और इस छोटे-छोटे पालथीन में पैक कर लोकसभा क्षेत्र में सप्लाई की जा रही है। आबकारी विभाग इस वक्त चुनावी ड्यूटी में व्यस्त है और कच्ची शराब माफिया शराब बनाने में लगे हुए हैं। नेपाल बॉर्डर पर सिद्धार्थनगर होने के कारण तथा खुली सीमा होने की वजह से आसानी से नेपाल से शराब भारतीय सीमा में पहुंच जाता है और चुनाव के समय प्रत्याशियों द्वारा इस लोगों में वित्तपोषण किया जाता है जिसका सिलसिला चुनाव आते ही शुरू हो गया है और शराब माफियाओं की चांदी हो गई है।

कांग्रेस के न्याय पत्र में हर वर्ग के लिए दी गई गारंटी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 2024 का चुनाव भाजपा की समाज और देश को बांटने, मंहगाई, बेरोजगारी, गरीबी, महिलाओं और किसानों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध है। उक्त बातें युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव डा0 अरविन्द शुक्ला ने कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र के सन्दर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र पांच बिंदुओं को समेटे है, जिसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय हैं। इसके माध्यम से युवाओं को एक साल की पहली नौकरी वह भी प्रशिक्षण और 1 लाख रूपयों के स्टाइपेंड के साथ तीस लाख पदों को तत्काल भरा जायेगा और परीक्षाओं का कोई आवेदन शुल्क नहीं भरना होगा। पेपर लीक रोकने के लिए आयोग बनेगा। नारी न्याय के माध्यम से हर गरीब परिवार की महिला को प्रतिवर्ष 1लाख रूपयों की सीधी सहायता उसके खाते में धनराशि भेजी जायेगी, सरकारी नौकरियों में पचास प्रतिशत पद महिलाओं से भरे जायेंगे। किसान न्याय के माध्यम से फसल पर एमएसपी मिलेगी वो भी कानूनी गारन्टी के साथ, किसी भी कृषि सम्बन्धी उत्पाद पर जीएसटी नहीं लगेगा, कर्ज माफी की जायेगी। श्रमिक न्याय के माध्यम से न्यूनतम मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 400 रुपये की जायेगी और उन्हें 25 लाख रूपयों का मुफ्त इलाज उपलब्ध करवाया जायेगा। हिस्सेदारी न्याय सभी नागरिक और सामाजिक सुरक्षा मुहैया करवायेगा।

इरफान मलिक की हुई बसपा में वापसी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज पूर्व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी इरफान मलिक की फिर से बसपा में वापसी हो गई है। संतकबीर नगर में बसपा के कार्यक्रम में बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने आज उन्हें फिर से बसपा की सदस्यता दिलाई है। इस अवसर पर यहां इरफान मलिक ने कहा कि वह बसपा के सक्रिय सदस्य रहे हैं और आज से पहले भी उनकी गाड़ी पर से बसपा का झंडा नहीं उतरा था। अपने आवास पर उन्होंने पत्रकारों से कहा की उन्हें आकाश आनंद ने बसपा में शामिल कराया है और जिले में मेहनत से काम करने का दिया है आदेश दिया है। इरफान मलि आरोप लगाया कि सपा ने मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझ रखा है और अफजाल अंसारी को छोड़कर पूर्वी यूपी में किसी मुसलमान को लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि 27 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले सिद्धार्थनगर जिले में क्या कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं था? अखिलेश यादव को केवल मुसलमानों का वोट चाहिए।

भाजपा में शामिल हुए अशोक व हनुमत निवास

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में अशोक त्रिपाठी सहित विस्कोहार नगर पंचायत से बागी प्रत्याशी रहे हनुमत निवास पाठक ने भी अपने कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। वहीं हनुमत निवास ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कन्हैया पासवान ने कहा पार्टी के उत्कृष्ट नीति और राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर जिस तरह से लगातार शामिल हो रहे हैं निश्चित हमारी पार्टी को मजबूती मिलेगी। अशोक त्रिपाठी ने कहा मेरे विचार सदैव से भाजपा के विचारधारा से जुड़ा था जिस पार्टी के विचार ही राष्ट्र को समर्पित हो ऐसे पार्टी का कार्यकर्ता होना मेरा सौभाग्य है। वही उपस्थित सांसद जगदंबिका पाल ने भी अशोक त्रिपाठी का स्वागत अभिनंदन कर अपनी शुभकामनाए दिया।





विभिन्न पार्टी के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते कन्हैया पासवान।

नेपाल में भारतीय युवक की हत्या

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भारतीय युवक की सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले में बदमाशों ने पहले अपहरण किया फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने एक मदरसे से शव को बरामद किया। गत 18 अप्रैल को हुई इस वारदात मे पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को मंगलवार को दबोच लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सिद्धार्थनगर जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव निवासी जमाल अहमद (45) को 18 अप्रैल की शाम 4:30 बजे बिजुवा मायादेवी गाऊ पालिका बार्ड नंबर चार कपिलवस्तु (नेपाल) से अपहृत कर लिया गया। पुलिस को प्रारंभिक जानकारी मिली कि चार लोगों के समूह में शामिल आरोपियों ने भारत के सिद्धार्थनगर जिले के जमाल अहमद के साथ मारपीट की। उसका अपहरण कर लिया और बिना नंबर वाले हरे ऑटो रिक्शा में उसे नेपाल के पिपरा गांव ले गए। पुलिस के मुताबिक इसी सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार की रात आरोपी को ग्राम अभिराव के अब्दुल अली मुस्लिम उर्फ रमजान, वहीं के नजामुद्दीन मुस्लिम उर्फ सुब्बा और अकरमुद्दीन मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में बयान के आधार पर यह बात सामने आई है कि जब अपहृत जमाल को ऑटो रिक्शा में बिठाकर पिपरा बलुहवा होते हुए बदसुड़वा ले गए तो ऑटो खराब हो जाने पर अभियुक्त अकरमुद्दीन मुस्लिम ने एक बाइक पर अब्दुल अली और नजामुद्दीन मुस्लिम ने अपहृत जमाल अहमद को बिठाया और अभिराव के बाग में ले जाकर मारपीट की और हाथ पैर बांधकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद उन्होंने अभिराव के मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन के कमरे को बंद कर ताला लगा दिया।

कपिलवस्तु के पुलिस अधीक्षक नवरत्न पौडेल ने बताया कि आरोपी अब्दुल अली ने तीन साल पहले मृतक जमाल को पांच लाख रुपये दिए थे और पैसे नहीं लौटाने पर उसने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कांग्रेस के खतरनाक इरादे अब आ रहे सामने : कन्हैया

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा।

कहा कि कांग्रेस का मंत्र है आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेगी, कांग्रेस

राजनीति

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने विरासत पर टैक्स वाली बात पर घेरा

आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेंट का टैक्स बोझ लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें।

जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, आपके हक का पैसा लूटा जाता रहा। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद आप लोगों के हक का पैसा, आप लोगों पर खर्च हो रहा है।

ईवीएम के रेंडमाइजेशन का कार्य हुआ पूरा

गोरखपुर

अमृत विचार। सदर लोकसभा व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में 1 जून को सातवें चरण में तथा संतकबीर नगर लोकसभा के आंशिक खजनी विधानसभा क्षेत्र का मतदान छठवें चरण में 25 मई को संपन्न होगा।

राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश आज बुधवार को एनआईसी सभागार से संत कबीर नगर लोक सभा के प्रतिनिधि ऑनलाइन जुड़कर व गोरखपुर सदर प्रभास गांव लोकसभा के प्रतिनिधि मौजूद रहकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी ने पहला

ईवीएम रेंडमाइजेशन के दौरान मौजूद अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

रैंडमाइजेशन किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम के संचालन, सीलिंग और स्ट्रांग रूम तक परिवहन की जानकारी दी गई जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृष्णा कृष्ण करुणेश ने एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम और वीवीपैट के संचालन से लेकर उनके परिवहन तक की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के इस पहले रैंडमाइजेशन में बताया गया कि ईवीएम और वीवीपैट को इसी पारदर्शी तरीके से आवंटित कर मतदान स्थलों तक पहुंचाया जाएगा। दलों के प्रतिनिधियों को इन ईवीएम और वीवीपैट की सूची भी सौंपी गई ईवीएम और वीवीपैट का यह पहला रैंडमाइजेशन में बताया गाया की इसमें शामिल होने के लिए सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को पत्र भेजकर प्रतिनिधि नियुक्त करने के लिए कहा गया था। इस दौरान सपा से संजय पहलवान, कांग्रेस पार्टी से दिलीप कुमार, भाजपा की ओर से अशू वर्धन शाही सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि से जिला निर्वाचन अधिकारी ने रैंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

इलेक्शन बायस्कोप

चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली छात्र भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। कहीं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से तो कहीं नुक्कड़ नाटक से ये युवा नागिरकों को मताधिकार के प्रति प्रेरित करते नजर आते हैं। इसी क्रम में राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली बनाती छात्राएं। अमृत विचार

अमित शाह ने किया प्रधानमंत्री के चुनाव कार्यालय की शुरुआत

अमृत विचार, वाराणसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यहां 'प्रधान सेवक' नरेन्द्र मोदी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करना उनके लिए सम्मान की बात है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा ताकि हम 400 पार करने के लक्ष्य को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा, हमें नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास का संदेश हर घर तक पहुंचाना है। उनके विकसित भारत के वादे का भी प्रचार करना है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की विरासत को संवारने के साथ-साथ विश्वस्तरीय विकास किया है।

तीन भूमिकाओं में योगी का गजब संतुलन

मुख्यमंत्री ही नहीं, भाजपा नेता और गोरक्षपीठाधीश्वर की भी निभा रहे भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के स्टार प्रचारकों की राष्ट्रीय सूची में शामिल योगी आदित्यनाथ इन दिनों अपनी तीन भूमिकाओं में गजब का संतुलन बनाकर चल रहे हैं। वह एक भाजपा नेता के रूप में देशभर का दौरा कर भाजपा उम्मीदवारों का प्रचार तो कर ही रहे हैं, इस बीच मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर की भी भूमिका निभा रहे हैं।

योगी ने चुनावी कार्यक्रमों के बीच बीते दिनों नवरात्र के अंतिम दिन गोरक्षपीठ की परंपरा निभाने गोरखपुर पहुंचे थे। यहां योगी ने पीठ की परंपरा के अनुरूप हवन कर आराधना की और इसके बाद नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उनके पांव पखारे। उन्हें अपने हाथ से भोजन कराया। इसके बाद दक्षिणा व उपहार देकर उनकी विदाई की।इससे पहले मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने ईद, रामनवमी, अंबेडकर जयंती और चैत्र नवरात्र को देखते हुए राज्य में सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को दिए निर्देशों में उन्होंने हिदायत दी थी कि फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ व अन्य आयोजन निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। सभी पर्व शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं को लेकर सभी प्रबंध

- **योगी ने 25 दिनों में 67 से अधिक चुनावी कार्यक्रमों के बीच गोरक्षपीठ से जुड़ी परंपराएं भी निभायीं**
- **अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड राजस्थान, बिहार व छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार कर चुके हैं योगी**
- **मुख्यमंत्री के रूप में ईद और चुनाव में सुरक्षा को लेकर भी संभाली कमान**

सुनिश्चित कराए जाएं। कही पर भी कोई अप्रिय घटना न हो।बहरहाल, भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में 25 दिन में योगी आदित्यनाथ ने 67 से अधिक रैलियां, रोड शो, प्रबुद्ध सम्मेलन कर जनसंवाद किया है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीट के प्रचार के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी मंच साझा किया है। इतना ही नहीं वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार व छत्तीसगढ़ में भी रैली कर चुके हैं। इनमें से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, महाराष्ट्र के वर्धा, राजस्थान के जोधपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ व बाड़मेर सीटों पर 26 अप्रैल को चुनाव होगा।

चुनाव में जीत के लिए युवाओं को साधने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस युवा वोटरों को साधने में जुट गई है। पार्टी की ओर से 25 अप्रैल से विश्वविद्यालयों में छात्र पंचायतों का आयोजन शुरू होगा, जिसमें कांग्रेस अपने घोषणा पत्र 'पंच न्याय' के तहत युवा न्याय को युवाओं-छात्राओं के सामने पेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान ने की, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अजय रावत मौजूद रहे। बैठक में युवा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव में प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस के पक्ष में करने पर रणनीति तैयार की गई। छात्रों को न्याय दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख एनएसयूआई मध्य जोन के उपाध्यक्ष आकाश अवस्थी, प्रदेश महासचिव अंशुल यादव, राशि साहू, आर्यन मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा प्रभारी लखनऊ विश्वविद्यालय, दिव्यांश शुक्ला, शहर अध्यक्ष लखनऊ प्रिंस प्रकाश, लोरिक यादव आदि शामिल हुए।

भाजपा से साक्षी महाराज व सपा से ऊषा वर्मा समेत 53 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में चैथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बुधवार को 53 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भाजपा के साक्षी महाराज व सपा से ऊषा वर्मा समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 133 नामांकन हो चुके हैं। ददरौल विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए तीन नामांकन हुए।

प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकरी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में छह, खीरी में एक, धौरहरा में तीन, सीतापुर में चार, हरदोई में छह, मिश्रिख में तीन, उन्नाव में दो, फर्रूखाबाद में छह, इटावा में पांच, कन्नौज में 10, कानपुर में एक, अकबरपुर में एक, बहराइच में पांच प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) सीट के लिए सपा से ज्योत्सना गौड़, बसपा से दोद राम वर्मा, धौरहरा सीट के लिए पीस पार्टी से कासिम अली, सीतापुर सीट के लिए कांग्रेस से राकेश कुमार, अपना दल (कमेरावादी) से मोहम्मद काशिफ व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से लेखराज ने नामांकन किया। हरदोई (अजा) सीट के लिए सपा से ऊषा वर्मा, बसपा से भीमराव अम्बेडकर, मिश्रिख (अजा) के लिए बसपा से बीआर अहिरवार व उन्नाव सीट के लिए भाजपा से स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी ने नामांकन पत्र भरा। फर्रूखाबाद सीट के बसपा से क्रांति पांडेय व सपा से नवल किशोर ने नामांकन किया। इटावा (अजा) सीट के लिए बसपा से सारिका सिंह व बहराइच सीट के लिए बसपा से बिरजेश कुमार ने नामांकन पत्र भरा। ददरौल विधानसभा सीट के लिए बसपा से सर्वेश चन्द्र मिश्रा ने नामांकन किया।

दलीय प्रतिष्ठा से जुड़ी है मोहनलालगंज सीट

केंद्रीय मंत्री हैं मौजूदा सांसद कौशल किशोर लगातार तीसरी जीत के लिए लगा रहे जोर

इंडी गठबंधन ने आरके चौधरी तो बसपा ने राजेश उर्फ मनोज प्रधान पर लगाया है दांव

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की सियासत में राजधानी लखनऊ से लगी मोहनलालगंज संसदीय सीट सभी दलों के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट मानी जाती है। यहां के सांसद कौशल किशोर केंद्रीय मंत्री हैं यह सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीटों में से एक सीट है। यह सीट राजधानी लखनऊ और उन्नाव जिले के बीच पड़ती है, एक समय में इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था, लेकिन बाद में भारतीय जनता पार्टी ने यहां मजबूत पकड़ बना ली और अभी उसी का कब्जा है। संसदीय क्षेत्र मोहनलाल गंज में लगातार तीसरी बार सत्तापक्ष को विपक्ष टक्कर देता रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली इस बार भी बड़े उलटफेर के लिए विपक्ष अपनी ताकत झोके हुए है। मोहनलालगंज लोकसभा सीट के तहत बख्शी का तालाब, मलीहाबाद, सरोजिनी नगर, मोहनलालगंज और सिधौली 5 विधानसभा सीटें आती हैं, 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी है। 2019 के आम चुनाव में मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर भाजपा ने एक बार फिर से कौशल किशोर पर ही भरोसा जताया था, यूपी में लोकसभा चुनाव से पहले बसपा और सपा के बीच चुनावी गठबंधन हो गया और यहां से बसपा ने अपने उम्मीदवार सीएल वर्मा को सांसद कौशल किशोर के सामने उतारा था।

चुनावी मुकाबला कांटेदार रहा था और कौशल किशोर को 6,29,999 वोट मिले जबकि सीएल वर्मा को 5,39,765 वोट मिले, कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे आर के चौधरी को 60,069 वोट ही मिले, कौशल किशोर को 90,234 मतों के अंतर से जीत मिली। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भी बीजेपी के खाते में आ गई।

मोहनलालगंज संसदीय सीट पर ज्यादातर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। मोहनलालगंज सीट साल 1962 के लोकसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में आई, तब यहां पर हुए चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद चुनी गईं।



कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश उर्फ मनोज प्रधान

भाजपा की जुगलबंदी रंग लाई

2014 में नरेंद्र मोदी के चेहरे के जरिए भाजपा जहां माहौल बनाने में जुटी थी, वहीं अमित शाह दूसरे दलों के जमीनी असर रखने वाले चेहरों को अपने पाले करने में लगे थे। इसी कड़ी में भगवा सियासत को कम्युनिस्टी कौशल किशोर भा गए। कम्युनिस्ट पार्टी में सियासत कर चुके कौशल और भाजपा की जुगलबंदी रंग लाई और 18 साल बाद मोहनलालगंज में फिर कमल खिल गया। 2012 में यहां की पांचों विधानसभा सीटें हारने वाली भाजपा ने 2017 में मलिहाबाद, बीकेटी व सरोजनीनगर पर भी कब्जा जमा लिया। वोटों के विभाजन की यह गणित विपक्ष को समझ में आई और 2019 में बंटवारा रोकने के लिए सपा-बसपा एक हो गए। संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर सीएल वर्मा ने कौशल किशोर के सामने ताल ठोंकी लेकिन मोहनलालगंज का मन नहीं बदल सके।

बसपा सरकार में चार बार रहे मंत्री

मोहनलालगंज सीट पर लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में उतर रहे कौशल किशोर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। जनता के बीच 24 घंटे उपलब्धता, मोदी लहर और पिछले दो चुनाव के आंकड़े गिनाते हुए वह दावा कर रहे हैं कि इस बार उन्हें पिछले चुनाव से ज्यादा वोट मिलेंगे और जीत का अंतर भी बड़ा होगा। वहीं इंडी गंठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने मोहनलालगंज सीट से आर के चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। इनका नाम यूपी की राजनीति के बड़े नेताओं में शुमार है। बसपा सरकार में वो चार बार मंत्री रह चुके हैं। बता दें कि फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी। वह इसके संस्थापक सदस्य भी थे। इसके साथ ही वो कांशीराम के बेहद करीबी भी रहे हैं। बसपा ने निगोहां निवासी राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को लोकसभा चुनाव में उतारा है। राजेश क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय हैं।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
कौशल किशोर	6,29,999
सीएल वर्मा	5,39,795
आरके चौधरी	60,069

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कौशल किशोर	4,55,274
बसपा	आरके चौधरी	3,09,858
सपा	सुशीला सरोज	2,42,366
कांग्रेस	नरेंद्र गौतम	52,598



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1962,67, व 71	गंगा देवी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	राम लाल कुरील	जनता पार्टी
1980	कैलाश पति	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	जगन्नाथ प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	सरजू प्रसाद सरोज	जनता दल
1991	छोटेलाल	भारतीय जनता पार्टी
1996	पूर्णिमा वर्मा	भारतीय जनता पार्टी
1998, 99	रीना चौधरी	समाजवादी पार्टी
2004	जय प्रकाश रावत,	समाजवादी पार्टी
2009	सुशीला सरोज,	समाजवादी पार्टी

2014 नोटा	2019 नोटा
4,708	10,795

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	सुशीला सरोज	2,56,367
बसपा	जय प्रकाश	1,79,772
आरएसबीपी	आरके चौधरी	1,44,341
भाजपा	रंजन कुमार चौधरी	82,435

2024

कुल मतदाता- 20,023,431
पुरुष - 9,40,429
महिला - 10,82,912
अन्य - 90



अपनी ढपली अपना राग

भाजपा ने व्यापारियों को 16 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो उस पैसे को फिर से जनता के बीच बांटेंगे। – राहुल गांधी

चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ हर दिन शाम को आंधी आएगी। जो पश्चिम से हवा चली है, वह भाजपा का सफाया करेगी। – अखिलेश यादव

सपा की नीतियों की वजह से जनता ने उसे नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से साफ हो चुकी है भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत रही है। –ब्रजेश पाठक

इस बार कांग्रेस 40 सांसद भी नहीं जीत पाएगी। देश में मोदी लहर चल रही है। भाजपा को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। –केशव प्रसाद मौर्य

इस दौर में इंडी गठबंधन ही एकमात्र विकल्प है जो देश में लोकतंत्र को पुन: स्थापित कर जनहित के कार्य करेगा। –आराधना मिश्रा

अयोध्या-काशी खोले द्वार, तभी होगा चार सौ पार

सियासी फतह के लिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का आजमाया जा रहा दांव

काशी-तमिल संगमम के जरिए भाजपा ने मथी दक्षिण की सियासत

चुनाव में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से बढ़त की उम्मीद

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : इस बार सत्ता संग्राम में दक्षिण राज्यों की भूमिका अहम है। खासतौर से दक्षिण के पांच राज्य आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना। भाजपा काशी और अयोध्या के जरिए पिछले लगभग दो साल से इन राज्यों में अपनी पैठ बनाने की जुगत में रही। सियासत को मथने की कोशिश की। सियासत की पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक जुड़ाव से लक्ष्य साधने व काशी तमिल संगमम और राम दर्शन यात्रा से इसे परवान चढ़ाने की कोशिश। सियासी गलियारे में अब जुमला सुनने को मिल रहा है कि काशी-अयोध्या खोले द्वार तभी होगा मिशन चार सौ पार।

दक्षिण के इन राज्यों पर भाजपा की निगाह पिछले एक दशक से है। साल 2014 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव में जब उत्तर और पूर्व के राज्यों में भाजपा की आंधी चल रही थी। तब भी दक्षिण के कर्नाटक को छोड़ अन्य राज्यों में हवा भी नहीं दिखी। भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव के लिए मिशन-400 पार रखा है, लेकिन यह बगैर दक्षिण के राज्यों की सीटे मिलने से सफल होने में संदेह है। उत्तर की कमी को भी दक्षिण से पूरा करने का लक्ष्य है। भाजपा ने मंथन किया। दक्षिण को फतह करने के लिए चरण बद्ध रणनीति बनाई। देश के सबसे दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से घुसने की कोशिश की। जहां से भगवान राम ने लंका पर चढ़ाई की थी। काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के जरिए दक्षिण के राज्यों को उत्तर से नए सिरे से सांस्कृतिक रूप से जोड़ने की कोशिश साल 2022 मे शुरू की। 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक तमिलनाडु से काशी के बीच यात्राएं, सेमीनार, गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वयं पीएम मोदी ने इसकी कमान संभाली। तमिलनाडु से अभियान के पीछे भी रणनीति थी। हालांकि तमिलनाडु में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुला था। बावजूद इसके काशी और तमिलनाडु को जोड़ना आसान था। काशी के आराध्य भगवान शिव ने ऋषि अगस्त्य की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उनको एक गूढ़भाषा तमिल की शिक्षा दी थी। ऋषि अगस्त्य ने इसे व्याकरण बद्ध करके एक भाषा का रूप दिया था। यह इसकी पृष्ठभूमि में था। इसे प्रचारित किया गया। दूसरा भगवान श्री राम ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम (रामेश्वरम) से लंका विजय का अभियान शुरू किया था। तीसरा दक्षिण के इन पांच राज्यों में से तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 39 सीटें हैं। तमिलनाडु से आने वाले विद्वानों, कलाकारों सहित अन्य विशेषज्ञों को काशी के साथ अयोध्या का भ्रमण कराकर सांस्कृतिक मजबूती के बहाने पैठ बनाई। इस सांस्कृतिक जुड़ाव की पृष्ठभूमि में सियासत थी। उसे परवान चढ़ाने की कोशिश की गई। यह क्रम साल 2023 में भी चला। दोबारा कार्यक्रम 17 से 30 दिसंबर तक चलाया गया। इसके समाप्त होते होते अयोध्या का राम मंदिर शीर्ष पर आ गया। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए देश को राम मय बनाने की कोशिश की। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व पीएम मोदी ने अनुष्ठान शुरू किया। दक्षिण के राज्यों में श्री राम से जुड़े तीर्थस्थलों की यात्राएं की। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी आते-आते उत्तर से दक्षिण तक को एक करने की प्रयास हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम दर्शन यात्रा शुरू की गई। ट्रेनों से यहां के लोगों को दर्शन कराया गया। इसमें भी ज्यादा फोकस पूर्व और दक्षिण के अन्य राज्यों पर रहा। अब सांस्कृतिक जागरण के जरिए सियासत को साधने के परिणाम का समय नजदीक है।

इस लोकसभा चुनाव में अयोध्या और काशी को लेकर की गई कसरत का परिणाम पर निगाह है। इस चुनाव में भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राम मंदिर मुद्दे की परीक्षा भी दक्षिण के राज्यों में होगी। मुद्दे की धार तेज हुई तो भाजपा का मिशन कामयाब होगा। अन्यथा यह भी एक सियासी जुमला बनकर रह जाएगा।

2019 के चुनाव में दक्षिण के राज्यों में भाजपा की स्थिति

राज्य	कुल सीटें	मिली सीटें
कर्नाटक	28	25
आंध्र प्रदेश	25	00
केरल	20	00
तेलंगाना	17	04
तमिलनाडु	39	00
कुल योग	129	29

जीत के लिए बदली रणनीति

उत्तर से दक्षिण की ओर रुख करने की जद्दोजहद में भाजपा ने कई सियासी कदम भी उठाए हैं। रिपोर्टें कहती हैं कि साल 2021 के विधानसभा चुनाव में एआईडीएमके के साथ गठबंधन करके चार सीटे जीतने वाली भाजपा ने अन्नामलाई को प्रदेश पार्टी का अध्यक्ष बनाया। पद यात्रा निकाली। पार्टी को कैडर बेस बनाने की कोशिश की। स्टालिन के खिलाफ मुखर आंदोलन शुरू किया। अंबुमणि राम दास की पीएमके, विजयकांत की पीएमडीके, ओ पन्नीरसेलवम की एआईएडीएमके (के गुट) जैसे कई छोटे दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव मैदान में है। ट्रिपल सी, कल्चर, नेशनलिज्म, करप्शन और क्रेडिबिल्टी के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान फतह की रणनीति पर है।

चुनावी चक्कर

जीजा जी की नजर सीट पर आपका क्या होगा साले साहब?:

भाजपा से अमेठी की उम्मीदवार समृति ईरानी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर एक प्रतिक्रिया में कहा कि, जीजाजी (रॉबर्ट वाड्रा) की नज़र लोकसभा सीट पर है साले साहब (राहुल गांधी) क्या करेंगे? परिवार में ही टसन चल रही है। आगे उन्होंने कहा कि एक समय था जब बसों में यात्रा करने वाले लोग अपनी सीट पर रूमाल रखकर निशान बना लेते थे, ताकि कोई उस पर न बैठे। वहीं, राहुल गांधी भी रूमाल से अपनी सीट चिह्नित करने आएंगे, क्योंकि उनके बहनोई की नजर इस सीट पर है। स्मृति ने यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चाओं का संज्ञान लेते हुए दी। दरअसल, स्मृति ईरानी कभी 'सास भी कभी बहू थी' नामक टीवी धारावाहिक में प्रमुख किरदार निभा चुकी है। पारिवारिक रिश्तों पर आधारित इस सीरियल को कर चुकीं स्मृति को संभवत: पुराने किरदार याद आ ही जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मथुरा प्रत्याशी हेमा मालिनी पिछले दिनों मीडिया को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अपनी शोले फिल्म के किरदारों का जिक्र किया था। हेमा ने विपक्ष की तुलना गब्बर सिंह और मोदी-शाह की तुलना जय-वीरू की जोड़ी से की थी।



गुजरात जीतने की तरफ

मोदी-शाह का विजय रथ

- सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध जीतकर वोट पड़ने से पहले पार्टी खोल चुकी है क्लीन स्वीप हैट्रिक का खाता

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: गुजरात में भाजपा की परंपरागत प्रतिद्वंदी कांग्रेस ही है। आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में असर जरूर छोड़ा था, लेकिन लोकसभा चुनाव में उसकी उपस्थिति चुनौती देने वाली नहीं है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले ही उसके तमाम नेता पार्टी छोड़ गए हैं। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार चुनाव दर चुनाव बढ़ रहा है, इसके मुकाबले कांग्रेस पूरा जोर लगाने के बाद भी बमुश्किल अपना जनाधार बचाने में ही कामयाब हो पा रही है।

भाजपा का वोट लगातार बढ़ता रहा

- भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत स्थिर ही रहा। 2014 में पार्टी को 32 .86 प्रतिशत वोट मिले थे। 2019 में भी कांग्रेस 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। इस आंकड़े से साफ है कि 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी। अब ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस के वोट घटे बिना, भाजपा के वोट बढ़े कैसे। इसका जवाब अन्य को मिलने वाले वोटों से मिलता है।
- अन्य को 2014 में मिले 8% से कुछ अधिक वोट मुकाबले 2019 में महज 6% वोट ही मिल सका। यही दो फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा के खाते में चला गया। हालांकि वोटों के इस खेल यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोटों के साथ 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

32.86 फीसद मत कांग्रेस को 2014 में मिले थे

32.11 फीसद मत कांग्रेस को 2019 मिले थे

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल कर चुकी है जीत

राजकोट भाजपा का मजबूत गढ़, क्षत्रिय विवाद के बाद सेंध लगाने की कोशिश में कांग्रेस

- क्षत्रिय समाज में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के बयान को लेकर उपजे विरोध और आंदोलन के बाद राजकोट की सीट पर दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने रूपाला की उम्मीदवारी को जहां वापस नहीं लिया है, वहीं कांग्रेस ने बड़ा दांव खेलते हुए परेश धानाणी को राजकोट में उतार दिया है। अब यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अमरेली के ही रहने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी धानाणी गुजरात में नेता विपक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनावों में रूपाला को शिकस्त दी थी। ऐसे में धानाणी के मैदान में उतरने के बाद सभी की नजरें इस बात पर लगी हैं कि क्या धानाणी 2002 वाला परिणाम दोहराने में सफल हो पाएंगे या फिर रूपाला 22 साल पुरानी हार का बदला उनसे राजकोट के रण में लेंगे। तीन बार के राज्यसभा सदस्य रुपाला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस और आप पर विधानसभा चुनाव के वोट शेयर से आगे निकलने का दबाव

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम करती रहती है, इसके लिए पार्टी चुनाव का इंतजार नहीं करती है। इसी के चलते कांग्रेस उसका मुकाबला करने की ताकत खोती जा रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस बार आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों का वोट शेयर 40 .2 प्रतिशत ही था। कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि उनका गठबंधन लोकसभा चुनाव में इसी आधार पर 40 से 45 फीसदी मत प्राप्त करने की तैयारी कर रहा है। ऐसा होने पर आधी लोकसभा सीटों पर भाजपा को हाथ मलना पड़ सकता है। भाजपा ने भी ताकत लगा दिया है। प्रधानमंत्री कई रैली कर चुके हैं।

14 सांसदों के टिकट काटने के बाद भाजपा के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं

- भाजपा ने इस बार गुजरात में अपने 14 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे थे। उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिलाकर सिर्फ 12 सांसद ही दोबारा मैदान में हैं। पार्टी ने इस बार सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है। 2019 में गुजरात से छह महिलाएं लोकसभा पहुंची थीं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि आधे से ज्यादा सांसदों के टिकट काटने के बाद भी पार्टी के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं है। मतदाताओं का मोदी और शाह पर भरोसा अटूट है तो भाजपा गुजरात गौरव का प्रतीक है।
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ मिली दो सीटों पर भरूच और भावनगर में आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायकों क्रमश: चैतर वसावा और उमेश मकवाणा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और आप दोनों की कोशिश उन मतदाताओं तक पहुंचने की है, जो भाजपा का विकल्प तलाश रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस आप गठबंधन आदिवासी वोटों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। राज्य के आदिवासी बहुल इलाके परंपरागत रूप से कांग्रेस के समर्थन में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी चुनाव से पहले राज्य के नेताओं का भाजपा में शामिल होना है। इससे पार्टी की छवि पर गलत संदेश गया है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल हो गया है। दरअसल, गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी पार्टी से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सबसे ताजा मामला सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का है, जिसका पर्चा रद होने से इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता खुला। अब खबर है कि नीलेश कुंभाणी भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

1996 में अटल बिहारी वाजपेयी भी गांधी नगर से चुने गए थे सांसद

गांधी नगर में अमित शाह के लिए कांग्रेस की सोनल पटेल चुनौती नहीं

- 2019 के लोकसभा चुनाव में हाई प्रोफाइल गांधी नगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह को 8 लाख 94 हजार 624 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीजे चावड़ा तीन लाख 37 हजार 610 मत ही प्राप्त कर सके थे। इस तरह अमित शाह ने साढ़े पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। 2014 में गांधी नगर सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 7,73,539 वोट (68 .04%) और कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वरभाई पटेल को 2,90,418 (25 .55%) वोट मिले थे। तब आडवाणी ने 4 लाख 80 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। आडवाणी ने आधा दर्जन बार गांधी नगर सीट का संसद में प्रतिनिधित्व किया था। एक बार 1996 में यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी जीत हासिल की थी। गांधी नगर में इस बार अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। सोनल गुजरात महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि वह अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती नहीं पेश कर पाएंगी।

सपा ने गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिछाई बिसात

58 उम्मीदवारों में 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से

चुनाव डेस्क, कानपुर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ प्रदेश में 62 सीटों पर प्रत्याशी उतारने में फोकस तो पीडीए पर रखा है, लेकिन पुराने मुस्लिम और यादव की छाप वाले दाग को धोने की कोशिश की भी है। पार्टी ने जहां कई मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर ध्रुवीकरण की आशंका से बचन के लिए मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, वहीं बड़ी सावधानी के साथ भाजपा के पिछड़ा वर्ग वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिसात भी बिछाई है। प्रदेश में सपा ने 17 सीटें कांग्रेस तो एक टीएमसी के लिए छोड़ी है।

प्रदेश में सपा ने अब तक जिन 58 उम्मीदवारों की घोषणा की है। उनमें से 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों से हैं। हालांकि इनमें से अधिकतर कभी न कभी बसपा के दिग्गज नेताओं में गिने जाते थे। इनमें सबसे बड़ा चेहरा बाबू सिंह कुशवाहा का है। सपा ने इन्हें जौनपुर लोकसभा सीट से उतारा है। बाबू सिंह कुशवाहा प्रदेश में मायावती की सरकार में दिग्गज कैबिनेट मंत्री थे। ओबीसी समुदाय से आने वाले कुशवाहा बसपा से निकाले जाने पर भाजपा में शामिल हो गए लेकिन उन्हें वहां भी पार्टी से निकाल दिया गया। 2016 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी बनाई थी। अब वह सपा के साथ गठबंधन में साइकिल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस कड़ी में दूसरा बड़ा नाम लाल जी वर्मा का है, जिन्हें सपा ने अंबेडकर नगर से टिकट दिया है। वह भी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाते थे लेकिन 2021 में पार्टी से निष्कासित कर दिए गए थे। कुर्मी ओबीसी समुदाय से आने वाले लालजी वर्मा इसके बाद सपा में शामिल हो गए थे। 2022 में वह कटेहरी विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। इसी तरह आरके चौधरी सपा के टिकट पर मोहनलालगंज से चुनाव मैदान में हैं। वह बसपा के संस्थापकों में रहे हैं और कांशीराम के विश्वासपात्र थे। 1993 से 1995 तक वह मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सपा-बसपा सरकार में मंत्री थे। पासी समुदाय से आने वाले चौधरी ने 2001 में बसपा छोड़कर राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी बनाई थी। 2014 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़ा लेकिन भाजपा के कौशल किशोर से हार गए थे। इसके बाद आरके चौधरी सपा में शामिल हो गए थे।

कुर्मी समुदाय से आने वाले राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह यहां से मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा ने बसपा उम्मीदवार के रूप में यह सीट जीती थी। बसपा के ही नेता राजा राम पाल अकबरपुर से चुनाव मैदान में हैं। राजाराम 2004 में बसपा सांसद चुने गए।बाद में कांग्रेस में शामिल हुए। पाल (ओबीसी) समुदाय से आने वाले राजा राम ने 2009 का लोकसभा चुनाव अकबरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीता था। लेकिन 2014 और 2019 में हारने के बाद सपा में शामिल हो गए थे। कप्तानगंज से पांच बार के विधायक राम प्रसाद चौधरी बस्ती से चुनाव मैदान में हैं। वह कुर्मी समुदाय से हैं और 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर हार गए थे। कुर्मी समाज के ही राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह भी मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा बसपा के टिकट पर जीते थे। नीरज मौर्य सपा के टिकट पर नीरज आंवला लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। वह जलालाबाद से दो बार के विधायक रह चुके हैं। भाजपा में होते हुए सपा में आए हैं। शंकर राजभर सपा से सलेमपुर में चुनाव लड़ रहे हैं। 2009 में बसपा से सांसद चुने गए थे।

जीतेंगे बाजी कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय सीट पर रोड शो किया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए वोट मांगा।

बैतूल में मोदी और मंदिर के भरोसे भाजपा प्रत्याशी

भोपाल। मध्य प्रदेश की अदिवासी बाहुल्य बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के चलते दोबारा पर्चे भरे गए। अब मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा। बसपा से अब इस सीट पर अर्जुन अशोक भलावी चुनाव लड़ रहे हैं।

बैतूल सीट पर कांग्रेस ने अपने जनजातीय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम टेकाम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने मौजूदा सांसद दुर्गादास उइके को दोबारा मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच है। बैतूल लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ गिनी जाती है। यहां 1996 से भाजपा कमल खिला रही है। कांग्रेस आखिरी बार 1991 में चुनाव जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को 23 हजार वोटों से चुनाव हराया था। इसके बाद से बैतूल में कांग्रेस लगातार हार रही है। बैतूल में आदिवासी समुदाय के बाद सर्वाधिक मतदाता ब्राह्मण समाज के हैं। इसके बाद गूर्जर और राजपूत मतदाता हैं।

मुरैना-श्योरपुर संसदीय सीट | चुनाव दर चुनाव गाढ़ा होता गया भाजपा का भगवा रंग

मुरैना के रण में त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की मुरैना-श्योपुर संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी का वह अभेद्य किला है जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस ने तो खूब की लेकिन ढहा नहीं सके। स्थिति यह है कि 1996 से लगातार भाजपा का उम्मीदवार यहां जीत रहा है। चुनाव दर चुनाव भगवा रंग गाढ़ा हो रहा है यह कहना गलत नहीं होगा। इस बार भी कांग्रेस और बसपा ने उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्य मुकाबले में हर बार कांग्रेस ही रही। इस बार बसपा यहां लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में जुटी है। उसे कितनी कामयाबी मिलेगी यह वक्त ही बताएगा।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है।

जबकि बसपा ने रमेश चंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। 2009 और 2019 में इस सीट से जीते नरेंद्र सिंह तोमर इस बार चुनावी समर में नहीं हैं। तोमर को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था और वे जीते भी। मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने इस बार शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट देकर उनकी ही पसंद को तरजीह दी है। शिवमंगल सिंह दिमनी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं तो उनका मुकाबला कभी उन्हीं की पार्टी से विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार से है। भाजपा ने उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद वे कांग्रेस में चले गए थे। जातीय समीकरण पर नजर डालें तो यहां जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, और यादव मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। राजपूत, गुर्जर और ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में होते हैं।

कांग्रेस के बागी हैं बसपा उम्मीदवार: बसपा से चुनावी समर में उतरे रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से बगावत कर बसपा में आए हैं। पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा में भी रह चुके हैं। उनका ऑयल का बड़ा कारोबार है।

लगातार चार बार जीते भाजपा के अशोक अर्गल: भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। पार्टी नेता अशोक अर्गल 1996, 1998, 1999 और 2004 में जीते। 2009 में वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सांसद बने। 2014 में पार्टी ने अनूप मिश्रा को मैदान में उतारा तो वे भी जीते। 2019 में पुनः नरेंद्र सिंह तोमर समर में आए और उन्हें जीत मिली। अब देखना यह है कि शिव मंगल सिंह इस जीत को बरकरार रख पाते हैं या नहीं।

आठ में से पांच विस सीटों पर कांग्रेस काबिज

- संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें आती हैं। आठ में से पांच पर कांग्रेस तो तीन पर भाजपा का कब्जा है। विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत पर गौर करें तो इस बार के चुनाव में उसका पड़ला भरी है। लेकिन लोकसभा चुनावों के अब तक के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा के साथ मतदाता यह मजबूती से खड़े रहे हैं। भाजपा नेता यह मानते हैं कि विधानसभा में मतदाता भले ही उनके साथ नहीं थे लेकिन लोकसभा में वे उनके ही उम्मीदवार को जीत दिलाएंगे।

एक बार ही विधानसभा पहुंचे तोमर

- भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने अब तक तीन बार विधानसभा का चुनाव लड़ा पर जीत उन्हें एक ही बार मिली। 2008 में पहली बार वे बसपा के रविंद्र सिंह तोमर से मात्र 256 वोट से जीते थे। 2013 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में भी वे मैदान में उतरे पर कांग्रेस के गिर्राज डण्डोतिया से हार गए थे। बावजूद इसके पार्टी ने उन पर लोकसभा चुनाव में भरोसा जताया है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 865
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55150-55350
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,500
सोना रवा	74,350
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी (999)	82,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	817 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,700
चांदी आभूषण	82,100

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65)3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000,चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000

2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, रक्षा व उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा था।

सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में अर्जी दायर कर विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम

- सरकार ने पिछले साल अर्जी दायर कर स्पेक्ट्रम आवंटन में स्थिति स्पष्ट करने की लगाई थी गुहार
- स्टारलिंक, वनवेब व प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को मिल सकती है राहत

आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर हुई थी।

यह सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी हैं। सूत्र ने याचिका पर उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ होगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है। इस पर सभी पक्षों से परामर्श हुआ लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

शेयर बाजार फिर पहुंचा 74,000

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा और दोनों सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। दूरसंचार, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से इस तेजी पर लगाम लग गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.16 अंक उछलकर 74,121.61 अंक पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के अंतिम दौर

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

में सूचकांकों पर कुछ बिकवाली से शुरुआती बढ़त कम हो गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है। अप्रैल में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों को गति देते हुए नजर आ रहे हैं।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) आंकड़ा अप्रैल में बढ़कर 62.2 पर पहुंच गया जबकि मार्च अंत में यह 61.8 पर रहा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.92 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 2.83 प्रतिशत की तेजी देखी गई जबकि जिंस खंड में 1.62 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 1.13 प्रतिशत की बढ़त रही।

हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था।

डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा, हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के

- डीजीएफटी ने पिछले साल हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को किया था अधिसूचित
- निकायों को हलाल के लिए एनएबीसीबी से पांच अप्रैल तक मान्यता लेने का दिया था निर्देश

पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।

एलआईसी ने उसके ब्रांड और प्रतीक वाले भ्रामक विज्ञापनों पर किया आगाह

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल लोगों/संस्थाओं को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम इसेल लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। नोटिस में जनता से एलआईसी सोशल मीडिया खातों पर ऐसे विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया। एलआईसी ने कहा, बिना अनुमति हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

देश का औषधि निर्यात 9.67% बढ़कर पहुंचा 27.9 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का औषधि निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67% बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में दवा निर्यात 12.73% बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31% से अधिक रही।

उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

रही है। भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार के विस्तार तथा विदेशी में बढ़ती मांग से यह हो पाएगा। 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।

एक नजर

केन्द्रीय कारागार में कैदी ने की आत्महत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर केंद्रीय जेल में पॉक्सो मामले में बंद कैदी ने बुधवार को पिता से बात करने के बाद जूते के सलु से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जेल अधीक्षक शिवेंद्र कुमार ने बताया कि खैरथल जिला निवासी धीरेंद्र (21) पॉक्सो के मामले में 10 जनवरी 2024 से जेल में सजा काट रहा था। बुधवार सुबह उसने साढ़े नौ बजे एसटीडी पर पिता से बात की और कहा कि उसे जल्दी जमानत कराकर जेल से निकलवाओ। यहां उसका दम घुट रहा है। पिता के जवाब के बाद मायूस हो गया और अपने बैरेक में चला गया। 10 बजे वह नहाने गया, लेकिन वह जिंदा वापस नहीं आया।

मणिपुर में विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त

इंफाल। मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच-दो पर विस्फोट से पुल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार रात 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

कश्मीर में 15 तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस तस्करों की पहचान सलामाबाद के बशरत अहमद रैना, बांदी के चंगेज़ खान और उरी में परानपीलन के सैयद मेहताब हुसैन, लचीपोरा बिझामा के मंजूर अहमद लोन उर्फ मुन्ना, मदियान कमलकोटे के नजर दीन भट्टी, नूरखाह के इमरान अहमद खान, लवायपोरा एचएमटी के आशिक हुसैन पर्रे उर्फ इलाही, मालपोरा सोपोर के अल्ताफ अहमद मीर, वाटरगाम वागूरा के अमीर सुभान मल्ला और चानपोरा के साहिल अहमद रेशी कुन्जर के तौर पर की है। इसके अलावा अन्य पांच तस्करों में वानपोरा खुदवानी के मोहम्मद उर्फ रमजान शेख उर्फ रम्म शेख, ब्रेज़लू जागीर के आरिफ अहमद भट, मांचेवा यारीपोरा के फिरदौस अहमद शेख, ब्राज़लू जागीर के शाहिद अहमद भट और मालवान देवसर के हिलाल अहमद डार है।

नशीले कैप्सूल रखने में 10 साल की जेल

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपचंद सुथार ने नशीले कैप्सूल बरामद होने के मामले में आरोपी रवीश कुमार को बुधवार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी थाने में नौ फरवरी 2020 को खाराखेड़ा गांव में हनुमान मंदिर के पास रवीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले पर पारवोरिन पास के 600 कैप्सूल बरामद हुये। खाराखेड़ा गांव निवासी रवीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की हत्या

जीपीएम। छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के पेंड्रा थाना क्षेत्र में महिला के प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया।पुलिस को सूचना मिली की लालचंद नायक अपनी बाड़ी में फांसी पर लटका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। शक मृतक की पत्नी था। पुलिस ने दुर्गावती नायक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रेमी कमलेश्वर के साथ उसने 20 अप्रैल की रात पति का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को लटका दिया।

फ्लाईओवर से लटका मिला शव

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक राहगीर ने इसकी सूचना दी थी। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि हरप्रीत ने आत्महत्या की है।

राष्ट्रीय

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

वोट की भूखी कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है

अंबिकापुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधित सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर कहा कि पार्टी 'विरासत कर' लगाकर लोगों और उनके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। मोदी ने अंबिकापुर की चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। इन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कर लगाएगी। आप जो मेहनत से संपत्ति बनाते हैं, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे

- कहा- लोगों का धन लेने के कांग्रेस के नापाक मंसूबों को किया उजागर

भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस ज्यादा कर से मारेगी और जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि आम भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। मूल्यों से लेकर संस्कृति तक हमारा देश उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संचय, संवर्धन और संरक्षण में विश्वास करते हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण इन्हीं मूल्यों के कारण सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता, दादा-दादी, अपने हर गहनों को यह सोचकर संभालकर रखते हैं कि पोते-पोतियों को उनकी शादी में पहनाएंगे... मेरे देश के लोग कर्ज लेकर जीवन जीने के शौकीन नहीं हैं। यहां लोग मेहनती हैं और जरूरत के मुताबिक खर्च करते हैं तथा संचय की प्रवृत्ति रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कल उन्होंने यह बयान इसलिए दिया है क्योंकि उनकी यह सोच बहुत पुरानी है। जब मैंने कहा कि शहरी नक्सलियों और माओवादियों ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है तो लगा कि उन्हें अमेरिका को खुश करने के लिए कुछ कहना चाहिए। जब मोदी ने आरोप लगाए तो वे संतुलन साधने के लिए दूसरी तरफ जाने का नाटक कर रहे थे।

जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं, लेकिन वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।

उन्होंने जोर दिया कि जाति आधारित जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है क्योंकि लोगों को यह बात समझ में आ गई है। भाजपा के लोग जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं की जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। उनका कहना था कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा। जाति आधारित जनगणना का 'एक्सरे' और न्याय उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

अदालत ने केजरीवाल को जवाब देने के लिए दिया वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आप नेता को समय दिया है।

ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको चुनौती देते हुए 'आप' नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की अपील पर ईडी के जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया कि ईडी मामले में 'आप' नेता को गिरफ्तार कर चुकी है इसलिए उन्हें अब इस बारे में उनसे कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

समन अनदेखी मामला

- ईडी की शिकायत पर समन भेजने और आदेश को चुनौती देने आप नेता पहुंचे थे विशेष अदालत

केजरीवाल से मिले सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की, जो 30 मिनट चली। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल ने जनता से कहा है कि उनकी चिंता न करे। वह मुलाकात जंगले में मिले और इंटरकॉम पर बातचीत हुई।

चुनावी बॉण्ड: एसआईटी से जांच वाली याचिका कोर्ट में दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

अपारदर्शी चुनावी बॉण्ड योजना को लेकर जारी विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है जिसमें राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों और चुनावी बॉण्ड के जरिये दिये गये चंदे की जांच कर रही एजेंसियों के अधिकारियों के बीच 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की कथित घटनाओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है।

शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को राजनीतिक दलों को गोपनीय रूप से चंदा देने से जुड़ी भाजपा सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद चुनावी बॉण्ड के अधिकृत विक्रेता बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' ने निर्वाचन आयोग के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में सूचनाओं को सार्वजनिक कर दिया। सरकार द्वारा दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित चुनावी बॉण्ड योजना को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप

- राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता के प्रयास के तहत किया गया था शुरू

में पेश किया गया था। इस योजना को राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत शुरू किया गया था। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों को 'मुखौटा कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' की ओर से दिये गये चंदे के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। ऐसी कंपनियों द्वारा चंदा दिये जाने का खुलासा चुनावी बॉण्ड से जुड़े डेटा के माध्यम से किया गया है।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को 'शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा दिया था, जैसा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है।

ईडी ने संजय राउत के कथित सहयोगी की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने मुंबई के पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी प्रवीण राउत की 73 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन कुर्क की है। उसने कहा कि अचल संपत्तियां पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में और उसके आसपास स्थित हैं।प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में संजय राउत और प्रवीण राउत दोनों को गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी से उपजा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल के मुकदमे पर सुनवाई एक मई तक स्थगित की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दाखिल एक मुकदमे पर सुनवाई बुधवार को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। बंगाल सरकार ने सीबीआई पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया। तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि उन्हें नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने पेश होना है, जिस कारण सुनवाई को स्थगित कर दिया जाये। मेहता ने पीठ से कहा कि मैं जानता हूं कि मैंने कई मौकों पर स्थगन का अनुरोध किया है लेकिन आज पीठ के समक्ष मेरे पेश होने की बारी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ शीर्ष अदालत में मुकदमा किया है। बंगाल सरकार का आरोप है कि राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आने वाले मामलों की जांच के लिए एजेंसी को दी गई मंजूरी वापस ले ली गयी, जिसके बावजूद सीबीआई प्राथमिकियां दर्ज कर रही है और जांच आगे बढ़ा रही है।

ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : आयोग

नई दिल्ली। कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं। द्वितीय बी में 103 जातियां हैं जिनमें 19 मुसलमान जातियां भी शामिल हैं।

ट्रेलर और स्कार्पियो टकराने से पांच लोगों की मौत

नागौर। राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर कस्बे में आज ट्रेलर और स्कार्पियो गाड़ी टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। डेगाना पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि ये लोग हरसौर के पास स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे कि उनकी स्कार्पियों गाड़ी और सामने से आर रहा ट्रेलर आपस में टकरा गये। ये जोधपुर के रिजनाली गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

आयोग के सात स्थानों के लिए आठ दावेदार थे दौड़ में, मतदान प्रक्रिया के बाद चुने गए सात सदस्य

डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह

वाराणसी, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे, लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था।

- पूर्व पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था स्वर्ण पदक
- पहलवानों की शिकायतों पर एथलीट आयोग ने उठाया कदम

एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

आरसीबी के खिलाफ रनों का अंबार लगाने पर होंगी हैदराबाद की निगाह

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।

गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी अब तक आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

दिल्ली मैच जीता... गुजरात टाइटंस ने जीते दिल

आखिरी ओवर में 4 रनों से जीती दिल्ली कैपिटल्स, मिलर और राशिद ने खेली शानदार पारी

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया।

दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (06) का विकेट गंवाने के बाद 67 रन बनाए। साहा और साई सुदर्शन ने इसके बाद पारी को संभाला। साई सुदर्शन हालांकि रसिक सलाम की पहली ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने मिड ऑन पर उनका आसान कैच टपका दिया। साई सुदर्शन ने अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे लेकिन कुलदीप ने साहा को अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया। सुदर्शन ने कुलदीप की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मिलर एक छोर पर डटे रहे। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 78 रन की जरूरत थी। मिलर ने 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मुकेश ने मिलर को कैच कराके दिल्ली का पलड़ा भारी किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर में 37 रन की दरकार थी। राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 21) ने और साई किशोर (13) ने लगातार दो छक्के जड़कर 18 रन बटोरे लेकिन साई किशोर अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए।

दिल्ली 224/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी साव का नूर बो वारियर	11	7	2/0
जेक फ्रेजर मैकगर्क का नूर बो वारियर	23	14	2/2
अक्षर पटेल का साई सुदर्शन बो नूर	66	43	5/4
शाई होप का राशिद बो वारियर	5	6	1/0
ऋषभ पंत नाबाद	88	43	5/8
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	26	7	3/2

गेंदबाजी : उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

गुजरात 220/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिद्धिमान सहा का अक्षर बो कुलदीप	39	25	5/1
शुभमन गिल का अक्षर बो नोर्किया	6	5	1/0
साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक	65	39	7/2
उमरजई का फ्रेजर मैकगर्क बो अक्षर	1	2	0/0
डेविड मिलर का रसिक बो मुकेश	55	23	6/3
शाहरूख खान का पंत बो रसिक	8	5	0/1
राहुल तेवतिया का पंत बो कुलदीप	4	5	0/0
राशिद खान नाबाद	21	11	3/1
साई किशोर बो रसिक	13	6	0/2
मोहित शर्मा नाबाद	0	0	0/0

गेंदबाजी : खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2

खेल डायरी

एशियाई अंडर-22 में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी मुक्केबाज प्रीति

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का निधन

लंदन। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की।

उसेन बोल्ट को आईसीसी ने टी-20 विश्व कप का दूत बनाया

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

ओलंपिक के लिए तैयार अदिति और दीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में से प्रत्येक देश से दो शीर्ष खिलाड़ी शामिल होते हैं, बशर्ते देश के शीर्ष 15 में कम से कम दो गोल्फ खिलाड़ी शामिल नहीं हों। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला और अक्षय भाटिया पीजीए टूर पर काफी अच्छा खेल रहे हैं और दोनों ने इस हफ्ते अपने करियर की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के शीर्ष 15 रैंकिंग में दबदबे को देखते हुए उनके ओलंपिक में जाने की संभावना नहीं है। थिगाला की रैंकिंग 12 और भाटिया की रैंकिंग 33 है।

- शुभंकर और गगनजीत को भी रैंकिंग के आधार पर मिल सकती है जगह

महिला फुटबॉल की कोच होंगी चाओबा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1999 में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कर चुकी हैं कप्तानी
- पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास है 'ए' कोचिंग लाइसेंस

आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं।

एआईएफएफ ने कहा कि काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे।

बॉलीवुड हलचल

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान फिल्म किंग में डॉन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में काम करने जा रहे हैं। चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म किंग में डॉन के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग शाहरुख खान के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसकी हर बारीकी पर खुद शाहरुख खान निर्देशक सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद से बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान के बाल लंबे होंगे और उनकी हल्की दाढ़ी भी होगी। मेकर्स फिल्म में उनके लुक से अपने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी।

डांस ऑफ एनवी गाने पर थिरकेंगी माधुरी-करिश्मा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में अपनी सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है के गाना डांस ऑफ एनवी पर फिर थिरकती नजर आएंगी। यशराज बैनर तले वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है में शाहरूख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का माधुरी और करिश्मा पर फिल्माय गाना डांस ऑफ एनवी काफी पॉपुलर हुआ था। माधुरी और करिश्मा की जोड़ी का जादू एक बार फिर इस गाने में देखने को मिला। कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर आएंगी।, जिसमें करिश्मा और माधुरी का डांस ऑफ एनवी भी देखने को मिलेगा। इससे जुड़ा प्रोमो सामने आ चुका है। इस प्रोमो में माधुरी और करिश्मा उसी डांस ऑफ एनवी को रिपीट करती नजर आ रही हैं।

भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर

शंघाई में जीत के बाद अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश। ● एजेंसी

शंघाई, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की चुनौती खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन

तीरंदाजी विश्व कप

भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार

दुबई, एजेंसी

भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। आईसीसीआई की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है।

मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं।



- 802 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट
- शाहीन अफरीदी सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज तेज गेंदबाज

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

सेना खुले मंच पर करे चर्चा, पीटीआई ने गुप्त बातचीत को नकारा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है।

पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है। इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया, उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था। गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की मीडिया में कुछ खबरें आई थीं।

मालदीव में 30 द्वीपों का ठेका चीनी कंपनियों को देंगे मुइज्जू

माले, एजेंसी

- भारत विरोधी मुइज्जू को संसदीय चुनाव में बहुमत मिलने के बाद चीनी एजेंडे शुरू

मालदीव में भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को संसदीय चुनाव में प्रचंड बहुमत के पाने के बाद साइड इफेक्ट शुरू हो गए हैं। 93 सीटों में से मुइज्जू की पार्टी को 68 सीटें मिली हैं। अब मुइज्जू ने चीन के एजेंडे पर काम शुरू कर दिया है। उनका पहला टास्क संविधान बदलना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभी राष्ट्रपति के अधिकारों पर संसद का नियंत्रण है। मुइज्जू राष्ट्रपति के आदेश को मंजूरी के लिए संसद में तीन चौथाई की जगह साधारण बहुमत का प्रावधान करेंगे। मुइज्जू 188 बसाहट वाले द्वीपों में से 30 नए द्वीपों में कंस्ट्रक्शन के ठेके चीनी कंपनियों को देंगे। यहां चीन की कंपनियां पहले चरण में एक हजार फ्लैट बनाएंगी। ये 30 नए द्वीप समुद्र हैं। इसे लैंड पाट कर बनाए गए है रिक्लेमेशन कहा जाता है। कर्ज चुकाने के लिए तुर्किये और सऊदी से इस्लामिक बॉन्ड, 4200 करोड़ जुटाएंगे मालदीव पर 54,186 करोड़ रुपये का विदेशी कर्ज है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2026 तक मालदीव को लगभग 9 हजार करोड़ का विदेशी कर्ज चुकाना होगा। इसके लिए राष्ट्रपति मुइज्जू ने इस्लामिक बॉन्ड के जरिए 4200 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बनाया है।

श्रीलंकाः स्वदेश लौटे भारत के 5 मछुआरे

कोलंबो। श्रीलंका द्वारा भारत के पांच मछुआरों को स्वदेश वापस भेज दिया गया है। बता दें कि सभी को द्वीप राष्ट्र के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान श्रीलंका की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया गया था।

श्रीलंका में भारत के राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पाच भारतीय मछुआरों को सुरक्षित वापस भेज दिया गया है। भारतीय दूतावास द्वारा यह भी बताया गया कि इस महीने की शुरुआत में भी श्रीलंका की नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों पकड़ा था, जिन्हें स्वदेश वापस भेजा गया। बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की गई थी।

दुनिया का सबसे अमीर मंदिर बना तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम

दुनिया के सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने इस साल 1161 करोड़ रुपये की एफडी कराई है। पिछले 12 सालों में यहा सबसे ज्यादा है। बता दें कि यह ट्रस्ट दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रस्ट देश का एकमात्र हिंदू धार्मिक ट्रस्ट है, जो पिछले 12 सालों में साल दर साल लगातार 500 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की रकम जमा कर रहा है। 2012 तक, ट्रस्ट का फिक्स डिपॉजिट 4820 करोड़ रुपये था।

अब तक की सबसे बड़ी रकम

सभी बैंकों और ट्रस्टों में तिरुपति ट्रस्ट की नकदी 18817 करोड़ रुपये तक हो गई है। जो इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम है। बता दें कि ट्रस्ट अपनी एफडी पर ब्याज के रूप में सालाना लगभग 1,600 करोड़ रुपये की राशि कमाता है। इसके अलावा हाल ही में 1,031 किलोग्राम सोने की जमा के बाद, बैंकों में मंदिर का सोना भंडार भी बढ़कर 11,329 किलोग्राम हो गया है।

12 साल में 8467 करोड़ की रकम की जमा

तिरुपति ट्रस्ट ने 2013 से 2024 के बीच 8467 करोड़ रुपये की रकम जमा की है। यह देश के किसी भी मंदिर ट्रस्ट के लिए सबसे ज्यादा है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13,287 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा मंदिर ट्रस्ट की ओर से संचालित कई ट्रस्ट जिसमें श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नप्रसादम ट्रस्ट, श्री वेंकटेश्वर प्राणदानम ट्रस्ट आदि है, जिन्हें भक्तों से पर्याप्त दान मिलता है। उनकी करीब 5529 करोड़ रुपये की फिक्स डिपॉजिट हो गई है।

पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घटी

साल दर साल तिरुपति ट्रस्ट की फिक्स डिपॉजिट में बढ़ोतरी हो रही है। 2013 में 608 करोड़, 2014 में 970 करोड़, 2015 में 961 करोड़, 2016 में 1153 करोड़, 2017 में 774 करोड़, 2018 में 501 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले 12 सालों में पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घट गई थी। 2019 में 285 करोड़, 2020 में 753 करोड़, 2021 में 270 करोड़, 2022 में 274 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले साल ट्रस्ट ने 757 करोड़ की एफडी कराई थी।

यहां बालों का किया जाता है दान

मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दु:ख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। इसलिए यहां अपनी सभी बुराइयों और पापों के रूप में लोग अपने बाल छोड़ जाते हैं। और मंदिरों में भगवान को चढ़ाया गया तुलसी पत्र बाद में प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाता है।

यूएन में भारत बोला- पाक आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

कंबोज बोलीं- चुनौतियों का सामना करने के लिए सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड निराशाजनक

वाशिंगटन,एजेंसी

भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गईं रोक एक प्रकार का 'छिपा हुआ वीटो' है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को यह बात कही। रुचिरा कंबोज ने एक बयान में कहा, किसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है।

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना' प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया। उसने इस काम को अपनी समितियों की तदर्थ कार्य पद्धतियों के माध्यम से छिपाने का प्रयास किया है जो उसकी तरफ से काम तो करती है किंतु उसकी जवाबदेही बहुत कम है। दो साल पहले, संयुक्त राष्ट्र महासभा में संकल्प 76/262 को अपनाया गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 193 सदस्यीय महासभा के अध्यक्ष 15 देशों की सुरक्षा परिषद के एक या अधिक स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो करने के 10 दिनों के भीतर एक औपचारिक बैठक बुलाएंगे। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव में परिषद के कामकाज के तरीकों की अपारदर्शिता को संबोधित करने और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करने वाली भावना का स्वागत है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों के महत्व को पहचानते हुए, हम चाहेंगे कि इन प्रयासों को इस तरह से किया जाए जिससे उंगली उठाने के बजाय आम सहमति बनाने का माहौल बने। बता दें, सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य की हैसियत से चीन मसूद अजहर पर प्रतिबंध संबंधी भारत के प्रस्ताव को लगातार रोक रहा है। इस तरह के प्रस्ताव अल कायदा प्रतिबंध कमेटी में रखे जाते हैं, जो सुरक्षा परिषद का सहायक संगठन है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि सुरक्षा परिषद के कार्यो को किस तरह से वीटो के जरिये निष्प्रभावी किया जाता है।

चीन ने आतंकियों पर प्रतिबंध के लिए लगाई है रोक

रुचिरा कंबोज ने कहा, हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और रोक और अवरोध लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कंबोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।

ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख की ठगी

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुछ व्यक्तियों पर ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, चक 23 बीबी निवासी हरजिंदर सिंह द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर कपिल शर्मा (28) निवासी चक 7-ईईए, उमेश (36) निवासी चक 2-आरबी तहसील पदमपुर, सुखविंदर सिंह (30) और सतनाम सिंह(30) निवासी चक 6-जेकेएम तहसील रायसिंहनगर हरविंदर सिंह (36) निवासी चक 6-पी तहसील अनूपगढ़ और सुमीर (40) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा-मामले में आगे की जांच की जा रही है।

हाईकोर्ट के फैसले को ममता की सुप्रीम चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- शिक्षक भर्ती रद मामले के 2 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार

शिक्षक भर्ती मामले में बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। यह मामला साल 2016 में की गई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की लगभग 24,000 नियुक्तियों को रद करने के फैसले से जुड़ा है। नियुक्तियों को रद करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीते सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद कर दी थी। इस मामले में 23,753 नौकरियां रद्द करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद इन सभी शिक्षकों को चार हफ्ते में वेतन भी वापस करना होगा। इन सभी टीचर्स को ब्याज के साथ ये वापस लौटाना होगा। वहीं मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने 2016 के स्कूल नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए 23 अप्रैल तक का समय दिया था। लेकिन मुख्य सचिव ने अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया। इस बात से नाराज हाईकोर्ट ने कहा था अगली बार यदि मुख्य सचिव ने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय-अमेरिकी भाविनी पटेल डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव हारीं

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी भाविनी पटेल मंगलवार रात पेनसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी में हार गईं। मौजूदा सांसद समर ली को 12वें 'कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट' पेनसिल्वेनिया की प्राइमरी में विजेता घोषित किया गया। ली को 59 प्रतिशत वोट मिले, वहीं पटेल को 41 प्रतिशत वोट से संतोष करना पड़ा। बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने उम्मीद के अनुरूप 'प्राइमरी' चुनाव जीते। बाइडन को डेमोक्रेट्स से 94 फीसदी वोट मिले। पटेल बाइडन की समर्थक हैं, जबकि ली राष्ट्रपति की मुखर आलोचक हैं और उन्होंने इजराइल के खिलाफ समर्थन किया है। चुनाव परिणाम आने के बाद पिट्सबर्ग पोस्ट-गज़ेट ने कहा, मंगलवार की उनकी (पटेल) हार यह दिखाती है कि ली जैसी प्रगतिशील उम्मीदवार अब भी पिट्सबर्ग पर अपना वर्चस्व कायम कर सकती हैं...।

तेल के बिना भी यूएई-भारत का व्यापार 100 अरब पहुंचने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। उन्होंने बताया है कि, यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लागू किया था। अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही। दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जों और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसे सीआईआई के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। यह भारतीय उद्यमों के लिए यूएई के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने के लिए नए मार्ग तथा अवसर तलाशने के एक मंच के रूप में काम करता है।

एक नजर

चीन का अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ आज होगा प्रक्षेपित

जिउक्वान। उत्तर पश्चिमी चीन में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 चालक दल के साथ गुरुवार को प्रक्षेपित किया जाएगा। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। सीएमएसए के उप निदेशक लिन जिकियांग ने कहा कि अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 अंतरिक्ष उड़ान मिशन को पूरा करने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा। शेनझोउ-18 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 32वां उड़ान मिशन है और चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास चरण के दौरान तीसरा मानवयुक्त मिशन है।

अमेरिका में मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोगों की मौत

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के अलास्का प्रांत में डगलस डीसी-4 मालवाहक विमानदुर्घटना ग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स की जानकारी के मुताबिक विमान ने फेयरबैंक्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी और करीब 11 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी से टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। विमान में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के अलास्का क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख विलंट जॉनसन ने बताया कि बचाव और जांच टीम को मौके पर भेजा गया है ताकि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

इंडोनेशिया के प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति किया घोषित

जकार्ता। इंडोनेशियाई निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एक समारोह में औपचारिक रूप से प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित किया। चुनावों में सुबियांतो की शानदार जीत को चुनौती देते हुए हारे हुए उम्मीदवारों ने देश के उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत द्वारा अपील खारिज किए जाने के बाद आयोग ने सुबियांतो को राष्ट्रपति घोषित किया। इंडोनेशिया के मौजूदा रक्षा मंत्री सुबियांतो ने 58.6 प्रतिशत मत या 9.6 करोड़ से अधिक मतपत्रों के साथ चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी, जो अन्य दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राप्त मत की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। सुबियांतो के चुनावी प्रतिद्वंद्वियों ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सरकार के व्यापक हस्तक्षेप का आरोप लगाया। अधिकारियों ने देश के निर्वाचन आयोग परिसर की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया था।

तेज हवा से गिरा निर्माणाधीन पुल

हैदराबाद : हैदराबाद के पेदापल्ली जिले में निर्माणाधीन पुल अचानक गिर गया। एक किमी लंबे इस पुल का काम 2016 से चल रहा था। यह पुल ओदेदू को गर्मिलापल्ली गांव से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि रात में तेज हवा की वजह से पुल के दो गार्डर ढह गए। ● एजेंसी

नवलनी की मौत पर मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाला पादरी निलंबित

मॉस्को। रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाले पादरी को आर्थोडॉक्स चर्च प्रमुख ने तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। राजनेता की मौत के 40 दिन पूरे होने के अवसर पर दिमित्री सफ्रोनोव ने 26 मार्च को मॉस्को में नवलनी की कब्र पर एक मेमोरियल सेवा आयोजित की थी।

इस आयोजन को रूसी परंपरा में महत्वपूर्ण माना जाता है। मॉस्को डायोसीज वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक आदेश में सफ्रोनोव को सार्वजनिक रूप से पादरी के पद से हटाकर अन्य पद दे दिया गया है। उन्हें राजधानी के एक अन्य चर्च में स्थानांतरित भी कर दिया गया। अगले तीन वर्षों के लिए धार्मिक परिधान पहनने का अधिकार भी छीन लिया गया है।

ईरान से व्यापार पर पाकिस्तान को नसीहत

- इशारों में पड़ोसी देश को अमेरिका ने चेताया, प्रतिबंधों से सजग रहे पाक

वाशिंगटन, एजेंसी

तीन दिवसीय यात्रा संपन्न होने के बाद ईरानी राष्ट्रपति का आभार जताते शहबाज।

अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार करने वाले को अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में पता होना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही।

यात्रा के दौरान पाकिस्तान और ईरान ने आठ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए और द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी की इस्लामाबाद यात्रा आठ फरवरी के आम चुनाव के बाद किसी राष्ट्र प्रमुख की पहली यात्रा थी। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, ईरानी राष्ट्रपति ने अपने समकक्ष आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी आदि से मुलाकात की। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

विज्ञान खगोलविदों ने किया खुलासा, हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत देती है यह खोज

ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने ठंडे भूरे बौने (ब्रॉउन ड्वार्फ) पर मीथेन की अप्रत्याशित खोज की है। यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए हुई है। इस ब्रॉउन ड्वार्फ का तापमान 400 डिग्री फ़ारेनहाइट है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत मिलता है। ब्रॉउन ड्वार्फ ब्रह्मांड के वह पिंड हैं, जो न तो तारे बन पाते हैं और ना ही ग्रह। इन्हें तारे व ग्रह के बीच के पिंड कह सकते हैं। ब्रह्मांड में इनकी भी बड़ी संख्या है। पहले माना जाता था कि इनकी संख्या सीमित है। मगर वास्तव में ऐसा बिलकुल नही है। पिछले करीब दो दशक से ब्रॉउन ड्वार्फ के शोध में तेजी आई है। जिस कारण इनके बारे में जानकारी का लगातार विस्तार हो रहा है। नई खोज न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि ब्रह्मांड में ब्रॉउन ड्वार्फ में जीवन होने का इशारा भी करती है। शोध में निष्कर्षों से पता चलता है कि यह भूरा बौना हमारे अपने ग्रह के साथ-साथ बृहस्पति और शनि की तरह ध्रुवीय रोशनी उत्पन्न कर सकता है। ब्रॉउन ड्वार्फ आकार में ग्रहों से अधिक विशाल और तारों से हल्के व छोटे होते हैं। हमारे सौर मंडल के पड़ोस में फैले हुए हैं। अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के वैज्ञानिक जैकी फाहर्टी के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने 12 भूरे बौनों की जेम्स वेब टेलेस्कोप से जांच पड़ताल की। जिसमें सी डब्लू आई एस ई पी जे 193518.59-154620.3 ब्रॉउन ड्वार्फ कुछ अलग नजर आया। इसका शार्ट नाम डब्लू 1935 है। यह ब्रॉउन ड्वार्फ हमसे - 47 प्रकाश वर्ष दूर है। यह अन्य ब्रॉउन ड्वार्फ की तुलना में ठंडा है। इसके द्रव्यमान अभी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हो पाया है, लेकिन संभवतः यह बृहस्पति के द्रव्यमान के 6-35 गुना के बीच हो सकता है।

ब्रॉउन ड्वार्फ की तस्वीर।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से हुई यह खोज

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के विकसित होने के बाद ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक खोज होने लगी है। इस दूरबीन के जरिए सैंकड़ो खोज हो चुकी हैं। हर खोज में कुछ नया देखने को मिलता है। साथ ही खगोल विज्ञान को दिशा देने व आगे बढ़ाने में जेम्स अभी तक मील का पत्थर साबित हुई है।

युवाओं को जॉब के लिए नौ साल पुराना करियर पोर्टल 6 महीने में होगा लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार का लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक साथ प्लेटफॉर्म पर लाने का उद्देश्य

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने नौ साल पुराने नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाना और भविष्य की वर्कफोर्स तैयार करना है। एनसीएस 2.0 के अपग्रेडेशन पर काम कर रहा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पोर्टल को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद लेगा।

एनसीएस 2.0 पोर्टल लॉन्च होने में छह से नौ महीने लग सकते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अधिकारी जानकारी देते हुए बताया है कि, नए वर्जन में राज्यों व जिलों की माइक्रो- साइट होगी। जिले, राज्य और देश का सेंट्रलाइज आंकड़ा एक ही पोर्टल पर होगा।

टीमलीज सर्विसेज की को-फाउंडर रितुपर्णा चक्रवर्ती ने इस फैसले का स्वागत किया है। गौरतलब है कि 2023-24 में एनसीएस के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा रिक्तियां लाई गई, जो पिछले वित्त वर्ष (35 लाख) से 3 गुना हैं। वित्त वर्ष 2024 में इस पोर्टल पर 25 से 26 लाख नियोक्ता मौजूद हैं।

50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा

एनसीएस नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं, करियर काउंसलर, प्लेसमेंट संगठनों, सरकारी विभागों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाएगा। अभी एनसीएस 50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा है। इनमें एमएसएमई के लिए उद्यम पोर्टल, ईपीएफओ, ईएसआईसी, ई-श्रम, टीमलीज, मॉन्स्टर डॉट कॉम जैसे पोर्टल के साथ कई अन्य संस्थान शामिल हैं। फिलहाल 22 राज्यों के जॉब पोर्टल एनसीएस के साथ जुड़े हैं और सात राज्य सीधे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।